लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
माघ शुक्ल पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 34, अंक 24, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, रविवार, 18 फरवरी 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पौष्टिक गुणों से भरपूर अमरूद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम** 26.0° अधिकतम तापमान | 14.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल, बारिश की संभावना, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 44 | सूर्यास्त 18 : 02



घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश......15

# गुलजार और रामभद्राचार्य को मिलेगा ज्ञानपीठ पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- चयन समिति ने किया 58वें पुरस्कार की घोषणा


रामभद्राचार्य


गुलजार

प्रसिद्ध उर्दू कवि गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। ज्ञानपीठ चयन समिति ने शनिवार को यह घोषणा की। गुलजार हिंदी सिनेमा में अपने कार्य के लिए पहचाने जाते हैं और वर्तमान समय के बेहतरीन उर्दू कवियों में शुमार हैं। उन्हें उर्दू में कार्य के लिए 2002 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण और कम से कम पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं। चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख रामभद्राचार्य एक प्रसिद्ध हिंदू आध्यात्मिक गुरु, शिक्षक और 100 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं। 2023 के लिए दो भाषाओं के प्रतिष्ठित लेखकों को देने का निर्णय लिया गया है

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 : कल 14 हजार परियोजनाएं उतरेंगी जमीन पर

## 34 लाख रोजगार की नींव होगी पक्की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : राजधानी लखनऊ देश-दुनिया के दिग्गज निवेशकों, नामी-गिरामी हस्तियों का स्वागत करने को पलक-पांवड़े बिछा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देशी-विदेशी आगंतुकों की मेहमाननवाजी का एक और भव्य उदाहरण इतिहास में दर्ज होने को है। 19-21 फरवरी के बीच इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 (जीबीसी-4) के विविध आयोजन होने हैं। इसमें दुनिया भर के तीन

## 10 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे दुनियाभर के तीन हजार प्रतिभागी


इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री।

- प्रधानमंत्री के साथ शामिल होंगे जाने-माने उद्योगपति, 500 कंपनियां, बरेली से 99 निवेशक

हजार से अधिक प्रतिभागी 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे। अकेले बरेली से 99 निवेशकों को न्योता दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगुवाई में तमाम वीआईपी यहां मौजूद होंगे। इनमें जाने-माने उद्योगपति, देशी-विदेशी 500 कंपनियों के प्रतिनिधि, विदेशी निवेशक भागीदार ही नहीं राजदूत, उच्चायुक्त और अन्य प्रतिष्ठित अतिथि शामिल रहेंगे। इस आयोजन से 34 लाख रोजगार के अवसरों के लिए नींव मजबूत की जाएगी। साथ ही 14,000 से अधिक परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। इनमें अयोध्या समेत पूर्वांचल, पश्चिमांचल और बुंदेलखंड की तमाम परियोजनाएं होंगी। दरअसल, पिछले साल 10 से 12 फरवरी के बीच यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का भव्य आयोजन हुआ था। इसके मात्र एक साल के अंदर राज्य सरकार 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश को धरातल पर उतारने जा रही है।

## मुख्यमंत्री योगी ने परखीं कार्यक्रम की तैयारियां

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को जीबीसी-4 को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इंदिर गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से आयोजन को लेकर हो रही तैयारियों के बाबत जानकारी ली और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य विशिष्ट मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य हाल और वहां बने मंच का निरीक्षण भी किया।

## उप्र. इंटरनेशनल फिल्म सिटी की पहली झलक दिखेगी

**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के आयोजन में प्रदेशवासी पहली बार जेवर में बनने जा रही उप्र. की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी की झलक देख सकेंगे। भविष्य में फिल्ममेकर्स को एक ही छत के नीचे फिल्म निर्माण का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाना है। यहां एकसाथ 30 से अधिक फिल्मों की शूटिंग संभव हो सकेगी। फिल्म सिटी की बिड प्राप्त करने वाली बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स और भूटानी ग्रुप ही इस स्टॉल पर फिल्म सिटी की रेप्लिका को डिजाइन कर रही है। पहली झलक में अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर से लेकर केदारनाथ और लंदन से लेकर कनाडा की प्राइम लोकेशंस तक के सेट को प्रदर्शित किया जाएगा।




# पुलिस भर्ती में 25 जिलों से सेंधमारी 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार

## गुरुवार से शनिवार तक कार्रवाई में मुखबिर और बायोमेट्रिक फिंगर प्रिंट से मिली मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा, पुलिस भर्ती को बेदाग संपन्न कराने में एसटीएफ और पुलिस महकमा कई दिनों से सक्रिय है। वहीं दूसरी और सॉल्वर गैंग और फर्जी प्रश्न-पत्र बेचने वाले जालसाज भी अपने स्तर से सेंधमारी में लगे हैं। शह-मात के इस खेल में फिलहाल एसटीएफ और जिला पुलिस कामयाब हैं।

शनिवार और रविवार को होने वाली सीधी भर्ती की इस परीक्षा में 15 से 17 फरवरी को शाम साढ़े चार बजे तक 24 जिलों में कुल 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार किए गए हैं। तकरीबन डेढ़ सौ से अधिक एडमिट कार्ड भी बरामद होने की खबर है। पहले दिन डीजीपी प्रशांत कुमार ने खुद लखनऊ में इंतजाम का जायजा लिया।

एसटीएफ और जिला पुलिस की तीन दिन की इस कार्रवाई में एक तरफ जहां मुखबिरों ने मदद की, वहीं दूसरी ओर शनिवार को परीक्षा केंद्र के भीतर जाने के दौरान फेस रिकग्निशन और बायोमैट्रिक फ्रिंगर प्रिंट ने सॉल्वरों को बेनकाब किया। गोरखपुर में प्रथम पाली की परीक्षा में इस्लामिया कालेज ऑफ कामर्स बख्शीपुर केंद्र पर दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे अंजनी कुमार को पकड़ा गया। नेवादा बिहार का रहने वाला यह सॉल्वर रेलवे में स्टेशन मास्टर है। वह चिलुआताल निवासी दुर्गेश यादव की जगह पर परीक्षा दे रहा था।

- एसटीएफ और जिला पुलिस की कार्रवाई में डेढ़ सौ से अधिक एडमिट कार्ड भी बरामद

प्रयागराज के झूंसी क्षेत्र में शनिवार को सॉल्वर गिरोह के पांच सदस्यों समेत नौ पकड़े गए, जबकि एसटीएफ ने पेपर लीक करने में कैंट से छह को गिरफ्तार किया है। आरोपियो के पास से ब्लूटूथ डिवाइस के साथ सिमकार्ड रीडर भी मिला। कौशांबी जिले में तीन पकड़े गए हैं। उनके पास से नौ लाख रुपये, लैपटाप, आईकार्ड और फर्जी प्रवेश पत्र बरामद किया गया है। कानपुर में एसटीएफ और कल्याणपुर पुलिस ने पेपर लीक करने व वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर सॉल्वर को बैठाने वाले गिरोह के चार लोगों को अजय अतिरेक कटियार, वीरपाल सिंह, अनिल कुमार कटियार और नीरज कुमार को पकड़ा। लखनऊ के इंदिरानगर से कुलदीप वर्मा को धरा गया है। सिद्धार्थनगर से भी 9 सॉल्वर पकड़े गए हैं। इसमें ज्यादातर बिहार के रहने वाले हैं।

इसी तरह नूरपुर रोड स्थित रूट्स इंटरनेशन कॉलेज परीक्षा केंद्र में शनिवार सुबह प्रथम पाली में परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देने आया सॉल्वर अभिनव उर्फ आलोक को पकड़ा गया। आरोपी बिहार का रहने वाला है। वह शिवाला कलां क्षेत्र के रहने वाले आशीष के स्थान पर परीक्षा देने आया था। गाजियाबाद में परीक्षा में ब्लूटूथ का प्रयोग कर नकल कराने वाले गिरोह के चार लोगों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया।

### 10 लाख रुपये में लिया परीक्षा पास कराने का ठेका, बरेली से चार गिरफ्तार

10 लाख रुपये में पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने का ठेका लेने वाले साल्वर गिरोह के सरगना समेत चार लोगों को एसटीएफ ने बरेली के भमोरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आगरा में पुलिस ने पहली पाली की परीक्षा के बाद 11 सॉल्वर पकड़े। इनमें दो पुलिसकर्मी हैं। इनकी बायोमेट्रिक मैच नहीं हुई। हाथरस में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पेपर लीक कर परीक्षार्थियों को पढ़वाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। तीनों के पास से पुलिस भर्ती के 46 और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के 36 प्रवेश पत्र बरामद किए गए।

## देवर ने भाभी का गला रेतकर उतारा मौत के घाट, खुद पहुंचा थाने



**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला की उसके देवर ने शनिवार सुबह चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। महिला की तीन महीने पहले दूसरी शादी हुई थी। उसने अपने पहले पति को छोड़कर उसके दोस्त से शादी की थी। हत्यारोपी देवर का कहना है कि भाभी ने काफी बेइज्जती करा दी थी, इसलिए उसे मौत के घाट उतार दिया।

थाना कटघर क्षेत्र में करुला गली नंबर-7 शफीनगर में रहने वाली फरहीन (28) की शनिवार सुबह लगभग छह बजे उसके देवर गुलफाम ने गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के समय महिला और उसके दो छोटे बच्चे घर पर थे।

जबकि पति काम पर गया था। इसी बीच देवर गुलफाम घर में घुसा और फरहीन के गले और पेट पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करने के बाद गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद गुलफाम मौके से भाग गया और चाकू लेकर कटघर थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

# कमलनाथ के भाजपा में जाने की अटकलें

नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी

- पुत्र एवं सांसद नकुलनाथ ने 'एक्स' पर अपने परिचय से हटाया कांग्रेस



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों को शनिवार को उस वक्त बल मिला जब उन्होंने कहा कि अगर ऐसी कोई बात होगी, तो वह इसकी जानकारी पहले मीडिया को देंगे। दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश से संबंधित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कमलनाथ के भाजपा के साथ जाने की अटकलों को खारिज कर दिया और कहा कि उनका पार्टी एवं गांधी-नेहरू परिवार से कई दशक पुराना रिश्ता है। कमलनाथ के भाजपा के साथ जाने की अटकलों के बीच उनके पुत्र एवं सांसद नकुलनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने परिचय से कांग्रेस हटा दिया। 'एक्स' पर नकुलनाथ के परिचय में अब सिर्फ इतना लिखा है कि वह छिंदवाड़ा के सांसद हैं। राजनीति कयासों के बीच कमलनाथ शनिवार को दिल्ली पहुंचे। पिछले कुछ दिनों से छिंदवाड़ा के दौरे पर थे, जहां से वह नौ बार सांसद रहे हैं। उनके पुत्र नकुलनाथ वर्ष 2019 में इस सीट से निर्वाचित हुए।

दिल्ली पहुंचने के बाद कमलनाथ ने भाजपा में शामिल होने की अटकलों से जुड़े सवालों पर संवाददाताओं से कहा कि आप लोग बहुत उत्साहित हो रहे हैं।

### दिग्विजय ने बताया मीडिया की उपज

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने इन अटकलों को खारिज किया और इन बातों को मीडिया की उपज करार दिया। कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर दिग्विजय सिंह ने जबलपुर में संवाददाताओं से कहा कि मैंने कल रात साढ़े 10 या 11 बजे कमलनाथ से बात की, वह छिंदवाड़ा में हैं। सिंह ने कहा कि एक व्यक्ति जिसने अपनी राजनीतिक यात्रा कांग्रेस से शुरू की और जब इंदिरा गांधी को जनता पार्टी द्वारा जेल भेजा गया तो वह नेहरू-गांधी परिवार के साथ खड़े थे ।

## एक नजर

### गर्भवती से सामूहिक दुष्कर्म के बाद किया आग के हवाले

**मुरैना (मप्र)।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में 34 वर्षीय एक गर्भवती महिला से तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया और फिर उसे आग लगा दी। पीड़िता अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 80 फीसदी झुलसी पीड़िता का ग्वालियर में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार को अंबाह कस्बे से करीब तीन किलोमीटर दूर चांद का पुरा गांव में हुई। अंबाह थाने के पुलिस निरीक्षक आलोक परिहार ने बताया कि पीड़िता एक महिला के साथ समझौता करने के लिए गांव गई थी।

### मणिपुर में गोलीबारी में बीएसएफ का जवान घायल

**इंफाल।** मणिपुर के काकचिंग जिले में शनिवार को हुई गोलीबारी में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि घायल हेड कांस्टेबल सोम दत्त (45) हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि सुगनू गांव में गोली लगने से दत्त घायल हो गए और उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने कहा कि सुगनू में पिछले तीन दिन से हथियारबंद लोग लगातार हमले कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार रात पहाड़ी इलाकों से गोलीबारी की।

### कबाड़ माफिया रवि काना की पत्नी को जेल भेजा

**नोएडा।** सामूहिक दुष्कर्म और गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे कुख्यात कबाड़ माफिया रवि नागर ऊर्फ रवि काना की पत्नी मधु नागर को शनिवार को गौतम बुद्ध नगर की अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मधु नागर को शुक्रवार को दिल्ली हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उसे जनपद गौतम बुद्ध नगर न्यायालय में पेश किया वहां से अदालत ने उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# इनसैट-3डीएस कक्षा में स्थापित

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

- मौसम और प्राकृतिक आपदा की चेतावनी देने में सक्षम

**19 मिनट** की उड़ान के बाद कक्षा में पहुंचा

**27.5 घंटे** की उलटी गिनती के बाद प्रक्षेपण

**51.7 मी.** लंबे जीएसएलवी का 16वां मिशन



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक महत्वपूर्ण मिशन के तहत श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से मौसम उपग्रह इनसैट- 3डीएस का शनिवार को प्रक्षेपण किया। 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित हो गया। इसरो ने बताया कि 27.5 घंटे की उलटी गिनती के बाद, 420 टन वजनी और 51.7 मीटर लंबे जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी)-एफ14 रॉकेट ने इनसैट-3डीएस को लेकर शाम 5:35 बजे दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरी। 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह अपनी वांछित कक्षा में स्थापित हो गया।

इनसेट-3डीएस भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किए जाने वाले तीसरी पीढ़ी के मौसम उपग्रह का मिशन है। इसे मौसम का अवलोकन करने, भविष्यवाणी और आपदा चेतावनी के लिए भूमि और महासागर सतहों की निगरानी करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस उपग्रह से वर्तमान में संचालित इनसैट-3डी और इनसैट-3डीआर उपग्रहों के साथ मौसम संबंधी सेवाओं में वृद्धि होगी। इसरो के मुताबिक, जीएसएलवी रॉकेट से यह 16वां मिशन है। इससे पहले 15 मिशनों को अंजाम दिया जा चुका है।

## 'दंगल' की बाल कलाकार सुहानी भटनागर का निधन



**फरीदाबाद/नई दिल्ली।** अभिनेता आमिर खान अभिनीत प्रख्यात हिंदी फिल्म 'दंगल' में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर का 19 साल की उम्र में निधन हो गया। सुहानी के एक संबंधी ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए शनिवार को बताया कि उन्होंने शुक्रवार शाम को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतिम सांस ली। परिवार के करीबियों ने उनकी मौत को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी।

# लोस चुनाव में विकास केंद्रित होगा भाजपा का अभियान

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रचार अभियान विकास, गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों और दुनियाभर में बढ़े देश के कद के इर्दगिर्द केंद्रित करने का आह्वान किया और कहा कि 370 सीट पर कमल खिलाकर पार्टी इस जीत को अपने विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को समर्पित करेगी। यहां भारत मंडपम में राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पहले हुई भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष इस चुनाव में अनावश्यक और भावनात्मक मुद्दों को उठाएगा, लेकिन पार्टी को अपने मुद्दों पर ही अडिग रहना है और तैयारियों में जी-जान से जुट जाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता को अगले 100 दिनों तक मतदान केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और 2019 की तुलना में प्रत्येक मतदान केंद्र पर पार्टी के लिए कम से कम 370 अधिक वोट सुनिश्चित करने चाहिए।

- राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पूर्व पदाधिकारियों को किया संबोधित
- प्रधानमंत्री बोले-370 सीट पर जीत श्यामा प्रसाद को समर्पित करेंगे

अगले सौ दिनों में लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाने की संभावना है। बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में 370 सीट जीतनी हैं। मोदी ने कहा कि पार्टी के लिए 370 केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि एक भावना है।

### राजग के उम्मीदवारों का चुनाव चिह्न कमल होगा

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि प्रधानमंत्री ने बैठक में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों को लेकर कहा कि सभी 543 सीट पर भाजपा का चुनाव चिह्न 'कमल' का फूल होगा। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री ने आगामी चुनाव में हर बूथ पर पिछले चुनाव के मुकाबले 370 अधिक वोट हासिल करने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं के लिए निर्धारित किया है।

## गंगा बैराज मार्ग पर हुआ हादसा

# स्टंट कर रहे कार सवार नाबालिग ने दवा कारोबारी को कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार** : नवाबगंज थानाक्षेत्र में शनिवार सुबह बिठूर मार्ग पर दोस्त के साथ स्टंट कर रहे नाबालिग कार सवार ने साइकिलिंग कर रहे दवा कारोबारी को कुचल दिया जिससे कारोबारी की मौके पर ही मौत हो गई। बेकाबू कार गंगा बैराज मार्ग के किनारे बनी दीवार से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। भाग रहे नाबालिग और उसके दोस्त को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइंस में ग्रीन पार्क के पीछे गुजरात अपार्टमेंट में रहने वाले निकेश तलाटी (63) का बिरहाना रोड दवा मार्केट में तलाटी ब्रदर्स के नाम से दवाओं का होलसेल कारोबार है। छोटे भाई आशीष तलाटी ने बताया कि निकेश रोज की तरह शनिवार सुबह सात बजे दो दोस्तों अमरदीप और रवि शास्त्री के साथ स्पोर्ट्स साइकिल से साइकिलिंग करते हुए गंगा बैराज मार्ग होते हुए बिठूर स्थित साईं मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार स्टंट करते हुए चली आ रही थी। अचानक अनियंत्रित हुई कार दवा कारोबारी को रौंदते हुए दीवार से जाकर टकरा गई। कारोबारी गंभीर रूप से लहूलुहान होकर अचेत हो गए। कारोबारी के पीछे साइकिलिंग करते आ दोस्त रवि शास्त्री ने उधर से गुजर रहे एक कार सवार को रुकवाया और कारोबारी को सर्वोदय नगर के निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# किसान बोले, एमएसपी पर अध्यादेश लाए सरकार

चंडीगढ़, एजेंसी


पटियाला जिले की शंभू सीमा पर दिल्ली कूच के लिए डटे किसान।

- दिल्ली कूच को शंभू सीमा पर डटे हरियाणा में निकाला ट्रैक्टर मार्च
- पंजाब में भाजपा नेताओं के घर पर धरना, टोल वसूली का किया विरोध

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने केन्द्र सरकार से शनिवार को मांग की कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के लिए अध्यादेश लाए। किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू तथा खनौरी में डटे हुए हैं और एमएसपी की कानूनी गारंटी दिया जाना उनकी मुख्य मांग है। किसान नेता पंधेर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब किसान नेता और केन्द्रीय मंत्रियों के बीच कल रविवार को चौथे दौर की वार्ता होनी है। पंधेर ने कहा कि केन्द्र के पास राजनीतिक निर्णय लेने का अधिकार है। उन्होंने सीमा पर संवाददाताओं से कहा कि अगर केन्द्र सरकार चाहे तो वह रातोंरात अध्यादेश ला सकती है। अगर सरकार किसानों के आंदोलन का कोई समाधान चाहती है तो उसे यह अध्यादेश लाना चाहिए कि वह एमएसपी पर कानून लागू करेगी, तब बातचीत आगे बढ़ सकती है। दूसरी ओर अपनी मांगों को लेकर किसानों ने पंजाब के कई जिलों में धरना-प्रदर्शन किया और टोल नहीं दिया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के सदस्यों ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के आवास पर धरना दिया। हरियाणा में किसानों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए जींद सहित कई जिलों में ट्रैक्टर मार्च निकाला और केंद्र सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई

पंधेर ने कहा कि जहां तक तौर तरीकों की बात है तो कोई भी अध्यादेश छह माह तक वैध होता है। उन्होंने कहा कि जहां तक स्वामीनाथन आयोग की अनुशंसा के अनुरूप सी2 प्लस 50 प्रतिशत की मांग है सरकार ए2 प्लस एफएल फॉर्मूले के अनुसार कीमत दे रही है और उसी फॉर्मूले के तहत अध्यादेश लाया जा सकता है। कृषि ऋण माफी के मुद्दे पर पंधेर ने कहा कि सरकार कह रही है कि ऋण राशि का आकलन करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस संबंध में बैंकों से आंकड़े एकत्र कर सकती है। यह इच्छाशक्ति की बात है। पंधेर ने कहा कि वे (केन्द्र) कह रहे हैं कि इस पर राज्यों से चर्चा करनी होगी। आप राज्यों को छोड़िए। आप केवल केन्द्र और राष्ट्रीकृत बैंकों की बात करिए और इस पर निर्णय कीजिए कि किसानों के कर्ज कैसे माफ करने हैं।

## एक नजर

### केजीएमयू में जल्द शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय( केजीएमयू) में मरीजों को जल्द ही रोबोटिक सर्जरी की की सुविधा मिलने लगेगी। प्रदेश में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराने वाला दूसरा सरकारी संस्थान बन जायेगा। इसके लिए जल्द ही रोबोटिक सर्जरी के प्रशिक्षिण के लिए डॉक्टरों को भेजा जायेगा।केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने शनिवार को बताया कि रोबोटिक सर्जरी की मांग बढ़ी है, इसमें जटिल सर्जरी भी सटीक संपन्न होती है। अन्य तकनीक की अपेक्षा रोबोटिक सर्जरी सस्ती भी होती है। केजीएमयू में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप( पीपीपी) मॉडल पर रोबोट यूनिट संचालित होगी। इसमें लंबा चीरा न लगने की वजह से खून का श्राव कम होता है और मरीज कम दवाओं का सेवन कर जल्द ही घर पहुंच जाता है और अपेँक्षाकृत शीघ्र ही दैनिक दिनचर्या शुरू कर सकता है। उन्होंने बताया कि रोबोटिक यूनिट में गेस्ट्रो, एंडोक्राइन, यूरो व जनरल सर्जरी विभाग के मरीजों की सर्जरी संपन्न होंगी।

### चौधरी चरण सिंह को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**अमृत विचार, लखनऊ।** रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह ने 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की जन्मस्थली हापुड के नूरपुर में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया, और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और 'भारत रत्न' से सम्मानित किये जाने की ख़ुशी मनाई। रालोद के प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि चौधरी साहब की जन्मस्थली में भारत रत्न मिलने के बाद से दिवाली जैसा माहौल है।

# परंपरागत खेती के साथ औद्यानिक फसलों को भी बढ़ाना आवश्यक

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने की 55वीं प्रादेशिक फल शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी की शुरुआत



आयोजित प्रदर्शनी में फल के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी।



प्रदर्शित की गईं शाकभाजी को देखती महिला व बच्चा। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राजभवन में आयोजित प्रदर्शनी में राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया स्मारिका का विमोचन

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के पास भारत की कुल कृषि योग्य भूमि का मात्र 11 फीसदी है, लेकिन देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन का 20 फीसदी से अधिक शेयर अपने राज्य का है। उप्र. के अंदर किसान औद्यानिक फसलों के लिए मात्र 10 फीसदी कृषि योग्य भूमि का ही उपयोग करते हैं, जबकि 10 फीसदी भूमि में कृषि की कुल जीडीपी में 24 फीसदी शेयर औद्यानिक फसलों के माध्यम से किसानों व प्रदेश को प्राप्त होता है। यह दिखाता है कि किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाना है तो परंपरागत खेती के साथ ही औद्यानिक फसलों को बढ़ाना होगा।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। शनिवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ उन्होंने राजभवन में 55वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 की शुरुआत की।

### किसानों का किया गया सम्मान

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रगतिशील कृषकों का सम्मान भी किया। सम्मान पाने वाले किसानों में रायबरेली के विष्णुदत्त पांडेय, पीलीभीत के आयुष अग्रवाल, कन्नौज के विजेंद्र सिंह, मीरजापुर के रामजी दुबे, सहारनपुर की उषा उपाध्याय, बुलंदशहर के अनंत पोद्दार, चंदौली के बलवंत प्रसाद, आजमगढ़ के श्रीप्रकाश सिंह, प्रयागराज के इंद्रजीत पटेल आदि प्रमुख रहे।

इसके बाद राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी देखी। यह प्रदर्शनी तीन दिनों (17 से 19 फरवरी) तक चलेगी। योगी ने यहां विभागीय अधिकारियों व किसानों से फलों-सब्जियों के बारे में जानकारी ली और इसके आयात-निर्यात के बारे में भी पूछा। राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने स्मारिका का विमोचन भी किया।

इस मौके पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# 16 विभागों ने साधा शत प्रतिशत लक्ष्य

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) में राज्य सरकार जो 10 लाख करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाओं को शुरु करने जा रही है, उसमें सरकार के 37 विभागों का योगदान है। इन 37 में 16 विभाग ऐसे हैं जिन्होंने निर्धारित लक्ष्य का शत प्रतिशत या उससे अधिक हासिल किया है। इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग निर्धारित लक्ष्य का 88 प्रतिशत निवेश जमीन पर उतरेगा तो वहीं राशि के मामले में यूपीसीडा के अंतर्गत सर्वाधिक 1.5 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाएं अमली जामा पहनेंगी।

अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग की करीब 1.42 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं की भी शुरुआत होगी। इस तरह कुल 10,23,537 करोड़ की 14,619 परियोजनाओं का आगाज 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा।

**4.5 लाख करोड़ का निवेश:** जिन 16 विभागों ने शत प्रतिशत या इससे अधिक लक्ष्य हासिल किया है उनमें बेसिक शिक्षा के अलावा फूड एंड सिविल सप्लाई (226प्रतिशत), वन विभाग (182 प्रति.), आयुष (173 प्रति.), पशुपालन (167 प्रति.), ऊर्जा (165 प्रति.), माध्यमिक शिक्षा (139 प्रति.), तकनीकी शिक्षा (133 प्रति.), उद्यान (120 प्रति.), अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत (114 प्रति.), केन डेवलपमेंट एंड शुगर इंडस्ट्री (112 प्रति.), चिकित्सा शिक्षा (110 प्रति.), स्वास्थ्य (105 प्रति.), यीडा (103 प्रति.), नागरिक उड्डयन (100 प्रति.), और जीनीडा (100 प्रति.) शामिल हैं। इन 16 विभागों के माध्यम से प्रदेश में करीब 4.5 लाख करोड़ की लागत वाले कुल 4381 परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है।

### जीबीसी के तहत रोजगार सृजन व प्रस्तावित निवेश

| रोजगार सृजन | प्रस्तावित निवेश |
|---|---|
| आवास-535 | 3409 करोड़ |
| पर्यटन-6396 | 3129 करोड़ |
| पशुपालन-93 | 14 करोड़ |
| आयुष-100 | 15 करोड़ |
| सहकारिता-100 | 57 .37 करोड़ |
| दुग्ध विकास-285 | 150 करोड़ |
| ऊर्जा के अ .स्रोत विभाग-50 | 107 करोड़ |
| चि .शिक्षा विभाग-327 | 48 .15 करोड़ |
| एमएसएमई-1775 | 189 करोड़ |
| वन विभाग-67 | 575 करोड़ |
| उच्च शिक्षा विभाग-630 | 505 करोड़ |
| उद्यान विभाग-6200 | 445 करोड़ |
| आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग-500 | 100 करोड़ |
| तकनीकी शिक्षा-598 | 113 करोड़ |
| यूपीसीडा-1320 | 1230 करोड़ |
| माध्यमिक शिक्षा-200 | 70 करोड़ |

### बुंदेलखंड में भी 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं होंगी शुरू

**लखनऊ :** जीबीसी में बुंदेलखंड क्षेत्र में भी करीब 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं शुरू होंगी। बुंदेलखंड के सभी सातों जिलों में 59,288 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है। इसमें सर्वाधिक निवेश परियोजनाएं झांसी में हैं, जहां से 23,739 करोड़ से ज्यादा के उद्यमों की शुरुआत होगी। इसके अलावा ललितपुर में भी 15,707 करोड़ से ज्यादा, जालौन में 9290 करोड़ से ज्यादा, चित्रकूट में 7047 करोड़ रुपए से ज्यादा, महोबा में 1664 करोड़ से ज्यादा, बांदा में 596 करोड़ से ज्यादा और हमीरपुर में 1243 करोड़ से ज्यादा की निवेश परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी।

# देश 5वीं अर्थव्यवस्था के पायदान पर तो क्यों दे रहे हैं मुफ्त में राशन



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व शिवपाल यादव को असमी गमछा पहनाते असम से आये पार्टी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उठाए सवाल

▸▸ पार्टी मुख्यालय में एकत्र कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल उठाया है कि अगर विश्व में भारत पांचवी अर्थव्यवस्था के पायदान पर है तो फिर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? किसान कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या क्यों कर रहा है? भाजपा सरकार ने किसान की आय दुगनी करने का वादा किया था। आज तक उसने अपना संकल्प क्यों पूरा नहीं किया?

अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी मुख्यालय, लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि, महंगाई और बेरोजगारी भाजपा सरकार की कुनीतियों का फल है। भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सिर्फ झूठे दावों और झूठे आंकड़ों के सहारे विकसित भारत का सपना दिखा रही है।

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा को सन् 2024 में केन्द्र से बेदखल करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पीडीए को जिताना जरूरी है। इसमें कोई कोरकसर नहीं रहनी चाहिए क्योंकि यह लोकतंत्र और संविधान बचाने की अंतिम लड़ाई है।

### अखिलेश से मिला सपा असम का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से शनिवार को सपा असम के प्रदेश अध्यक्ष अजहरउद्दीन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर लोकसभा चुनाव को लेकर असम की राजनीतिक स्थिति के बारे में जानकारी दी। असम के प्रतिनिधिमंडल में सपा असम के प्रदेश महासचिव फखरूद्दीन अहमद, लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष शोफीक अहमद, अल्पसंख्यक सभा के अध्यक्ष रहमान मंडल और कोषाध्यक्ष अब्दुस सुबन शामिल थे। प्रतिनिधिमण्डल ने अखिलेश यादव का असमी गमछा पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल भी मौजूद रहे।

# नव स्थापित चार ट्रॉमा सेंटर में जल्द ही मिलेगा इलाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ विशेषज्ञ डॉक्टर समेत 200 कर्मियों के पद सृजित

▸▸ गाजीपुर, कौशाम्बी, औरैया और हापुड़ में हुआ है निर्माण

**अमृत विचार:** जल्द ही गाजीपुर, कौशाम्बी, औरैया और हापुड़ में नवनिर्मित ट्रॉमा सेंटर मरीजों को इमरजेंसी में बेहतर इलाज देने लगेंगे। इसके लिए शासन द्वारा प्रत्येक ट्रामा सेंटर में नौ डॉक्टर समेत 50 कर्मियों के पद सृजित कर दिये हैं। इनमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा इलाज मिलना शुरू हो जाएगा तो मरीजों को दूसरे बड़े अस्पताल में धक्के खाने से छुटकारा मिल जायेगा।

प्रदेश में चिकित्सकीय सेवाएं दुरुस्त करने के लिए हर जिले में जहां मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जा रहें हैं, वहीं ट्रामा सेंटर भी खोले जा रहे हैं। उक्त क्रम में ही गाजीपुर के मोहम्मदाबाद, कौशाम्बी के नर्सिंगपुर अजुआ, औरैया में भगौतीपुर और हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में नवस्थापित ट्रामा सेंटरों को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिये गये हैं।

ट्रामा सेंटरों में गंभीर मरीजों को तत्काल बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए एक ट्रामा सेंटर में तीन इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर( ईएमओ) के अलावा आर्थोपैडिक सर्जन, जनरल सर्जन और एनेस्थेटिक के दो-दो पद सृजित किये गये हैं। इसके अलावा 15 स्टाफ नर्स, तीन ओटी टेक्नीशियन, तीन एक्स-रे टेक्नीशियन, दो लैब टेक्नीशियन और नौ नर्सिंग अटेंडेंट के पद रखे गये हैं। साथ ही नौ पद मल्टी टास्क वर्कर के हैं जो कि सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से रखे जाएंगे। इस प्रकार चार ट्रामा सेंटरों में कुल 200 पद सृजित किये गये हैं। पद सृजन के यह निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अनुसचिव पीयूष कुमार ने स्वास्थ्य महानिदेशक को दिये हैं।

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने बताया कि इन चार ट्रामा सेंटर में केवल हापुड का ट्रामा सेंटर स्वास्थ्य विभाग के अधीन हैं, शेष तीन जिलों के जिला अस्पताल चिकित्सा शिक्षा विभाग में ट्रांसफर हो चुके हैं, इसलिए ये ट्रामा सेंटर भी चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा ही संचालित किये जाएंगे।

इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के संचालित 37 ट्रामा सेंटरों में पांच चिकित्सा शिक्षा विभाग में जाने के बाद 32 ट्रामा सेंटर चल रहे थे, अब हापुड़ शुरू होने के बाद संचालित ट्रामा सेंटरों की कुल संख्या 33 हो जायेगी। जल्द ही हापुड़ ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों की तैनाती कर दी जायेगी।

### चार फार्मा कंपनियां करेंगी प्रदेश में करोड़ों का निवेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में तेलंगाना की चार फार्मा कंपनियां करोड़ों रुपए का निवेश करेंगी। इन कंपनियों के आने से ड्रग व मेडिकल पार्कों के विकास के साथ ही प्रदेश फार्मा सेक्टर का हब भी बनेगा। मालूम हो कि हैदराबाद में बीते 18 जनवरी को संपन्न फार्मा कान्क्लेव में तेलंगाना की चार फार्मा कंपनियों ने प्रदेश को ड्रग व फार्मा मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर के तौर पर विकसित करने की योजना में निवेश करने को सहमति प्रदान की है। औद्यौगिक विकास विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इनमें डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने यीडा में मेडिकल डिवाइस पार्क के पास या नोएडा, ग्रेटर नोएडा में अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित करने का प्रस्ताव बनाया है। ललितपुर के बल्क ड्रग पार्क में निवेश के लिए 150 एकड़ से अधिक भूमि की मांग की गई है। आवश्यकता है। वहीं, नोएडा व ग्रेटर नोएडा में एक बायोटेक प्रयोगशाला और विनिर्माण इकाई स्थापित की जायेगी। इसके अलावा वीबीएल और रॉलवेल इंडस्ट्रीज भी निवेश करेगा। वहीं, रॉकवेल इंडस्ट्रीज ने वैक्सीन वाहकों पर प्राथमिक जोर देने के साथ, नोएडा में मेडिकल डिवाइस पार्क के भीतर एक विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए कुल 400-500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

# सुरक्षा को लेकर सजग रहें अधिकारी : जिलाधिकारी



अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था और रूट प्लान समेत अन्य मुद्दों को लेकर किया मंथन

**अमृत विचार :** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने मातहतों को निर्देश दिए कि सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से सजग रहें। साथ ही, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए रूट प्लान को लेकर भी अधिकारियों से बातचीत की।

जिलाधिकारी शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर अधिकारियों से बात की। कहा कि प्रतिष्ठान में जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगी है वे पूरे प्रागंण का भ्रमण कर लें। भ्रमण करने के साथ ही इस बात की जानकारी रखें कि कहां क्या व्यवस्था की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि लाइजनिंग अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी के बारे में विस्तार से बता दिया जाए।

# मोहनलालगंज से आरके चौधरी होंगे सपा प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**सपा प्रमुख ने कार्यकर्ताओं की बैठक में नाम किया सार्वजनिक**

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मोहनलालगंज सीट (लखनऊ) से पूर्व कैबिनेट मंत्री आरके चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शनिवार को आरके चौधरी के नाम सार्वजनिक किया है। सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा परिवारिक हवाला देते हुए चुनाव लड़ने से मना कर देने के बाद आरके चौधरी को पार्टी प्रत्याशी बनाया गया है।

दरअसल, राजधानी लखनऊ से सटी हुई मोहनलालगंज सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। वर्तमान इस सीट पर भाजपा के कौशल किशोर पिछले दो चुनावों से जीत दर्ज कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद में जन्मे आरके चौधरी ने अपना राजनीतिक करियर बहुजन समाज पार्टी से शुरू किया था और वह बसपा के संस्थापक सदस्य भी थे।

आरके चौधरी अपने अंबेडकरवादी और समाजवादी विचारों के लिए काफी लोकप्रिय हैं। चौधरी बसपा सरकार में मंत्री रहे थे लेकिन पार्टी सुप्रीमो से बढ़ते मनमुटाव की वजह से उन्होंने बसपा का साथ छोड़ दिया था। उन्होंने साल 2019 का चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था, हालांकि वह चुनाव हार गए थे। इसके बाद फिर वह सपा में शामिल हुए और अब अखिलेश यादव ने उन्हें मोहनलालगंज सीट से उम्मीदवार घोषित किया है।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण टला

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की बसन्तकुंज योजना में 117 करोड़ रुपये से 65 एकड़ में निर्माणाधीन राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण कार्यक्रम टल गया है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर एलडीए द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 65 फीट ऊंची कांस्य की प्रतिमाएं लगायी जानी हैं। संस्कृति विभाग नोएडा में इन प्रतिमाओं को बनवा रहा है। अभी अटल और दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा के हिस्से नहीं पहुंचे हैं। केवल श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के हिस्से प्रेरणा स्थल पहुंचे हैं। बाकी दोनों प्रतिमाएं अभी पहुंची नहीं हैं तो लगेंगी कब। संस्कृति विभाग की लापरवाही से स्थल पर निर्धारित समय में प्रतिमाएं न लग पाने से 19 फरवरी को प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पण कार्यक्रम स्थगित हो गया है। जल्द ही कार्यक्रम की अगली तिथि निर्धारित की जाएगी।

**प्रधानमंत्री आईजीपी में 75 मिनट रुकेंगे :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान ( आईजीपी) में 19 फरवरी को होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में शामिल होने सोमवार को लखनऊ पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री कार्यक्रम में लगभग 75 मिनट रुकेंगे। एलडीए की प्रधानमंत्री के हाथों राष्ट्र प्रेरणा स्थल के साथ इन विभूतियों की प्रतिमाओं का अनावरण कराने की तैयारी थी। लखनऊ विकास प्राधिकरण युद्ध स्तर पर प्रेरणा स्थल में विकास कार्य करा रहा था।

# दीवारों पर कलाकृतियां, सजेंगे चौराहे

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान बदला-बदला सा दिखेगा शहर

▸▸ साफ सफाई, सजावट के लिए नगर निगम ने लगाए 800 कर्मचारी

**अमृत विचार :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान शहर बदला बदला सा नजर आएगा। चौराहों पर पौधों व फूलों से सजावट और दीवारों पर कलाकृतियां बनवाई जा रही हैं। इसके लिए नगर निगम ने 8,00 कर्मचारी लगाए हैं। एयरपोर्ट से लेकर आयोजन स्थल, शहीद पथ, लोहिया पथ और इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, कालिदास मार्ग, विक्रमादित्य मार्ग आदि जगहों पर ये कर्मचारी मुस्तैद रहेंगे।

600 सफाईकर्मी शहीद पथ और लोहिया पथ पर लगाए गए हैं। 100 कर्मचारी के प्रमुख स्थानों और मुख्य मार्गों को फूल और पौधों से सजाने के लिए लगाए गए हैं। 100 कलाकार दीवारों पर कलाकृतियां बनाकर लखनऊ की विरासत और धरोहरों के दर्शन कराएंगे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम का इंजीनियरिंग गैंग तैनात रहेगा।

गैंग में शामिल नगर निगम के समस्त विभागों के कर्मचारी आयोजन स्थल से लेकर प्रमुख मार्गों पर पेयजल आपूर्ति, सफाई, जलभराव, सीवर लीकेज, मलबा, स्ट्रीट लाइट, आवारा पशु आदि सम्बंधित शिकायतों का तत्काल समाधान करेंगे। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है। रविवार दोपहर तक सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी।

**चौराहों पर वर्टिकल गार्डेन :** नगर निगम ने शहर के प्रमुख चौराहों पर वर्टिकल गार्डेन लगाकर रंग-बिरंगे फूलों से सजाया है।

मुख्य मार्गों के डिवाइडर और चौराहों पर गमले लगाकर खूबसूरत बना दिया है। चौराहों और प्रमुख मार्गों को झालरों से जगमग किया गया है। एयरपोर्ट, शहीद पथ, गोल्फ क्लब चौराहा, 1090 चौराहा, इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के आस-पास विशेष लाइटिंग की है।

लोहिया पथ पर गोल्फ क्लब चौराहे से डीजीपी कार्यालय मोड़ तक नाले को ग्रीन नेट लगाकर ढक दिया गया है।

# रामभद्राचार्य व गुलजार को योगी ने दी बधाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की घोषणा से हर्ष

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जगद्गुरू रामभद्राचार्य और गुलजार को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की घोषणा पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने संस्कृत विद्वान और तुलसी पीठ के संस्थापक रामभद्राचार्य को अपनी शुभकामनाएं देते हुए अपने सोशल मीडिया पर इसे लेकर पोस्ट किया। सीएम ने लिखा, ''पूज्य संत, संस्कृत भाषा के प्रकांड विद्वान व आध्यात्मिक गुरु, जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज को प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार-2023 से सम्मानित होने पर हृदयतल से बधाई। आपका तपस्वी और शुचिता पूर्ण जीवन पूरे समाज के लिए एक महान प्रेरणा है।'

मुख्यमंत्री ने मशहूर उर्दू शायर गुलजार को अपनी शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'प्रख्यात गीतकार, कवि व फिल्मकार गुलजार जी को प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार-2023 से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई। लेखन के प्रति समर्पण और साहित्य जगत में आपका अतुल्य योगदान सभी के लिए प्रेरणाप्रद है।'

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर 3300 से अधिक पुलिसकर्मी होंगे तैनात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के आसपास का क्षेत्र नो फ्लाइंग जोन घोषित

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-2024 का इनॉग्रेशन करेंगे। उनके आगमन को लेकर लखनऊ पुलिस हाई अलर्ट है। हेलीपैड, एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के आसपास की ऊंची इमारतों पर कमांडो तैनात रहेंगे। एरिया को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। थाना पुलिस के अलावा पीएसी कंपनी भी लगाई गई है।संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने बताया कि 19 फरवरी से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी शुरू हो रही है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई वीवीआईपी शामिल होंगे। सुरक्षा के मद्देनजर 2600 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय से 780 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई।

**पीएसी की भी तैनाती:** जेसीपी ने एलओ ने बताया यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिये रूट डायवर्जन किया गया है। रोडवेज व निजी बसों का लोहिया और शहीद पथ पर 19 फरवरी को आवागन प्रतिबंधित रहेगा। यातायात व्यवस्था को सुगम करने के लिए 600 से अधिक ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पांच-पांच कंपनी पीएसी की तैनाती की गई है।

**लखनऊ पुलिस- इनकी लगी ड्यूटी:** 8 पुलिस अधीक्षक, 12 अपर पुलिस अधीक्षक, 31 पुलिस उपाधीक्षक, 79 निरीक्षक, 416 उप निरीक्षक, 37 महिला उप निरीक्षक, 1739 मुख्य आरक्षी, 318 महिला आरक्षी, 16 यातायात निरीक्षक, 123 यातायात उप निरीक्षक, 190 मुख्य आरक्षी यातायात, 600 आरक्षी यातायात, 5 कंपनी पीएसी और 5 कंपनी आरएफ/सीएपीएफ की ड्यूटी लगाई गयी है। वहीं इस दौरान 5 पुलिस अधीक्षक, 10 अपर पुलिस अधीक्षक, 24 पुलिस उपाधीक्षक, 25 निरीक्षक, 140 उप निरीक्षक, 15 महिला उप निरीक्षक, 520 मुख्य आरक्षी, 50 महिला आरक्षी और 5 कंपनी पीएसी की तैनाती रहेगी।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिये आसपास के एरिया को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। सुरक्षा के लिये शहर के सभी थानों की पुलिस अलर्ट कर दी गयी है।

**उपेंद्र अग्रवाल, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था, लखनऊ**

### कल यहां पर जाने से बचें

- 19 को सुबह 11.00 से शाम 4 बजे तक विजयीपुर शहीद पथ अंडर पास से आईजीपी चौराहे तक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।
- लामार्ट गोल्फ चौराहे से 1090 समतामूलक होकर आईजीपी से विजयीपुर जाने वाले मार्ग पर भी जाने से बचें।
- कमता और कठौता की ओर जाने वाले लोग आईजीपी चौराहे से जाने की बजाय पॉलिटेक्निक की तरफ निकलें।
- वीवीआईपी आवागमन के कारण शहीद पथ पर भी अनावश्यक परेशानी से बचने के लिए कार्यक्रम के समापन तक नहीं जाएं।

## एक नजर

### सलमान बने यूथ कांग्रेस के नगर अध्यक्ष

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोहिया वार्ड निवासी सलमान हाशमी को युवा कांग्रेस का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नियुक्ति पत्र युवा नेता तनुज पूनिया एवं जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन एवं जिलाध्यक्ष यूथ कांग्रेस सिकंदर रिजवी ने दिया। इस मौके पर जिला सचिव गुड्डू राइन, चांद हाशमी, ताज मोहम्मद हाशमी, गुड्डू सिंह, तबरेज हाशमी आदि मौजूद थे।

### घर के सामने खड़ी बाइक ले गए चोर

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** जोशी टोला में घर के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गयी। रंजीत ने गुरुवार शाम करीब सात बजे अपनी बाइक घर के सामने खड़ी की थी। देर रात चोर उसकी बाइक उड़ा ले गए।

# परमहंस और शिव प्रकाश में अध्यक्ष पद की टक्कर

**बार एसोसिएशन चुनाव**

- महामंत्री और उपाध्यक्ष के पदों पर भी होगा चुनाव
- अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी ने वापस ले लिया अपना नाम

रामनगर बाराबंकी

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में तीन पदों पर सीधा चुनाव होगा। अन्य पदों पर एक एक पर्चा दाखिल किए जाने के कारण निर्विरोध निर्वाचित होने का रास्ता साफ हो गया है। तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में पर्चों की वापसी व जांच शनिवार को हुई। इसमें अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मानसिंह ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया।

मान सिंह के अपना नामांकन पत्र वापस ले लेने के बाद अब अध्यक्ष पद पर परमहंस मिश्र व शिव प्रकाश अवस्थी के बीच सीधा मुकाबला होगा। महामंत्री पद पर सुरेश चंद्र मिश्र व सुरेश कुमार त्रिपाठी तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अरविंद निगम व बृजेश कुमार के मध्य चुनाव होगा। अन्य सभी पदों के नामांकन पत्रों की जांच की गई, जो सही पाए गए। इन पदों पर एकल नामांकन होने के चलते प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित होना तय है।

# सतरिख चौराहे को चौड़ा करने का रास्ता साफ

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी




जेब्रा पार्क ले जाए जा रहे सतरिख चौराहे से हटाये गये फाइटर प्लेन और तोप। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सतरिख चौराहे पर स्थापित तोप और जेट फाइटर रात में ही हटा लिए गए। इस स्थान पर अब गोल चौराहे का निर्माण होगा। यहां फौव्वारा लगाए जाने का भी प्रस्ताव है। तोप और जेट फाइटर अब जेब्रा पार्क की शोभा बढ़ाएंगे। इसके साथ ही सतरिख चौराहे के चौड़ीकरण करने का रास्ता साफ हो गया है।

नगर पालिका द्वारा शहर के सतरिख चौराहे पर लगाई गई तोप को हटाकर जेब्रा पार्क में स्थापित किया जाएगा। उसके स्थान पर है गोल फव्वारे के निर्माण का प्रस्ताव है। असेनी तिराहे से पल्हरी बाइपास को जोड़कर शहर की सड़क को चौड़ा करने का प्रस्ताव जिला प्रशासन ने तैयार किया था। इसे अब फोर लेन बनाने की स्वीकृति मिल चुकी है। सतरिख चौराहे नगर पालिका परिषद द्वारा शहर की खूबसूरती में चार चांद लगाए जाने के दृष्टिगत जेट फाइटर और तोप लगवाया गया था। जिससे रास्ता संकरा हो गया था और यहां जाम लगने लगा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तुरंत इसे हटाए जाने की आवश्यकता जताई थी। जिसे शुक्रवार की रात हटाकर जेब्रा पार्क में शिफ्ट कर दिया गया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि असेनी तिराहे से पल्हरी बाइपास तक सड़क को फोरलेन करने का प्रस्ताव है। सतरिख चौराहे पर लगी तोप व फाइटर से जाम लग रहा था। यहां इसका कोई उपयोग भी नहीं था। जेब्रा पार्क में लग जाने से तोप और फाइटर प्लेन बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे।

**लगेगा फौव्वारा**

- रात में हटाए गए तोप व फाइटर प्लेन, जेब्रा पार्क की बढ़ाएंगे शोभा

# कड़ी सुरक्षा में पहले दिन 10340 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

## परीक्षा केंद्रों को ढूंढने में परेशान रहे परीक्षार्थी, डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, चरमराई शहर की व्यवस्था, जगह-जगह लगा जाम

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा हुई। इस दौरान शहर के एक परीक्षा केंद्र पर संबंधित विद्यालय का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मोबाइल फोन के साथ पकड़ा गया। देर शाम पुलिस ने पूछताछ कर उसे छोड़ दिया। विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आए परीक्षार्थियों से यातायात व्यवस्था चरमरा गई। जिले के 22 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जहां रविवार को भी परीक्षा होगी। शनिवार को परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में 10728 के स्थान पर 10340 अभ्यर्थियों ने दोनों पालियों में परीक्षा दी। पहली पाली में 388 और दूसरी पाली में 361 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पिछले 3 दिनों से तैयारी में जुटा था। पूरे जिले को दो सुपर जोन 6 जोन तथा 14 सेक्टर में बांटा गया है। क्लोज सर्किट कैमरे के जरिए नियंत्रण कक्ष से परीक्षा केंद्रों की निगरानी होती रही। केंद्रों पर सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। शहर के अजीमुद्दीन इस्लामिया इंटर कालेज केंद्र से चतुर्थ श्रेणी कर्मी मोबाइल फोन के साथ पकड़ा गया। देर शाम पुलिस ने उसे छोड़ दिया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह बेल के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे।



एक परीक्षा केंद्र के नोटिस बोर्ड पर अपना कक्ष नंबर देखते परीक्षार्थी। अमृत विचार

### भटकते रहे परीक्षार्थी

रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर परीक्षार्थियों की सहायता के लिए बनाए गए हेल्प डेस्क से भी परीक्षार्थियों को केंद्र का पता नहीं लग पा रहा था। देवा के प्रतिभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज नरैनी को केंद्र बनाया गया लेकिन प्रवेश पत्र पर प्रतिभा इंटर कॉलेज लिखा हुआ है जबकि भयारा मोड पर भी प्रतिभा इंटर कॉलेज है इसके चलते अभ्यर्थियों को कॉलेज ढूंढने में परेशानी हुई।

### जाम से बढ़ी परेशानी

परीक्षा जैसे ही समाप्त हुई सड़कों पर जाम लग गया। बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भीड़ लगी रही। जाम के चलते आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह स्थिति देर शाम तक बरकरार रही। परीक्षा कल भी है। इसके चलते बड़ी संख्या में परीक्षार्थी रेलवे और बस स्टेशन के अलावा पार्कों में भी डेरा डाले हैं।



एक केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार



एक परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के प्रवेश-पत्रों की जांच करते पुलिसकर्मी।



परीक्षा खत्म होने के बाद अभ्यर्थियों की भीड़ के चलते शहर में लगा जाम। अमृत विचार

# लेखपाल की तहरीर पर नौ के खिलाफ मुकदमा

रामनगर,बाराबंकी

**अमृत विचार :** तालाब की भूमि पर कब्जा कर खेती कर रहे नौ लोगों पर लेखपाल ने स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना रामनगर के ग्राम तारापुर गुमान में स्थित तालाब की भूमि पर गांव के ही विनोद, प्रमोद, ममता, राम लखन, सतीराम, राम प्रकाश, धर्मराज, पप्पू, छेदू के द्वारा पिछले पांच वर्षों से अवैध तरीके से कब्जा करके फसल बोने का काम किया जा रहा था। हल्का लेखपाल बृजेश कुमार ने थाने पर दी गई तहरीर में कहा है कि उक्त भूमि जो कि तालाब के नाम दर्ज है। उपरोक्त जमीन पर नौ लोगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर सरसों में गेहूं की फसल 5 वर्षों से बोई जा रही है। पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालो के विरुद्ध दर्ज कराए गए मुकदमे से क्षेत्र के दबंग भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## सार-संक्षेप

### निष्काम भक्ति और श्रद्धा से मिलते हैं ईश्वर

**बनीकोडर,बाराबंकी, अमृत विचार :** बनीकोडर ब्लॉक के गांव जरौली में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य दिव्यांशु महाराज ने श्रद्धालुओं के समक्ष जीवन के परम लक्ष्य के रहस्य को खोला। उन्होंने बताया कि प्राणी मात्र का उद्देश्य ईश्वर प्राप्त ही होना चाहिए। ज्ञान से तो ब्रह्म के दर्शन होते हैं किंतु निष्काम भक्ति और श्रद्धा से ईश्वर के साकार दर्शन अवश्यंभावी है। इसलिए कलयुग में भक्ति ऐसा माध्यम है। जिससे ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। आज की कथा में विशेश्वर तिवारी, राजेश शुक्ल, श्रीकांत तिवारी और राहुल तिवारी सहित क्षेत्र की दूर दराज गांव से भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

### स्मार्टफोन पाकर प्रफुल्लित हुए छात्र

**बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र स्थित गणेश प्रसाद शैलेश कुमार महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र स्मार्टफोन पाकर प्रफुल्लित हो उठे। हरख सतरिख मार्ग पर बडापूरा मजरे बन्दगी पुर गांव स्थित महाविद्यालय में मुख्य अतिथि मोनिका पाठक खंड विकास अधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गये। महाविद्यालय के प्रबंधक शैलेश कुमार व अनामिका वर्मा ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर किरन तिवारी, अंजू सिंह, आलोक सिंह, ग्राम प्रधान रीना देवी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### 204 विद्यार्थियों को मिले स्मार्टफोन

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के हाजी वारिस अली शाह मेमोरियल डिग्री कॉलेज पारिजात धाम बरोलिया में शनिवार को एमएलसी अंगद सिंह की पत्नी पूनम सिंह ने 204 छात्र छात्राओं को महाविद्यालय के अध्यक्ष इन्तिखाब आलम नोमानी की अध्यक्षता में स्मार्ट फोन वितरित किया। इस मौके पर पूनम सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वामी विवेकानंद युवा तकनीक सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क स्मार्टफोन वितरण योजना युवाओं के लिए काफी लाभप्रद सिद्ध होगी। सभी छात्र छात्राओं को इसका सदुपयोग कर अपने जीवन को स्मार्ट बनाना चाहिए। इस मौके पर प्रवन्धक परवेज अहमद, अमरेन्द्र सिंह, बब्लू, दुर्गेश दीक्षित, महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### कलयुग में भक्तमाल कथा का है महत्व

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी, अमृत विचार :** सहादतगंज कल्याणी नदी के तट पर हनुमंत वाटिका धाम में हनुमंत यज्ञ व मनकामेश्वर महादेव के प्रथम पाठ उत्सव स्थापना के उपलक्ष पर आयोजित भक्तमाल कथा में मंदसौर (मप्र) से आए राष्ट्रीय संत मिथिलेश नागर ने दूसरे दिन कहा कि अगर भक्त घर बैठे भी भाव से भक्त कथा को सुनता है तो उसको था स्थान पर आने जितना फल मिलता है। ठाकुर जी को नींद नहीं आती, जब तक भक्तमाल की कथा न सुनाई जाए। भक्तमाल कथा का कलयुग में बहुत महत्व है। जहां दूसरी कथा मोक्ष का ज्ञान देती है, वहीं भक्तमाल कथा कलयुग में भक्ति का संदेश देती है। इस अवसर पर आश्रम के निवेदक, व्यवस्थापक रमेश दास पुजारी जी, बाबा रिंकू दास जी, बाबा प्रह्लाददास, प्रेमदास, सर्वेश मौर्य, आचार्य शिवानंद व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकाली गयी कलश यात्रा

**निन्दूरा,बाराबंकी, अमृत विचार :** निंदूरा क्षेत्र के 108 बाबा अवध बिहारी दास महाराज बजगहनी के रसोइया बनकुटी बरूहा स्थित मंदिर परिसर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने कलश यात्रा निकाली। यह कलश यात्रा क्षेत्र धनाग तीर्थ स्थल पर पहुंची। जहां नैमिष धाम से पधारे आचार्य बनवारी लाल ने पूजन कराया। धूमधाम से ढोल नगाड़ा बजाते हुए निकली यह कलश यात्रा क्षेत्र के कई गांवों से होते हुए निकली। पुष्प वर्षा कर लोगों ने कलश यात्रा का स्वागत किया। यात्रा खुज्झी, कोठार, कृष्णापुर होते हुए धनाग तीर्थ स्थल पर पहुंची। कलश में जल भरकर महिलाओं ने यज्ञ स्थल पर बने यज्ञ पंडाल में रखा। शनिवार की कथा के पहले दिन कथा व्यास द्वारिका महाराज ने पंडाल में मौजूद श्रोताओं को माता सती अनुसुइया की कथा सुनाई। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### दरियाबाद में ट्रेनों के ठहराव पर संशय बरकरार

**काशीनाथ दीक्षित,**
**दरियाबाद,बाराबंकी :** अमृत विचार : अयोध्या-लखनऊ रेल खंड पर पड़ने वाले दरियाबाद रेलवे स्टेशन से लखनऊ की तरफ जाने वाली ट्रेनों के स्टेशन पर ठहराव को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। अभी तक रेलवे के उच्चाधिकारियों से ट्रेनों के ठहराव को लेकर हरी झंडी नहीं मिली है। ऐसे में यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर जहां सर्वाधिक ट्रेनें रुकती थीं। वहीं सर्वाधिक यात्री रोजाना स्टेशन से दूर दराज इलाकों से आवागमन करते थे। अयोध्या-बाराबंकी रेलवे लाइन के दोहरीकरण और कोहरे को देखते हुए एक एक कर सभी ट्रेनें या तो निरस्त कर दी गयीं या फिर रेलवे लाइन के दोहरीकरण सहित दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर दो को तोड़कर नया प्लेटफार्म बनाने की कवायद ने दरियाबाद में ट्रेनों का ठहराव ठप कर दिया। इस स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर संशय बरकरार है। स्टेशन अधीक्षक वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि स्टेशन पर ट्रेनों के रुकने से पहले विभाग के उच्च अधिकारी जांच करेंगे। किसी प्रकार का आदेश रात्रि 12 बजे के बाद आएगा।



दरियाबाद रेलवे स्टेशन (सांकेतिक फोटो)

# मांगों को लेकर भाकियू का बेमियादी धरना शुरू

रामनगर,बाराबंकी:

**अमृत विचार:** किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व में दिए गए ज्ञापन में किसी भी समस्या का निराकरण नहीं किए जाने से आक्रोशित भाकियू के कार्यकर्ता तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए।

भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष शारदा बक्श वर्मा व ब्लॉक प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि 29 दिसंबर 2023 तथा 12 फरवरी को क्षेत्र के किसानों की समस्याओं से संबंधित 29 सूत्री ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया गया था। इसमें गांव की जल निकासी, नालोंतथा बंद पड़ी पुलियों की सफाई, वंचित पात्र किसानों को सम्मान निधि दिलाने, मुफ्त अनाज देने, फर्जी तरीके से दर्ज मुकदमे हटाने समेत कई प्रमुख मांगें शामिल थीं लेकिन इनमें से एक का भी निराकरण नहीं किया गया। इसके चलते अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। धरना प्रदर्शन में बाबादीन, लल्ली देवी, दीप राम, निर्मल कुमार, राकेश कुमार, राम लखन, नासिर खान सहित बड़ी संख्या में भाकियू के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राजभवन में हुई पुष्प प्रदर्शनी में जिले का जलवा

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी:

**अमृत विचार :** लखनऊ स्थित राजभवन में शुरू हुई तीन दिवसीय राज्यस्तरीय पुष्प प्रदर्शनी में जिले की सब्जी, फल और फूलों की धूम रही। इसमें जिले का गोल बैंगन, टमाटर, सरसों को प्रथम स्थान के लिए चुना गया। इसके साथ कई किसान उन्नत खेती से तैयार किए फसलों के चलते दूसरे और तीसरे स्थान पर भी सफलता मिली है। इन सभी को पुरस्कृत किया जाएगा है।

जिले से फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में जिले के कई किसानों ने भागीदारी की थी। प्रदर्शनी में जिले से शहद, गोल बैंगन, जिमीकंद, टमाटर, ड्रैगन फ्रूट, पान, स्ट्राबेरी, मूली, चाइनीज कैबेज आदि के प्रदर्शन शामिल किए गए। जिला उद्यान अधिकारी महेश श्रीवास्तव ने बताया कि पहले दिन की प्रदर्शनी में सफीपुर की शिवकली को गोल बैंगन, यहीं के प्रमोद को टमाटर, दौलतपुर के किसान अमरेंद्र प्रताप सिंह को यूरोपियन सब्जी, रामपुर त्रिवेदीगंज के चंद्रप्रकाश को शहद व सरसों के साथ लीची के साथ पहले स्थान पर रहे हैं। वहीं सोनू को मूली, अमित को टमाटर, अमरेंद्र को रेड कैबेज, दुर्गेश को ड्रैगेन फ्रूट, विनोद को पान कलकृतियां के तहत चुना गया है। इसी प्रकार छह किसानों को तृतीय स्थान के रुप में चुना गया है। उन्होंने बताया कि इन किसानों को प्रदर्शनी के समापन के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।



प्रथम पुरस्कार प्राप्त किसान के साथ जिला उद्यान अधिकारी महेश श्रीवास्तव।

**कार्यक्रम** हिंद मेडिकल कॉलेज में उद्यम अभिमुखीकरण कार्यशाला का किया गया आयोजन

# आने वाले समय में उद्यमी राज्य के रूप में उभरेगा प्रदेश

माती,बाराबंकी

**अमृत विचार :** उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम के तहत शनिवार को हिंद मेडिकल कॉलेज में कार्यशाला हुई। इसमें विशेषज्ञों ने बताया कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़े उद्यमी राज्य के रूप में उभरने वाला है। इसके लिए पर्यटन,परिवहन, एयरपोर्ट और मेडिकल डिवाइस को प्रमुखता से लिया जाएगा। यह कार्यक्रम अटल बिहारी चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किया गया था।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने निवेश सारथी व निवेश मित्र जैसे कई उद्यमी पोर्टल बनाए हैं,जिनके जरिए निवेशकों को निर्बंधन पत्र यानी एनओसी क्लीयरेन्स लेने के लिए कई विभागों के चक्कर काटने से निजात मिलेगी। आसानीपूर्वक पत्रावली का कार्य पूर्ण करते हुए सुचारु व्यवस्था धरातल पर औद्योगीकरण को समृद्ध बनाएगी। उन्होंने कहा कि भारत में 55 फीसदी मोबाइल फोन उत्तर प्रदेश के नोएडा में निर्मित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कभी पीछे रहा है। उस स्थित को प्रदेश सरकार बदल रही है ताकि प्रतिभाओं को बेंगलुरु व हैदराबाद आदि जाने से निजात मिले। मौजूदा वक्त, प्रदेश में 11 हज़ार स्टार्टअप स्थापित हो चुके हैं। मेडिकल डिवाइसेज उद्योग को खासा प्रोत्साहित किया जाएगा। इसमें युवा तेजी से रुचि दिखा रहे हैं। कुल सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम के तहत 35 लाख लोगों के लिए रोजगार सृजित किया जा चुका है। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अमोद सचान, निदेशक डॉ. राकेश वर्मा, डॉ. श्वेता सिंह आदि थे।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार। अमृत विचार

### पेड़ से टकराया कंटेनर चालक घायल

**निंदूरा,बाराबंकी, अमृत विचार:** कुर्सी थाना क्षेत्र के अमरसंडा के निकट एक तेज रफ्तार कंटेनर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पेड़ से जा टकराया। हादसे में बिजनौर निवासी चालक सचिन गंभीर रुप से घायल हो गया। कंटेनर हरिद्वार से सामान लादकर पश्चिम बंगाल जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल ड्राइवर को सीएचसी घुंघटेर में भर्ती कराया। जहां पर चालक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि चालक को नींद आ जाने से हादसा हुआ था। चालक को चोट आई थी, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## एक नजर

### 35 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 35 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस के मुताबिक थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने विजय कुमार उर्फ हनोमान निवासी ढकौली थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया। उसके पास से कुल 35 ग्राम स्मैक बरामद कर उसे एनडीपीएस एक्ट में जेल भेज दिया गया।

### मादक द्रव्य बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मसौली थाने की पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 14 .600 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक महमूद निवासी अनूपगंज थाना मसौली को गिरफ्तार किया गया। एनपीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### 30 साल से फरार आरोपी पकड़ा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर थाने की पुलिस ने शनिवार को 30 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी पर अश्लीलता फैलाने का आरोप है। इसका मुकदमा वर्ष 1994 में दर्ज कराया गया था। पुलिस के मुताबिक बिन्द्रा सिंह निवासी राममण्डई थाना मोहम्मदपुर खाला को गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध न्यायालय ने 82/83 सीआरपीसी व गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया था।

### तमंचे के साथ धरा गया शातिर बदमाश

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामनगर थाने की पुलिस ने शनिवार को एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किया। पुलिस के मुताबिक मनोज कुमार उर्फ मनोहर निवासी रामपुर महासिंह थाना रामनगर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक तमंचा .12 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।

### वापस नहीं लौटा मजदूरी के लिए निकला युवक

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** घर से मजदूरी के लिए लखनऊ निकला युवक 13 दिन बाद भी घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी हर संभावित जगह पर तलाश की पर सफलता न मिलने पर कोतवाली रामसनेहीघाट में उसकी गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली रामसनेहीघाट के क्षेत्र गांव पूरे गड़रिया मजरे सनौली के निवासी रामकिशोर का 30 वर्षीय पुत्र श्याम सिंह बीती 4 फरवरी को घर से मजदूरी करने के लिए लखनऊ के लिए निकला था। वह 13 दिन बाद भी घर नही पहुंचा तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

# पं. नेहरू से प्रभावित रही रफी अहमद किदवई की राजनीति

**वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की जयंती आज**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


रफी अहमद किदवई की फाइल फोटो।


बदहाल स्थिति में उनका स्मारक स्थल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** रफी अहमद किदवई की राजनीति पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू से प्रभावित रही। जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर रफी अहमद किदवई की मजार बदहाल है। पं. जवाहर लाल नेहरू की पहल से बनी इस मजार पर कभी खासी रौनक रहती थी। यहां लगे फव्वारों से गिरता पानी और आसपास की फुलवारी से यह जगह देखने लायक थी। यहां हमेशा साफ-सफाई हुआ करती थी, लेकिन बदलते समय में इस मजार की हालत भी बदल गई। हाल यह है कि वरिष्ठ स्वतंत्रा सग्राम सेनानी रहे रफी अहमद किदवई की इस मजार की वर्षों से रंगाई-पुताई तक नहीं हो सकी है।

रफी अहमद किदवई का जन्म 18 फरवरी 1894 को जिले के मसौली कस्बे में एक मध्यमवर्गीय जमींदार इम्तियाज अली के घर में हुआ था। रफी अहमद किदवई की गिनती उन चंद शख्सियतों में होती है. जिन्होंने आजादी से पहले और आजादी के बाद भी देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इनकी प्रारंभिक शिक्षा जिले में हुई। वहीं उच्च शिक्षा के लिए अलीगढ़ गए जहां से उन्होंने स्नातक किया और उसके बाद कानून की पढ़ाई शुरू की, लेकिन पढ़ाई के बीच में ही महात्मा गांधी के आह्वान पर असहयोग आंदोलन में कूद पड़े। ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन करने और नारे लगाने के अभियोग में उन्हें 10 माह के कठोर कारावास का दंड भी दिया गया। जेल से छूटने के बाद वह नेहरू के आवास आनंद भवन चले गए। जहां मोतीलाल नेहरू ने इन्हें अपना सचिव बना लिया। उसके बाद वे मोतीलाल नेहरू द्वारा संगठित स्वराज्य पार्टी के सक्रिय सदस्य बन गए। यहीं से जवाहरलाल नेहरू से उनकी गहरी दोस्ती हो गई। उनकी पूरी राजनीति नेहरू से प्रभावित रही। इसीलिए तमाम राजनीतिज्ञ उन्हें नेहरू का पूरक भी कहते थे। यही नहीं, रफी अहमद 1935 में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भी बने। बाद में यूपी सरकार में राजस्व मंत्री भी रहे। उसके बाद सूबे के गृहमंत्री भी बने। गिरते स्वास्थ्य के चलते 24 अक्टूबर 1954 को उनका देहावसान हो गया था।

# सीडीओ के निरीक्षण में दो अधिकारी और 14 कर्मचारी मिले नदारद

**विकास भवन के हर कार्यालय में जाकर कर्मचारियों की उपस्थिति जांची**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


विकास भवन का निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सीडीओ अन्ना सुदन ने शनिवार को विकास भवन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई। इस दौरान उन्होंने एक-एक कार्यालय में जाकर मातहतों की उपस्थित देखी। इसमें जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, डिप्टी आरएमओ समेत 14 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सीडीओ ने सभी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सुबह करीब 11 बजे विकास भवन पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने कार्यालयों में जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति को देखा। सीडीओ के निरीक्षण की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया है। साथी कर्मचारी के माध्यम से सूचना पाते ही लेटलतीफी करने वाले कर्मचारी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मिनाक्षी तांगड़ी, डिप्टी आरएमओ समेत विभिन्न विभागों के 14 कर्मचारी बिना किसी सूचना के गायब मिले। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से तीनों दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब न देने पर कार्रवाई की बात कही गई है।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने विभिन्न पटलों पर जाकर कर्मचारियों से उनके कार्यों को भी देखा। निरीक्षण को लेकर अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक सकते में दिखे। वहीं सीडीओ ने अपने कार्यालय में घंटों बैठकर विभागवार अधिकारियों को बुलाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली और पत्रावलियां भी देखीं।



रेशम अधिकारी के कक्ष में लगा ताला। अमृत विचार

## कार्ययोजना में तीन दर्जन प्रस्ताव शामिल

**हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार:** विकास खंड मुख्यालय पर क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह की अध्यक्षता व बीडीओ संदीप कुमार गुप्ता के संचालन में हुई। बैठक में खंड विकास अधिकारी ने वर्ष 2023-24 के अनुपूरक कार्य योजना के सापेक्ष एक करोड़ 64 लाख रुपए की लागत से कराए गए डेढ़ दर्जन से अधिक विकास कार्यों की पूरी जानकारी सदन को दी। सदन में गत कार्यवाही की पुष्टि होने के बाद मौजूद प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की ओर से विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत के तीन दर्जन से अधिक प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। जिनको कार्ययोजना में शामिल किया गया।

बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा पूर्ति विभाग की लापरवाही का मुद्दा उठाया गया। चौबीसी से आए क्षेत्र पंचायत सदस्य ने सीएचसी के चिकित्सकों पर अपनी पत्नी के इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि द्वारा समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि उनकी पूरी कोशिश रहेगी की प्रस्तावों पर वित्तीय वर्ष के दौरान कार्य धरातल पर जरूर हो जाएं जिससे ग्रामीण विकास की परिकल्पना सरकार हो सके। बैठक में पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजनारायण तिवारी, प्रधान संघ अध्यक्ष हनुमान प्रसाद द्विवेदी, विक्रम सिंह, संतोष, अलगू प्रधन समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दो गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार को धर्म परिवर्तन कराने की शिकायत की गई थी। इस मामले में पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से धार्मिक साहित्य बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम ने शनिवार को योगेश कश्यप निवासी ग्राम बाजनगर थाना सोनगढ़ी, कासगंज व सुजीत कुमार निवासी ग्राम धौरमऊ थाना देवा को गिरफ्तार किया। दोनों को धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया।

### 105 बिछड़े लोगों को परिजनों से मिलाया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोटवा धाम मेले में पुलिस ने परिजनों से बिछड़े कुल 105 लोगों को अब तक परिजनों से मिलवाया। खोया- पाया केन्द्र पर नियुक्त पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते 105 बिछड़े लोगो को उनके परिजनों को खोज कर मिलवाया।

### चोरी के डीजल के साथ दो आरोपी पकड़े गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाने की पुलिस ने शनिवार को चोरी के डीजल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक जनता के सहयोग से दोनों आरोपियों आशीष सिंह व शिवमूरत निवासीगण शेखपुर मजरे मुजीबपुर थाना देवा को भटेहटा से गिरफ्तार किया गया।

### अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामनगर और रामसनेहीघाट थाने की पुलिस ने शनिवार को चार आरोपियों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक रामनगर पुलिस ने केशवराम व मोनू निवासीगण ग्राम जैदपुर को गिरफ्तार कर उनके पास से 20 लीटर व घनश्याम निवासी बड़नपुर के कब्जे से सात लीटर देशी शराब बरामद की। उधर, रामसनेहीघाट पुलिस ने प्रेमचन्द निवासी ग्राम थोरथिया थाना फतेहपुर को गिरफ्तार किया।

### अवैध खनन की बालू लदे पांच ट्रक सीज, पांच गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना रामसनेहीघाट पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर बालू लदे पांच सीज कर दिये। पुलिस के मुताबिक ग्राम गड़रियन पुरवा मजरे सनौली में अवैध बालू खनन की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पांचों ट्रक चालकों शानू निवासी ग्राम बकसांवा थाना कोठी, विपिन कुमार निवासी ग्राम करौंधी खुर्द थाना सतरिख, दीपू निवासी ग्राम अनवारी थाना कुर्सी तथा कुट्टू निवासी ग्राम अतरौली थाना गुडंबा लखनऊ व अशोक कुमार निवासी सराय कायस्थान थाना सफदरगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### चाकू के साथ तीन गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर, रामनगर व असंद्रा थाने की पुलिस ने शनिवार को एक-एक आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक जैदपुर पुलिस ने शनिवार को मो. अहमद उर्फ मुन्नू निवासी बुनकर कालोनी कस्बा व थाना जैदपुर को पावर हाउस तिराहा से गिरफ्तार किया। उसके पास से एक चाकू बरामद किया गया। असंद्रा पुलिस ने चाकू के साथ लल्ला वर्मा निवासी सिन्नी मजरे सड़वा भेलू को डल्लापुरवा मोड़ से गिरफ्तार किया। रामनगर पुलिस ने चाकू के साथ मो. अहमद निवासी ग्राम मीरपुर थाना रामनगर को बिलौली मोड़ पानी टंकी के पास से गिरफ्तार किया।

### ग्रामीण कृषि मौसम सेवा पर सेमिनार आज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कृषि में जोखिम को कम करने व खेती को आपदा से बचाने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से स्वयंसेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान, बाराबंकी द्वारा विकास खण्ड निन्दूरा के सभागार में रविवार को ग्रामीण कृषि मौसम सेवा विषयक जागरूकता कार्यक्रम व सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने बताया कि इस सेमिनार में भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा मौसम सेवाओं की जानकारी दी जाएगी।

### कय्यूम प्रधान अयोध्या लोकसभा क्षेत्र के बने प्रभारी

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने प्रदेश सचिव कय्यूम प्रधान को जिला अयोध्या लोकसभा का प्रभारी नियुक्त किया है। प्रभारी नियुक्त होने पर कय्यूम प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने जो इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है आगामी लोकसभा चुनाव में जिला अयोध्या में अपनी पूरी टीम को लगाकर जी जान से चुनाव में मेहनत करेगी।

### गलत कार्यों पर अंकुश लगता है धर्म : विशुद्ध मति

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आर्यिका 105 विशुद्ध मति माताजी शनिवार को जैन धर्म के अतिशय क्षेत्र त्रिलोकपुर पहुंची। जहां जैन समाज ने बैंड बाजे के साथ उनका स्वागत किया। जैन समाज की व्यवस्थापक टीम के मुकेश जैन, राजू जैन, नमन जैन, सुनील जैन, अंकुर जैन, कल्याण जैन ने बताया कि श्री दिगम्बर जैन मंदिर में आर्यिका शिरोमणि विशुद्ध मती के 75वें हीरक जन्म समारोह के सम्पन्न होने के बाद कस्बा त्रिलोकपुर स्थित नेमिनाथ मंदिर पहुंचीं। जलाभिषेक आदिनाथ विधान आदि कार्य संपन्न हुए। इसके बाद आर्यिका ने अपने प्रवचन में कहा कि जो व्यक्ति धर्म को साथ लेकर चलता है धर्म भी उसका साथ कभी नही छोड़ता। चाहे जितनी मुश्किल घड़ी हो, धर्म गलत कामों पर अंकुश लगाने का काम करता है।

### विद्युत बिल की जांच करने पहुंची टीम पर हमला

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी , अमृत विचार :** विद्युत कनेक्शन एवं बकाया बिल की जांच करने गांव पहुंची विद्युत कर्मचारियों की टीम पर एक व्यक्ति ने अपने परिवार के साथ हमला कर दिया। दोनों पक्षों की शिकायत पर बदोसराय पुलिस जांच में जुटी है। मामला मरौचा का है। शनिवार को विद्युत सबस्टेशन कोटवाधाम से अवर अभियंता नींबूलाल मीटर रीडर शिवम मिश्रा व लाइनमैन अनुज कुमार के साथ मरौचा गांव में चेकिंग अभियान चला रहे थे। गांव में जाच करते हुए टीम अशोक कुमार के दरवाजे पर पहुंची। जहां अशोक के घर बिना मीटर के कनेक्शन जुड़े होने पर अशोक एवं टीम के बीच कहा सुनी हो गई। अवर अभियंता का आरोप है कि कहासुनी के दौरान ही अशोक अपने भाइयों एवं परिवार की महिलाओं के साथ लाठी-डंडों से हमला बोल दिया और उसका मोबाइल और 1800 रुपए छीन कर सरकारी कागजात फाड़ दिये। घटना की शिकायत पीड़ित अवर अभियंता ने पुलिस से की। वहीं इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष बदोसरांय प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से शिकायत मिली है। दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच की जा रही है।

### दुर्घटना का सबब बन रहे हैं बिजली के पोल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग की उदासीनता कहें या सड़क निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था की अनदेखी जो सड़क बनाने के दौरान विद्युत पोलों को हटाया नहीं गया। सड़क पर लगे विद्युत पोल आये दिन दुर्घटना के सबब बन रहे हैं। गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग से ग्राम पंचायत सहाबपुर एव जहांगीराबाद को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण कार्य में लोकनिर्माण विभाग ने पहले से ही लगे लोहे के विद्युत पोलो को सड़क के किनारे विस्थापित किये बगैर सड़क बना दी, जो राहगीरों एव वाहन चालको के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर सुबह-शाम जाम लग जाता है। छोटे वाहन भी इनके कारण ठीक से निकल नहीं पाते हैं।

# लखनऊ में 20 दिन कराया काम, नहीं दी मजदूरी

हैदरगढ़ बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रतिदिन लखनऊ ले जाकर दो दर्जन से अधिक मज़दूरों से काम कराया। श्रमिकों ने मजदूरी मांगा तो उन्हें रास्ते में ही छोड़ दिया गया। किसी तरह शुक्रवार की रात पैदल घर आए श्रमिकों ने शनिवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

थाना लोनीकटरा के सोनिकपुर गांव के कई मजदूरों ने शनिवार की शाम हैदरगढ़ कोतवाल से आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की। उन्होंने बताया कि हैदरगढ़ थाने के जासेपुर गांव निवासी अल्लन नेता सोनिकपुर के 30 महिला व पुरुष श्रमिकों को प्रतिदिन लोडर वाहन से इंदिरा नहर लखनऊ ले जाता था। उसने नहर की पटरी व जुग्गौर पिच मार्ग की साफ सफाई कराई। देवीदीन, सत्यवादी, वंदना, रिंकी, रामवती, जगदेव, दुर्गेश, बिट्टन, ननकऊ, राम उजागर व राजेश आदि मजदूरों ने बताया कि सभी ने 20 दिन काम किया। किसी को एक भी पैसा नहीं दिया। रोज अगले दिन देने का आश्वासन देता रहा। शुक्रवार की शाम मजदूरों ने अल्लन नेता से मजदूरी के लिए दबाव डाला तो उन्हें जातिसूचक शब्द कहे गए। श्रमिकों ने यह भी आरोप लगाया कि लोडर वाहन से घर लाते समय आधे रास्ते पर ही उन्हें उतार दिया गया। सभी श्रमिक पैसे के अभाव में देर रात पैदल चलकर अपने-अपने घर पहुंचे। पीड़ित श्रमिकों की व्यथा सुनने के बाद कोतवाल अजय प्रकाश त्रिपाठी ने आरोपी को फोन कर थाने आने को कहा। देर शाम तक आरोपी थाने नहीं पहुंचा था।

## मारपीट के चार दोषियों को 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास

**कार्यालय संवाददाता बाराबंकी, अमृत विचार:** न्यायालय ने शनिवार को मारपीट के आरोप में दोषी पाए गए चार लोगों को 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सभी अभियुक्तों को 3-3 हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया है।

दरियाबाद थाने में वर्ष 2013 में मारपीट का एक मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें प्रधान रावत पुत्र छोटी रावत, हरिकेश पुत्र प्रधान, सुखराम उर्फ खोखली पुत्र प्रधान तथा लालजी पुत्र प्रधान निवासी ग्राम पेमई का पुरवा मजरे सैदखानपुर थाना दरियाबाद को नामजद किया गया था। शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषसिद्ध करते हुए अभियुक्तों को 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास व 3-3 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। इस मामले में सत्तन प्रसाद निवासी पेमई का पुरवा मजरे सैदखानपुर थाना दरियाबाद ने मुकदमा दर्ज कराया था कि आरोपियों ने उसके दरवाजे पर आकर मारने-पीटने, गाली गलौज व धमकी दी थी।

# अधूरी पड़ी है परियोजना बोर्ड बता रहा काम पूरा

विकास पाठक,बाराबंकी

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के तहत गांवों में चल रही पेयजल परियोजनाओं में जमकर लापरवाही की जा रही है। अधूरी परियोजनाओं को पूरा बताकर जहां कागजों पर सब ओके बताया जा रहा है, वहीं कार्यस्थल पर लगाए गए बोर्ड में भी गलत सूचनाएं दर्शाने से परहेज नहीं किया जा रहा है जबकि कार्य अभी आधा-अधूरा पड़ा हुआ है। यह लापरवाही तो एक गांव की परियोजना की है। ऐसे ही कई अन्य परियोजनाओं का यही हाल होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

विकास खंड बनीकोडर के अंतर्गत भवनियापुर ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन योजना के तहत 172.71 लाख की लागत से बिछायी जा रही पाइप लाइन का कार्य पूर्ण होने के बावजूद ग्रामीणों को स्वच्छ पीने का पानी तक की सुविधा नहीं मिल सकी है। इसका कारण है की किहां पानी की टंकी बनाने के लिए कार्य तक शुरू नहीं किया है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा कार्य पूर्ति का बोर्ड लगा दिया गया है। कार्यस्थल पर लगाए गए बोर्ड में दर्ज सूचनाओं में बताया गया कि 3 नवम्बर 2022 से शुरू हुआ परियोजना का कार्य एक साल में यानी 2 नवम्बर 2023 को पूरा हो गया है। इस हिसाब से देखें तो गांवों में सिर्फ पाइप लाइन ही बिछाई जा सकी है। वहीं पानी टंकी के निर्माण के लिए आज तक गड्ढा तक नहीं खोदा गया है। बताते चलें कि इस परियोजना से ग्रामीण क्षेत्र की 2297 की जनसंख्या को लाभ मिलना है। वहीं 455 घरों में टोंटी लगाकर पेयजल की आपूर्ति देनी है। इस संबंध में जब अधिशासी अभियंता इं. अमित कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बोर्ड इसलिए लगाया जाता है कि एग्रीमेंट में क्या लिखा है। कार्य को पूरी करने की तिथि के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि अनुबंध के हिसाब से तारीख लिखी जाती है। अनुबंध में बहुत सारी योजनाएं होती हैं। कार्य पूरा होने के बाद बोर्ड में सही व पूरी सूचनाएं दर्शाई जाएंगी।

**सूरत-ए-हाल** | मजदूरी पर 3 करोड़ तो सामग्री पर है 29 करोड़ की देनदारी, नवंबर माह से श्रमिकों को नहीं मिली है मजदूरी, प्रभावित हो रहा है कार्य

# मनरेगा के बजट पर लगा ब्रेक, 32 .53 करोड़ रुपये का हुआ बकाया

रीतेश श्रीवास्तव,बाराबंकी


दरियाबाद में काम करते मनरेगा मजदूर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मनरेगा में श्रमिकों को किसी तरह गांवों में ही रोजगार मिल जा रहा है लेकिन मजदूरी के लिए श्रमिकों को भटकना पड़ रहा है। विभाग श्रमिकों को मजदूरी देने में फिसड्डी साबित हो रहा है। मनरेगा बजट पर ब्रेक लगने से करीब तीन माह से हजारों श्रमिकों की तीन करोड़ की मजदूरी बकाया है। सामग्री पर 29 करोड़ से अधिक की देनदारी हो गई है। श्रमिकों को मजदूरी न मिलने से उनके सामने दो वक्त की रोटी की दिक्कतें खड़ी हो गई हैं।

प्रशासन की तरफ से स्कूलों में बाउंड्रीवाल, अमृत सरोवर, खेल मैदान का निर्माण आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। श्रमिकों को मजदूरी न मिलने से जहां मजदूर परेशान हैं, वहीं प्रधानों पर बोझ है। जिले में मनरेगा कार्डधारकों की संख्या चार लाख 57 हजार 282 हैं। इसमें 2 लाख 26 हजार 31 कार्डधारक सक्रिय हैं। समय पर मजदूरी दिलाने के लिए सक्रिय कार्डधारकों के आधार कार्ड की फीडिंग कर दी गई है। । इस पर साढ़े 32 करोड़ रुपये का बकाया हो गया है। मजदूरी न मिलने से श्रमिकों के सामने रोजी-रोटी का संकट भी खड़ा हो गया है। सीडीओ अन्ना सुदन ने बताया कि मनरेगा बजट को लेकर प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही बजट मिलने पर सभी श्रमिकों का भुगतान किया जाएगा। श्रमिकों को किसी प्रकार से दिक्कतें न हों, इसका ध्यान रखा जाएगा।

**ब्लॉकवार बकाया मजदूरी व सामग्री पर एक नजर धनराशि लाख में**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बनीकोडर | 243 .17 | निंदूरा | 464 .54 |
| बंकी | 29 | पूरेडलई | 135 .17 |
| दरियाबाद | 155 .83 | रामनगर | 424 .81 |
| देवा | 164 .67 | सिद्धौर | 340 .19 |
| फतेहपुर | 179 .41 | सि .गौसपुर | 355 .26 |
| हैदरगढ़ | 106 .5 | सूरतगंज | 358 .85 |
| हरख | 105 .63 | त्रिवेदीगंज | 123 .75 |
| मसौली | 66 .64 | | |
| कुल बकाया राशि | | 3253 .41 | |

### 15 दिन में भुगतान का दावा खोखला

विकास खंड दरियाबाद में मनरेगा के करीब 29244 जॉब कार्डधारक हैं। इनमें से 15434 जॉब कार्डधारक ही सक्रिय हैं। शेष ने मनरेगा से नाता ही तोड़ रखा है। इसका सबसे बड़ा कारण समय से मजदूरी का नहीं मिलना बताया जा रहा है। नियमों के अनुसार तो काम करने के 15 दिन के अंदर मजदूरी का भुगतान हो जाना चाहिए। रोजगार सेवक के मस्टर रोल बनाने से लेकर बीडीओ के एफटीओ जारी करने तक की प्रक्रिया पूरी करने के लिए ब्लॉक को आठ दिन मिलते हैं। इसके बाद एक सप्ताह के अंदर अन्य औपचारिकताएं पूरी करके धनराशि मजदूरों के खातों में भेजने की जिम्मेदारी बैंकों की होती है। ब्लॉक के श्रमिकों का करीब दो करोड़ रुपये बकाया है। भुगतान नहीं होने से श्रमिकों ने शहरों की तरफ रुख कर लिया है। इससे अमृत सरोवर आदि का काम तकरीबन ठप है।

**न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, कक्ष सं.-2, बरेली**
वाद सं.- 661/2023

1. रजनी गौतम आयु लगभग 36 वर्ष पुत्री श्री त्रिचक गौतम पत्नी अरविन्द कुमार निर्मल। 2. नव्या उर्फ अनिका निर्मल नावालिग जन्मतिथि 20.09.2011 वर्ष पुत्र अरविन्द कुमार निर्मल 3. आरव निर्मल नाबालिग जन्मतिथि 04.02.2013 वर्ष पुत्र अरविन्द कुमार निर्मल द्वारा। संरक्षिका सगी माता रजनी गौतम निवासीगण गंगवार इंक्लेव निकट योगेश गैस गोदाम, थाना इज्जतनगर, जिला बरेली हाल नि. 205 मो. आलोकनगर निकट एयरफोर्स स्टेशन थाना इज्जतनगर, बरेली अरविन्द कुमार निर्मल आयु लगभग 46 साल पुत्र रामप्रकाश कुरील निवासी 205 मोहल्ला आलोकनगर, निकट एयरफोर्स स्टेशन थाना इज्जतनगर, जिला बरेली। द्वितीय कार्यस्थल का पता:- थीम इंजीनियर प्रा. लि. कम्पनी शिवाय टावर कानपुर लखनऊ रोड, सैक्टर-बी बरगवां आलमबाग, लखनऊ-यू.पी. 226012 धारा- 125 crpc थाना- इज्जतनगर, बरेली

चूंकि रजनी गौतम ने आपके खिलाफ न्यायालय में एक मुकदमा वास्ते 125 crpc प्रस्तुत किया है। अत: आपको एतद्द्वारा निर्देशित किया जाता है कि आप नियत दिनांक 16.03.2024 को वास्ते लिखित कथन/ एवज राजीनामा प्रयास हेतु स्वयं उपस्थित हों। यह भी निर्देशित किया जाता है कि लिखित कथन पर स्वयं का पासपोर्ट आकार का फोटो अवश्य चिपकाया जाये। विशेष रूप से निर्देशित किया जाता है कि लिखित कथन प्रस्तुत के समय अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित न होवे। नियत दिनांक 16.03.2024 पर आपके द्वारा पैरवी न किये जाने की स्थिति में वाद की सुनवाई नियमानुसार की जावेगी।

आदेशानुसार
अपर प्रधान न्यायाधीश
पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं.-2, बरेली



जीजीआईसी के बाहर परीक्षार्थियों की भीड़।



राजा चंद्रचूड़ सिंह इंटर कालेज में प्रवेश का इंतजार करते परीक्षार्थी।



बस स्टेशन के निकट परीक्षा केंद्र की जानकारी लेतीं अभ्यर्थी।

# गणित का प्रश्न देख चकराया सिर, हिंदी से मिली राहत

- आरक्षी पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा
- जिले के 33 परीक्षा केंद्रों पर 29530 अभ्यर्थी हुए शामिल
- आईजी ने कई परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण
- डीएम ने एसपी के साथ कंट्रोल रूम से केंद्रों की देखीं गतिविधियां

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा जिले के 33 परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। सुबह से ही प्रवेश के लिए परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों हुजूम उमड़ा रहा। बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन पर मेला जैसा माहाल रहा। इस दौरान जांच के बाद ही अभ्यर्थियों कक्षों के अंदर जाने दिया गया।

वहीं प्रशासनिक अमला सुबह से ही परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सड़कों पर दौड़ता रहा। किसी भी तरीके की समस्या न होने पाए इसके लिए पुलिस प्रशासन चप्पे चप्पे पर नजर बनाए हुए है। आईजी तरुण गाबा ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। वही एसपी अभिषेक अग्रवाल के साथ डीएम हर्षिता माथुर ने कंट्रोल रूम से केंद्रों की गतिविधियों को देखा। परीक्षा के दोनों पालियों में 29530 अभ्यर्थी शामिल हुए। एडीएम (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रत्येक पाली में कुल 15408 शामिल होने थे। दोनों पालियों में 1266 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली में 14785 उपस्थित, जबकि 623 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 14765 उपस्थित और 643 अनुपस्थित रहे। इस दौरान अभ्यर्थियों के चेहरे पर परीक्षा का दबाव भी साफ देखने को मिला। गणित के प्रश्न को लेकर आपस में बातचीत करते दिखाई। वहीं हिंदी को लेकर काफी खुश रहे। ऊंचाहार क्षेत्र के बाबा का पुरवा मजरे इटौरा बुजुर्ग गांव स्थित पंचशील इंटर कॉलेज में में प्रथम पाली में 480 में से 455 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें 23 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 480 अभ्यर्थियों में 458 परीक्षा में शामिल हुए। इसमें 22 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। यह जानकारी केंद्र व्यवस्थापक रमेश कुमार ने दी। केंद्र पर एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी, सीओ अरुण कुमार नौवहार, कोतवाल अनिल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

वहीं महराजगंज क्षेत्र के राजा चंद्र सिंह विद्यापीठ इंटर कॉलेज और अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज में यूपी पुलिस की परीक्षा कड़ी निगरानी के बीच संपन्न हुई। इस दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास के नुक्कड़ और चौराहों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षा शुरू होने के पूर्व व समाप्त होने के बाद सड़कों पर जाम जैसी स्थिति बनी रही। अम्बेडकर महिला डिग्री कॉलेज में हुई परीक्षा की प्रथम पाली में 12 व द्वितीय पाली की परीक्षा में 28 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।



परीक्षा केंद्र पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा तो नहीं हुई, लेकिन परीक्षा में समय की कमी जरूर अखरी। इसके कारण कई सवाल छूट गए। थोड़ा और समय मिलना चाहिए था।

–दीक्षा सिंह



प्रथम पाली होने की वजह से जाने में कोई दिक्कत नहीं हुई, लेकिन घर वापसी के समय काफी जाम का सामना करना पड़ा। रही बात पेपर की पेपर तो बहुत अच्छा आया था उम्मीद है सिलेक्शन भी हो जाएगा।

–शिवम मिश्रा



अपनी परीक्षा केंद्र आराम से पहुंच गई और प्रथम पाली का पेपर थोड़ा कठिन था। पेपर के हिसाब से समय बहुत कम मिला। गणित के प्रश्न उलझाऊ, जबकि हिंदी बहुत सरल आई थी।

–अमिता सिंह



प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिससे परीक्षार्थी आराम से अपने परीक्षा केंद्र पहुंच गए। पेपर काफी अच्छा हुआ है। उम्मीद है कि चयन हो जाएगा।

–विपिन जयंत



कंट्रोल रूम में गतिविधियों को देखतीं डीएम हर्षिता माथुर व साथ में एसपी अभिषेक अग्रवाल।



निरीक्षण करते आईजी तरुण गाबा। अमृत विचार

## यातायात व्यवस्था ध्वस्त, सड़क पर रेंगते निकले वाहन

- जाम हटवाने में पुलिस कर्मियों को छूटा पसीना, भटकते रहे अभ्यर्थी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शनिवार को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा की वजह से शहर के प्रमुख मार्गों में दिन भर जाम लगा रहा। इसके चलते अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहरवासी भी व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय प्रशासन को कोसते रहे। उन्हें धूप में परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि, चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जूझते रहे। परीक्षा के बाद रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी अभ्यर्थियों की भीड़ रही।

पुलिस भर्ती के लिए 33 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों के कारण परीक्षा केंद्रों के बाहर सड़क और आसपास भीड़ रही। पहली पाली की परीक्षा छूटने के बाद शहर के पुलिस लाइन रोड, डिग्री कालेज, सिविल लाइन सहित शहर के विभिन्न मार्गो पर जाम लग गया। यही हाल दूसरी पाली की परीक्षा शुरू होने के पहले और छूटने के बाद भी दिखाई दिया। जीजीआईसी के पास लगे जाम को कोतवाल राजेश सिंह ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया। वही पुलिसकर्मी दिन भर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने में कड़ी मशक्कत करते रहे। यातायात निरीक्षक अजय तोमर ने बताया कि अचानक वाहनों का दबाव बढ़ने से जाम के हालात पैदा हुए थे, जिसे नियंत्रित करने में यातायात पुलिस कर्मियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।



कचेहरी रोड पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार



बस स्टेशन रोड पर लगा जाम। अमृत विचार

## मत हों परेशान, परीक्षा में बनाए रखें धैर्य और आत्मविश्वास

- बोर्ड परीक्षा पर शिक्षाविदों ने परीक्षार्थियों को सफलता के बताए गुर

सुशील शुक्ल, लालगंज, रायबरेली



दीप प्रकाश शुक्ला



डॉ. मोनिका मिश्रा



अंजू सिंह



सुनील सिंह

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा की तिथियां अब नजदीक हैं। ऐसे में परीक्षार्थियों के चेहरों पर परेशानी साफ देखी जा सकती है। वजह उन पर महज उत्तीर्ण होने का ही नहीं बल्कि बेहतर अंक लाने का दबाव भी है। अभिभावक से लेकर हर किसी की निगाह लगी हुई है। ऐसे में लाजमी है कि दबाव में बेहतर करने के लिए पूरी तैयारी से विद्यार्थी लग गए होंगे। इन परिस्थितियों में बच्चों को अभिभावकों के साथ ही गुरुजनों की बेहद जरूरत होती है, जो सफलता के लिए बेहतर टिप्स दे सके। कुछ ऐसे शिक्षाविदों से बातचीत की गई, जिन्होंने सफलता के गुर बताते हुए बिना दबाव के परीक्षा में शामिल होने की बात कही। इससे ना केवल परीक्षार्थी बेहतर अंक प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि दबाव में भी नहीं आएंगे।

लालगंज के चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज के व्यवस्थापक और शिक्षाविद दीप प्रकाश शुक्ला ने परीक्षा में भाग लेने जा रहे विद्यार्थियों को धैर्य के साथ परीक्षा देने की नसीहत दी है। बचे हुए समय में पाठ्य सामग्री को फिर से रिवीजन कर लेखन शैली पर भी ध्यान देंगे तो अच्छे अंक प्राप्त होंगे। सीएमपीएस भी बोर्ड परीक्षा का सेंटर है। वही रघुवीर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साइंसेज लालगंज की निदेशक और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मोनिका मिश्रा ने कहा है कि निरंतर अभ्यास से ही परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाये जा सकते हैं लेकिन परीक्षा के समय भी अगर मन लगाकर विषय को दोहरा लिया जाए और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दी जाए तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। परीक्षा के समय खान-पान पर भी विषय ध्यान रखना चाहिए।

एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज की प्रधानाचार्य अंजू सिंह ने भी सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा देने जा रहे बच्चों से एकाग्र होकर पेपर देने को प्रेरित किया है। एसजेएस का सेंटर एमसीएफ रेल कोच जा रहा है। बीएमपीएस स्कूल के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने कहा है कि बच्चों को एक बार पूरा प्रश्न पत्र देख लेना चाहिए, विषय कठिन नहीं होते हैं। एकाग्रता ही सफलता की कुंजी है।

## एक नजर

### 21 को परशदेपुर आएंगी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी 21 फरवरी को परशदेपुर आएंगी। वह मटियारा चौराहे पर सहकारिता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। आयोजक जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

### बाइक चोरी

**सरेनी, रायबरेली।** पूरे बाबू मजरे लालपुर गांव निवासी अजीत साहू पुत्र राम शंकर साहू बीती रात अपनी बहन फूलमती साहू की बाइक लेकर थाने के लखनापुर गांव में तिलक चढ़ाने आया था। बाइक खड़ी कर वह तिलक की रस्मो में व्यस्त हो गए। तिलक समारोह से निकला तो बाइक गायब मिली। पीड़ित ने थाने में तहरीर दिया। घटना का शीघ्र खुलासा कर लिया जाएगा।

### वितरित किया प्रसाद

**डीह, रायबरेली।** शनिवार को अमेठी सांसद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के द्वारा भेजे गए अयोध्या धाम के प्रसाद का वितरण किया गया। डीह, रामलीला, पुरानी बाजार आदि जगहों पर मंडल महामंत्री राजकुमार द्विवेदी, अनुराग शास्त्री, राहुल सिंह, विमलेश, शाहिद अंसारी आदि ने प्रसाद वितरित किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज लखनापुर में शुभकामना अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बच्चों के साथ वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया।

सभी ने कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की। प्रबंधक राकेश त्रिवेदी ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले यही पहली प्राथमिकता है। क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद मिश्र ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत और समर्पण भाव का नतीजा है कि हर साल हमारे विद्यालय का परीक्षा परिणाम बेहतर आता है। प्रधानाचार्य कालीकिशोर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए अच्छे अंक के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर आचार्य रमेश, दिनेश, अकबाल, सुशील, अभिषेक, हितेश, अजय, रंजीत, विवेक दत्त, अभिषेक निगम, सुरेशवीर, विष्णुकांत, मननूलाल, प्रशांत, सीता, पूनम, आंचल, शिमला आदि मौजूद रहे।

# मवेशियों से लदे वाहन को एएसपी व एडीएम ने रोका

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर ले जा रही एक पिकप को एडिशनल एसपी नवीन सिंह और एडीएम प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने सलोन बाजार में रोक लिया। इसके बाद वाहन चालक द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने पर गोवंशो को गौशाला भेज दिया। वहीं पशु चिकित्सक ने पुलिस की कार्यवाही को गलत बताते हुए कहा कि शिकायत के आधार पर सभी गोवंशों को गौशाला भेजी जा रही थी। शायद क्षमता से अधिक मवेशी रखने पर कार्रवाई की गई हो।

शनिवार को एडिशनल एसपी और एडीएम सलोन क्षेत्र में थे। इसी दौरान कस्बे के सबसे व्यस्ततम बाजार से एक पिकप पर लगभग आधा दर्जन गोवंश बेतरतीब तरीके से लदे हुए दिखाई दिया। दोनों अधिकारियों बाजार में ही गाड़ी को रोकवाकर मवेशियों के बारे में जानकारी मांगी। लेकिन गाड़ी और सवार युवकों द्वारा कोई संतोष जनक उत्तर नही दिया गया। इसके बाद एडिशनल एसपी ने फटकार लगाते हुए सलोन पुलिस को बुलाकर गोवंशों को गौशाला भेजने के निर्देश दे दिए। जांच के दौरान पता चला कि गोवंशों को पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा गौशाला भेजी जा रही थी। इस संबंध में पशु चिकित्सक सूची मनोज कुमार का कहना है कि तहसील समाधान दिवस में गोवंशों को लेकर ग्रामीणों ने काफी शिकायते दर्ज कराई थी। आदेश के अनुसार मवेशियों को गौशाला भेजा जा रहा है। एसडीएम आशुतोष राय ने बताया की गोवंशों को गौशाला भेजा जा रहा था। हालाकि मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया की जिस तरह से गोवंशों को पिकप पर लादा गया था, उससे मवेशियों की जान भी जा सकती थी। इस तरह का प्रकरण पशु क्रूरता में आता है।



पिकअप पर बेतरतीब तरीके से लदे गोवंश। अमृत विचार

## शिक्षिका का अनूठा प्रयास, गाने पर थिरक रहे नौनिहाल

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों को लेकर अभिभावक अब आकर्षित होने लगे हैं। वजह, बीएसए की प्रेरणा से शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर दिए नए तरीके से पढ़ाने को लेकर किए जा रहे प्रयोग का होना है। कुछ दिन पहले प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक का रामधुन पर बच्चों को डांस कराते वीडियो वायरल हुआ था। ऐसा ही वीडियो एक बार फिर वायरल हुआ है। यह वीडियो डलमऊ तहसील के एक प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षिका का है।

डलमऊ तहसील के प्राथमिक विद्यालय सुरसना में तैनात शिक्षिका रिद्धि बाजपेयी हाल ही में स्थानांतरित होकर आई हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चों को निपुण बनाने के लिए हर दिन प्रयास किया जा रहा है। इसका असर भी अब दिखने लगा है। शैक्षणिक गुणवत्ता हर दिन बेहतर होती जा रही है।

## सार-संक्षेप

### रायबरेली की रेल पहिया फैक्ट्री का उच्चीकरण जल्द से जल्द

**लालगंज, रायबरेली।** जिले के लालगंज स्थित विश्व की अत्याधुनिक रेल पहिया फैक्ट्री का उच्चीकरण कर उसको दोगुनी कैपेसिटी पर उत्पादन शुरू करना चाहिए। इस फैक्ट्री को जल्द से जल्द केंद्रीय इस्पात मंत्रालय से हटाकर केंद्रीय रेल मंत्रालय के अधीन किया जाना चाहिए। यह बात भाजपा नेता और सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने लालगंज स्थित रेल पहिया फैक्ट्री भ्रमण करने के दौरान रेल मंत्री को लिखे अपने पत्र में कही। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने महाप्रबंधक से भेंट की। बताया कि कारखाना जो कि 2013-14 में 1683 करोड़ का बनना था, वह 2022 में 2280 करोड रुपये लगाकर पूरा किया गया। 37 एकड़ के प्रांगण में फैला हुआ यह कारखाना प्रोपेन नाम की फ्यूल गैस पर चलता है और इसे विदेशी कंपनी एसएमएस ग्रुप ने स्थापित किया है।

### रास्ते में रोककर दुकानदार को पीटा

**ऊंचाहार, रायबरेली।** रात में दुकान बंद करके कार से अपने घर जा रहे व्यवसाई को चार लोगों ने रास्ते के रोककर मारपीट की और उसे धमकी देकर भाग गए। पीड़ित दुकानदार ने शनिवार को मामले की शिकायत कोतवाली में की है। निरंजनपुर मजरे खुर्रमपुर निवासी दीपक कुमार की सवैया राजे के पास दुकान है। शुक्रवार की रात करीब दस बजे वह दुकान बंद करके कार से अपने घर जा रहे थे, तभी रास्ते में भैंसासुर सवैया गांव के पास चार लोगों ने उसे रोक लिया और उसकी जमकर पिटाई की। मारपीट करने के बाद हमलावर उसे धमकी देकर भाग गए। कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि मारपीट शराब की दुकान के पास हुई है। इस बारे में आसपास के लोगों से बातचीत करके असलियत का पता लगाया जा रहा है ।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का मिला शव

**बछरावां, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत शेखपुर समोधा गांव के पास कोटे से राशन लेकर आ रहे चंद्रशेखर पुत्र पुनवासी निवासी गोझवा मनाखेड़ा थाना बछरावा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे खंती में ग्रामीणों ने देखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### फरार बंदी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता, रायबरेली।** एक साल से से जिला कारागार में एनडीपीएस एक्ट के तहत निरुद्ध बंदी शुक्रवार को दीवानी कचहरी से उस समय पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। उसे जब पेशी के लिए कचहरी लाया गया था। कचहरी से बंदी के फरार होने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा रहा। बंदी को पकड़ने के लिए पुलिस ने दबिश देनी शुरू कर दी। शनिवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अमेठी जनपद के फुरसतगंज थाना क्षेत्र के गुलाब शाह का पुरवा निवासी नदीम पुत्र शाकिर शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था को धता बता फरार हो गया था। नदीम एक साल साल से जिला कारागार में एनडीपीएस एक्ट के तहत जिला जेल में बन्द है। उसे पेशी पर न्यायालय लाया गया था। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि बंदी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### पेड़ से टकराई बाइक, चालक की मौत दूसरा घायल

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गई, जिसमें चालक की मौत हो गई, जबकि युवक की हालत गंभीर होने पर जगतपुर सीएससी में भर्ती कराया गया। शनिवार को शंकरपुर गांव के रहने वाले महेंद्र कुमार पुत्र हीरालाल बाइक से अपने एक साथी को लेकर अपने घर जगतपुर की तरफ से आ रहे थे। तभी उनकी बाइक गांव के पास ही एक पेड़ से अनियंत्रित होकर टकरा गई, जिसमें बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल को जगतपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। थानेदार बबिता पटेल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है। दूसरा घायल है, जिसका उपचार चल रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा जाएगा

## मांटेसरी ग्रेजुएशन सेरेमनी में नन्हे-मुन्नों ने मचाया धमाल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** रायन इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि निफ्ट डायरेक्टर नंदन सिंह बोहरा और विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा अतिथियों को उनके सम्मान में विद्यालय गेट पर गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। प्रधानाचार्या सदफ खान ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु यीशु की वंदना से हुआ। मांटेसरी के छात्रों द्वारा बार्बी डांस पर लोगों ने खूब तालियां बजाई। कक्षा छह के छात्रों द्वारा राजस्थानी नृत्य, कक्षा आठ के छात्रों द्वारा मिशन चंद्रयान पर आधारित एक गीत का प्रस्तुत किया। मांटेसरी के छात्रों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। छात्र शिवांश को रॉयन प्रिंस एवं शानवी श्रीवास्तव को रायन प्रिंसेस के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके बाद विद्यालय के मेधावी छात्रों को विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया, एकेडमिक्स के क्षेत्र में छात्र वरदान वर्मा, स्पोर्ट्स में श्रेष्ठ मौर्य, कला में रिद्धिमा सिंह, संगीत में छात्रा वसुधा सिंह, टेक्नोलॉजी अवार्ड हिमांशु शर्मा और लीडरशिप का अवार्ड छात्र अवंतिका चौधरी को प्रदान किया गया।



छात्र को सम्मानित करते सांसद प्रतिनिधि केएल शर्मा।

## चिकित्सकों ने सेहतमंद होने व बेहतर इलाज के दिए टिप्स

**संवाददाता, रायबरेली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से वार्षिक मेडिकल कॉन्फ्रेंस 7वी रीमाकान का आयोजन रिसॉर्ट किया गया। कॉन्फ्रेंस में विभिन्न चिकित्सा विषयों पर सत्र आयोजित किए गए और इन सत्रों में देश भर के जाने-माने चिकित्सकों ने व्याख्यान दिया। साथ सेहत का राज बताते हुए जिले के डॉक्टरों को नवीनतम चिकित्सा ज्ञान और तकनीकों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि केजीएमयू के सर्जरी विभाग के डॉ. संदीप कुमार ने अच्छे इलाज के नायाब नुस्खे के बारे में बताया। चंदन हॉस्पिटल के डॉ. एके सिंह ने इंहेलर के सही उपयोग के बारे में बात की। डॉ. विजयलक्ष्मी भाटिया (डिपार्टमेंट ऑफ़ एंडॉक्रिनलॉजी, एसजीपीजीआई लखनऊ) ने ग्रोथ में बच्चो की लम्बाई न बढ़ने के उपचार के बारे में बताया। डॉ. अजय कुमार क्रिटिकल केयर इंचार्ज अपोलो मेडिक्स हॉस्पिटल लखनऊ ने सेप्टिक शॉक के प्रशिक्षित के बारे में नवीनतम अपडेट साझा किया। विवेकानंद हॉस्पिटल के डा. अर्पित गुप्ता ने किडनी रोग से संबंधित, डॉक्टर अरुण कुमार पांडे (एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, लखनऊ) ने प्रेगनेंसी के दौरान होने वाली डायबिटीज के बारे में चर्चा की। आईएमए अध्यक्ष डॉ ब्रजेश सिंह और आयोजन सचिव डॉ डीआर मौर्य ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में डॉ केपी वर्मा, डॉ राजेश गुप्ता, आईएमए सचिव डॉ. ओमिका चौहान, डॉ. मनीष चौहान, डॉ अमित राज शर्मा, डॉ मनोज, मल्होत्रा, डॉ विपिन गुप्ता, डा. केएस सिंह, डा. एके मेहरोत्रा, डा. अरविंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष डा.सीबी सिंह आदि मौजूद रहे




कार्यक्रम का उद्घाटन करते आईएमए अध्यक्ष व अन्य चिकित्सक।

## एक नजर

### चाकू के साथ एक बंदी

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली पुलिस ने प्रीतम यादव पुत्र वीरेंद्र यादव निवासी सुआ खेड़ा को अंबरपुर से उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह चाकू लेकर घूम रहा था। प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह ने बताया कि अंबरपुर मोड़ के पास एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूम रहा था। पुलिस टीम ने जब उसे पकड़ना चाहा तो वह भागने लगा। दौड़ाकर उसे पकड़ा गया।

### दो के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ठकुराइन खेड़ा मजरे यूसुफपुर गांव में वॉलीबॉल खेलते समय मारपीट की घटना हुई थी। घटना में घायल अमन पासवान पुत्र शंभू ने गांव के ही हरिभान सिंह व अनुभव सिंह पुत्रगण सुशील सिंह के खिलाफ गाली गलौज करने सहित मारपीट करने के बाबत मुकदमा दर्ज कराया है। अमन पासवान का कहना है कि गांव में वॉलीबॉल हो रहा था हम लोग भी वॉलीबॉल खेल रहे थे। तभी आपस में कहा सुनी हो गई। मामले में पुलिस ने मेडिकल करा कर मामला दर्ज किया है।

### तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** टेंपो चालक ने कस्बे के ही रहने वाले एक युवक व उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाया है। हीरालाल सोनी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह टेंपो लेकर ऊंचाहार की तरफ जा रहा था। तभी कुमेडनगंज के पास कस्बा निवासी शिवम अग्रहरि व दो अज्ञात साथियों के साथ पहुंचे और मारपीट करने लगे। थाना प्रभारी बबिता पटेल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर एक नामजद व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया।

### करंट से झुलसी युवती

**डीह, रायबरेली।** शनिवार को बिजली के बोर्ड में तार लगाते समय मीना निवासी पुरे कनपुरियां करंट की चपेट में आ गई। उसकी चीख पुकार सुनकर परिजन पहुंचे तो किसी तरह वहां से हटाया। इसके बाद हालत गंभीर होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# दो घंटे में लापता बच्चे को पुलिस ने किया बरामद

**लालगंज, रायबरेली।** पुलिस की सतर्कता से लापता बच्चे को दो घंटे में तलाश लिया गया। रानीपुर निवासी हरिमोहन पुत्र धुन्नी ने बताया कि उनका 14 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार गायब हो गया था। वह अपनी पीड़ा लेकर लालगंज कोतवाली पहुंचे, जैसे हो उन्होंने अपनी बात कोतवाल को बताई। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने तुरंत टीमें गठित कर अनुज की खोज में पुलिस कर्मियों को दौड़ा दिया। स्वयं भी अनुज की खोज में निकल गए। तत्परता का नतीजा दो घंटे के अंदर ही आ गया और लालगंज पुलिस ने गायब हुए बालक अनुज को खोज निकाला। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि उनको गरीब मजलूमों की सहायता के लिए ही पुलिस की वर्दी मिली है और उन्होंने अनुज को खोज निकालकर अपना फर्ज निभाया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कोतवाल की तत्परता और बच्चे के खोज निकालने के कार्य की सराहना की है।

# बीएसए ने स्मार्ट क्लॉस का किया उद्घाटन

▸▸ सतांव ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय शंकरगंज का वार्षिकोत्सव

संवाददाता, रायबरेली



वार्षिकोत्सव में बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह के साथ शिक्षक-शिक्षिका और छात्र-छात्राएं।

**अमृत विचार।** सतांव ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय शंकरगंज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही बेहतर प्रदर्शन और भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों ने अपने मनमोहक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। साथ ही विद्यालय के निपुण हो चुके बच्चों को मेडल पहना कर सम्मानित किया। बीएसए ने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालय के समस्त 19 पैरामीटर को पूर्ण करने में सहयोग करने के लिए मनेहरू ग्राम सभा के प्रधान सुरेश कुमार यादव को शॉल पहना कर तथा स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ साथ अनेक शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। बीएसए ने विद्यालय तथा विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका एवं राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता सविता सिंह के साथ शिक्षिका रोशनी, शशि, विमलेश, पूजा ,वंदना, सविता तथा विवेक की विद्यालय को एक मॉडल स्कूल के रूप में परिवर्तित करने के लिए मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने ने कहा कि विद्यालय को और ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए जो जिस स्तर पर है, वह अपना भरपूर सहयोग दे ताकि इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके।

# न्याय यात्रा में उमड़ेगा जनसैलाब सभी को बेसब्री से राहुल का इंतजार

▸▸ गढ़ को सशक्त बनाने में लगे सांसद प्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह

धर्मेंद्र प्रधान, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पहले अपने पुरखों की कर्मभूमि पर सामाजिक सद्भाव व आपसी भाईचारा की मशाल लिए कांग्रेस के युवा नेता व सांसद राहुल गांधी आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर 20 फरवरी को शहर आ रहे है। न्याय यात्रा के स्वागत व अभिनंदन को तैयार रायबरेली की आवाम जगह-जगह उत्साह में बैनर व स्वागत द्वार बना रही है। अपने नेता की झलक पाने को कांग्रेसियों में उत्साह है।

राहुल गांधी के रायबरेली आने की खबर से कांग्रेस के संगठन को भी बल मिलेगा। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी का रायबरेली में पहली बार आगमन हो रहा है। पार्टी संगठन द्वारा न्याय यात्रा को लेकर दिन रात मेहनत की जा रही है। लम्बे समय से गांधी परिवार के किसी सदस्य के रायबरेली न आने के कारण जहां आवाम में कुछ नाराजगी थी। वही अब राहुल के आने की जानकारी मिलने पर लोगों में उत्साह झलक रहा है।

कांग्रेस कार्यालय पर सुबह से नेता और कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहता है। राहुल के आने के बाद निश्चित रूप से कांग्रेसियों में उत्साह का संचार होगा। कहीं ना कहीं आने वाले लोकसभा चुनाव में संजीवनी का काम करेगी। सांसद सोनिया गांधी की चिट्ठी के बाद राहुल का रायबरेली आना कांग्रेसियों के लिए अहम माना जा रहा है।



यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में खुशी है। पार्टी संगठन द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक एक कार्यकर्ता अपने अपने स्तर से जी जान लगाकर मेहनत कर रहा है। तैयारियों को संगठन द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। उम्मीद है कि यात्रा में अपार जनसमूह शामिल रहेगा।

**-केएल शर्मा, सांसद प्रतिनिधि**



अमेठी से चलकर रायबरेली की सीमा में पहुंचते ही यात्रा का स्वागत किया जाएगा। कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज है। अपने नेता के आने को लेकर सभी बेताब है। सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। जिले के हर क्षेत्र से कार्यकर्ताओं की भीड़ रहेगी।

**-पंकज तिवारी जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी**



यात्रा को लेकर पार्टी युवा संगठन भी मेहनत कर रहा है। बड़ी संख्या में युवाओं को यात्रा में शामिल कराया जाएगा। अपने नेता से मिलने के लिए एक एक कार्यकर्ता उत्साहित है।

**-मोहित मौर्या, अध्यक्ष युवा कांग्रेस**

### जिले की सीमा पर पहुंचते ही होगा जोरदार स्वागत

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर जैसे ही जिले की तरफ आएंगे वैसे ही कांग्रेसी यात्रा का जोरदार स्वागत करेंगे। भारत जोड़ो नया यात्रा का स्वागत संदी नागिन, राही, मोटल चौराहा, सिविल लाइन, डिग्री कालेज चौराहा, जे जे प्लाजा, हाथी पार्क, चंदापुर, सुपर मार्केट, रामकृपाल चौराहा, कैपरगंज, कहारो का अड्डा, जहानबाद, गल्ला मंडी व रतापुर में यात्रा का स्वागत कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। उसके बाद यह यात्रा लखनऊ की तरफ रवाना हो जाएगी।

# 126 युवाओं को मिला रोजगार

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** शुक्रवार को ब्लाक परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास मिशन के तहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 126 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में निजी कंपनियां मदर्शन सुमी प्राइवेट लिमिटेड, लेंसकार्ट, पीपल ट्री एडवेंचर व एससीएम गारमेंट ने 289 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया। जिसमें 126 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी धर्मेंद्र यादव, जिला कौशल प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश पाल, पत्र वाहक हरिकेश सिंह, रामौतार, हरिओम साहू, सुरेश, साधना पाल, रश्मि उपाध्याय, संजय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### विद्यालय में बच्चों का संवरेगा भविष्य



मून लैंड पब्लिक स्कूल। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली।** मूनलैंड पब्लिक स्कूल का शुभारंभ ऊंचाहार मे किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ आरएस दूबे कुलपति जेआरआर संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर, राजस्थान ने फीता काटकर कि। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के विद्यालय खुलने से शिक्षा अच्छी मिलेगी और बच्चो का भविष्य भी बनेगा। विशिष्ट अतिथि मास्टर मोहम्मद अहमद ने विद्यालय संचालन की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी, डॉ. आईपी सिंह व मिथिलेश मिश्रा ने खुशी जताई। विद्यालय के डायरेक्टर एम. चंदा ने कहा कि विद्यालय मे शिक्षा के साथ विद्यालय मे सारी सुविधा दी गई, जिससे बच्चो की शिक्षा अच्छी मिल सके। प्रबंधक एमडी अंसारी ने बेहतर शिक्षा दिलाने की बात कही। यशराज कौशल ने भी विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत प्रसिद्धि, श्रद्धा, भूमिका और अपर्णा द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में राजेश सोनी, इमरान, हम्माद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

### चोरी से कनेक्शन जोड़ने के मामले में अभियोग पंजीकृत

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर में एक किसान की विद्युत बिल काफी दिनों से बकाया था। विभाग की टीम ने बकायेदार का कनेक्शन काट दिया। वहीं बकायेदार ने चोरी से कनेक्शन जोड़ लिया और बिल नहीं जमा किया, जिसको लेकर उसके खिलाफ अभियोग पंजीकृत करवाया गया। अवर अभियंता चंद्रेश पटेल ने बताया कि शंकरपुर गांव निवासी श्यामलाल पुत्र लक्ष्मण का घरेलू विद्युत बिल काफी दिनों से बकाया था। इसको लेकर उसका कनेक्शन काट दिया गया था। इसके बाद भी उसने बिना विद्युत बिल जमा किए ही अपना कनेक्शन चोरी से जोड़ लिया था। सूचना के बाद श्याम लाल के खिलाफ चोरी से कनेक्शन जोड़ने के आरोप में अभियोग पंजीकृत करवाया गया।

### घर में घुसकर महिला से छेड़खानी, चार पर केस

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही चार लोगों पर घर में घुसकर छेड़खानी, मारपीट व जानमाल की धमकी व घर से पैसे उठा ले जाने का आरोप लगाते हुए अभियोग पंजीकृत करवाया। थाना क्षेत्र की एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया हैकि गांव के ही चार लोगों द्वारा उसके घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी व जान माल की धमकी दी गई। आरोप यह भी है कि उसके घर पांच हजार की नगदी ब सामान भी दबंगो द्वारा उठा ले गये। थाना प्रभारी बबिता पटेल ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर तेजभान सिंह, सौरभ सिंह, हिमांशु सिंह व उत्कर्ष सिंह निवासी पुरेजट मजरे रायपुर कितूली के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### साइकिल चोरी कर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

**जगतपुर, रायबरेली।** कस्बे के सलोन रोड स्थित जनरल स्टोर से साइकिल चोरी कर भाग रहे एक युवक को कस्बे वासियों ने दबोच कर पिटाई कर, पुलिस के हवाले कर दिया। शनिवार को कस्बे के सलोन रोड पर मोनू जनरल स्टोर से साइकिल चोरी कर के एक युवक भाग रहा था। इसकी भनक लगते ही कस्बे वासियों ने उसे शारदा सहायक नहर के पास से दबोच कर पिटाई कर दी। कस्बे वासियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोरी करने वाले युवक को थाने ले गई। जहां पर उससे पूछताछ किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कस्बे में एक माह में लगभग एक दर्जन से अधिक साइकिल चोरी हो चुकी है। थानेदार बबिता पटेल ने बताया कि अभी तक पकड़े गए युवक ने सही नाम पता नही बताया, पूछताछ की जा रही है।

### फायर ब्रिगेड ने बुझाई गीजर में लगी आग

**संवाददाता, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के प्रगति पुरम में शार्ट सर्किट के चलते गीजर में आग लग गई। गीजर घर के बाथरूम में लगा हुआ था। एसके पांडे के घर में बाथरूम के भीतर इलेक्ट्रॉनिक गीजर लगा हुआ है। नहाने के लिए जैसे ही परिवार के किसी सदस्य ने स्विच ऑन किया गीजर में आग लग गई। आग लगने से पूरे घर में धुआं भर गया और गीजर जलने लगा। जिससे बचने के लिए पूरे परिजन बाहर भागे और घटना से मोहल्ले वासियों में हड़कंप मच गया। इसी बीच किसी ने फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की पुलिस टीम द्वारा किसी तरह से आग पर काबू पाया गया।

### मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ठकुराइन खेड़ा मजरे यूसुफपुर गांव में वॉलीबॉल खेलते समय मारपीट की घटना हुई है। इसमें घायल अमन पासवान ने गांव के ही हरिभान सिंह व अनुभव सिंह के खिलाफ गाली गलौज करने सहित मारपीट करने के बाबत मुकदमा दर्ज कराया है। अमन पासवान का कहना है कि गांव में वालीबॉल हो रहा था। हम लोग भी खेल रहे थे, तभी आपस में कहासुनी हो गई जिसके कारण प्रतिपक्षी गाली गलौज करने लगे। मना करने पर लोहे के कड़ा से सिर पर वार कर दिया। मामले में पुलिस ने मेडिकल करा कर मामला दर्ज किया है।

# फर्जी अनुमति पत्र लगाकर खरीदी गयी थी भूमि

ऊंचाहार, रायबरेली।

▸▸ कदम-कदम पर हुई हेराफेरी सूचना का अधिकार में हुआ खुलासा

**अमृत विचार।** दलित की भूमि खरीद में डीएम के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर अनुमति पत्र तैयार करने के मामले में भूमाफिया का इतना बड़ा रसूख था कि कदम कदम पर फर्जीवाड़ा का खेल होता रहा और जिम्मेदार आंख बंद करके दलित की जमीन को भूमाफिया के नाम दर्ज कर दी और उसने उसे करोड़ों में बेंच दिया। क्षेत्र के गांव गुलाब का पुरवा मजरे कंदरावा निवासी महराजदीन दलित की भूमि की खरीद ऊंचाहार कस्बा निवासी अलमदार ने औने पौने दाम में खरीदी थी। इसमें दलित की भूमि विक्रय का अनुमति पत्र फर्जी तैयार किया गया था।

मामले में गांव की रामकली की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज हुई, लेकिन उसमें पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी। पूरे खेल में परत दर परत हुए फर्जीवाड़ा का खुलासा कस्बा निवासी मीसम हैदर द्वारा मांगे गए सूचना का अधिकार के तहत सूचनाओं से हुआ।

लेकिन आवेदक ने राज्य सूचना आयुक्त के यहां रिट दायर कर दी , जिसमे जिला स्तर तक के अधिकारी तलब हुए , तब आवेदक को वांछित सूचना उपलब्ध कराई गई। जिससे अधिकृत रूप से स्पष्ट हुआ कि दलित की भूमि खरीद में बड़ा फर्जीवाड़ा हुआ है और इस फर्जीवाड़ा में कर्मचारी से लेकर अधिकारी तक शामिल थे।

डीएम के हस्ताक्षर से जारी फर्जी अनुमति पत्र लगाकर जमीन की खरीद फरोख्त हुई, लेकिन किसी भी स्तर से फर्जी पत्र की जांच नहीं की गई। फर्जीवाड़ा का खेल हर स्तर पर चलता रहा और जिम्मेदार अधिकारी आंख बंद करके फर्जी पत्र को सही मानकर फाइलें आगे बढ़ाते रहे। हद तो तब हो गई कि भूमाफिया ने कृषि भूमि को बिना आवासीय परिवर्तन कराए , बिना नक्सा स्वीकृत कराए भूमि की प्लाटिंग करके विक्रय भी शुरू कर दिया भूमाफिया सरकार को करोड़ों का राजस्व का चूना लगा रहा था और जिम्मेदार आंख बंद किए हुए थे । अब मामले में नए सिरे से जांच शुरू हुई है तो इसमें भूमाफिया के विरुद्ध कार्रवाई के साथ साथ कई अधिकारी और कर्मचारियों के गर्दन पर भी कार्रवाई की तलवार लटकनी शुरू हो गई है।

# सड़क हादसों में दरोगा सहित आठ घायल

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ इलाज कराने मरीज को लेकर जा रही बोलेरो पलटी, पांच लोग घायल

**अमृत विचार।** शनिवार को जिले में अलग-अलग क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में परीक्षा ड्यूटी जा रहे दरोगा समेत आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना महराजगंज थाना क्षेत्र के कुबना गांव के पास मोटरसाइकिल सवार को बचाने के दौरान बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई।

बोलेरो में बेलवा मजरे कक्केपुर गांव निवासी संजय अपनी पुत्री सौम्या को बोलेरो से सीएचसी महराजगंज ले जा रहे थे। हादसे में परिवार के ही जगन्नाथ, संजू यादव, पूनम व दयावती समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करते हुए जगन्नाथ व पूनम को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना अटौरा क्षेत्र के रायबरेली-लालगंज राजमार्ग पर नगदिलपुर गांव के समीप शनिवार की सुबह तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को तेज टक्कर मार दी। घटना में हिमांशू और शिवांशू पुत्रगण विनोद कुमार निवासी नकदिलपुर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया है, जहां पर उनका उपचार किया जा रहा है।

तीसरी घटना गुरुबक्शगंज-रायबरेली मार्ग के सतांव गांव की है, जहां बछरावां कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक राजेश कुमार की सुबह पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा में ड्यूटी करने हेतु क्षेत्र के केलौली स्थित सर्वोदय इण्टर कॉलेज जा रहे थे। तभी राजेश की बाइक एक छुट्टा मवेशी से टकरा गई। इस घटना में राजेश गम्भीर रूप से घायल हो गये। मौके पर एकत्रित लोगों और सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल राजेश को सीएचसी जतुआ टप्पा पहुंचाया, जहां हालत गम्भीर देखते हुए तथा एक्स-रे व अल्ट्रासाउण्ड की व्यवस्था ना होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बाइक पुलिया से टकराई, युवक गंभीर

खीरो, रायबरेली

**अमृत विचार।** शनिवार को दोपहर बाद लगभग तीन बजे खीरों क्षेत्र के गांव पृथ्वीखेड़ा मजरे शिवपुरी के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पुलिया से टकरा गई। इसमें बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने एंबुलेंस की सहायता से उसे सीएचसी पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। युवक को प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र मौरावां के गांव चंदरीखेड़ा मजरे संग्रामखेड़ा निवासी अंकुल (22) शनिवार को बाइक द्वारा अपने घर जा रहा था। वह जैसे ही पृथ्वीखेड़ा मजरे शिवपुरी गांव के पास पहुंचा, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे एक पुलिया से टकरा कर सड़क के नीचे चली गई। हेलमेट न पहने होने के कारण उसके सिर, चेहरे व शरीर में गम्भीर चोटें आईं। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों को देते हुए एम्बुलेंस की सहायता से उसे सीएचसी खीरो पहुंचाया। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।

# चार गांजा तस्करों को पुलिस ने दबोचा

**सलोन, रायबरेली।** कोतवाली पुलिस ने चार गांजा तस्करों को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के पास से लगभग तीन किलो ग्राम गांजा बरामद किया है। सभी अभियुक्तों को सुसंगत धाराओं के तहत जेल भेज दिया है। सलोन क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करों के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। क्षेत्राधिकारी वन्दना सिंह ने बताया कि शनिवार तड़के मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल की टीम ने बसंतगंज नहर के समीप से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से दो किलो आठ सौ पचास ग्राम गांजा और एक तमंचा बरामद किया गया है। सीओ के मुताबिक पकड़े गए अभियुक्तों के नाम क्रमश: मोहम्मद दिलशाद पुत्र नफीस अत्ता नगर, शाहरूख कुरेशी पुत्र आफाक मिल्कियाना कस्बा सलोन, राहुल पुत्र गया पाल बहादुर, अमरजीत पुत्र फूलचंद्र बहादुरपुर बरुआ थाना सलोन है। कोतवाल श्यामकुमार पाल ने बताया कि पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ से गांजा की तस्करी करने की सूचना मिली थी। मादक पदार्थ की तस्करी के लिए झोले के सहारे माल को एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचाते थे। इनके अन्य साथियों की तलाश के लिए न्यायालय से रिमांड की मांग की गई है।

## प्रतियोगिता

अंतरप्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गये तीन मैच, क्वार्टर फाइनल में लखनऊ को करारी शिकस्त

# अल्तमश के अर्द्धशतक से सेमीफाइनल में पहुंची गढ़ी दूलारॉय

सतांव, रायबरेली,

**अमृत विचार।** गन्ना कांटा मैदान में चल रहे पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मृति अंतरप्रान्तीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को तीन मैच खेले गए। पहला लीग मैचपथरीगढ़ और गढ़ी दूलारॉय, दूसरा लीग मैच उन्नाव और लखनऊ के मध्य हुआ। सुबह का पहले मैच में गढ़ी दूलारॉय ने टास जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पथरीगढ़ की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 83 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गढ़ी दूलारॉय की टीम ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 3.3 ओवरों में 2 विकेट खोकर ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। गढ़ी दूलारॉय की तरफ से ओपनर असीम और जीसॉन ने 32-32 रन बनाये। 32 रन और एक विकेट लेने वाले जीसॉन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुख्य अतिथि सतांव इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजनरायण तिवारी ने पुरस्कृत किया।


मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार लेते जीसॉन।

दूसरा लीग मैच केपी गार्डेन लखनऊ व जय मां शीतला क्रिकेट क्लब उन्नाव के मध्य खेला गया। उन्नाव ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम के बल्लेबाजों ने निर्धारित 10 ओवरों में नौ विकेट खोकर 153 रन बनाए। इसमें निशांत ने मात्र नौ गेदों में 35 रनों की पारी खेली। जवाब में उन्नाव की टीम 10 ओवरों में 127 रन ही बना सकी। विशाल ने 40 और अर्जुन थापा ने 39 रनों की पारी खेली, लेकिन टीम को नहीं जीत दिला सके। उन्नाव टीम के खिलाड़ी विशाल को 11 गेंदों पर 40 रन व दो विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया।


क्वार्टर फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच अल्तमश को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि।

तीसरा और प्रतियोगिता का पहला क्वार्टर फाइनल मैच गढ़ी दूलारॉय और केपी गार्डेन लखनऊ के मध्य हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केपी गार्डेन लखनऊ की टीम ने 10 ओवरों में 160 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गढ़ी दूलारॉय की टीम ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 8.5 ओवरों में ही 161 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर जीत हासिल कर ली। गढ़ी दूलारॉय के अल्तमश की 19 गेंदों पर 62 रनों की तूफानी पारी के लिए उन्हे मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। प्रतियोगिता के आयोजक उमेश सिंह व पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष उदयभान सिंह ने अल्तमश को पुरस्कृत किया।

# फर्जी अभिलेखों पर नौकरी कर रहे रोजगार सेवक पर मेहरबान बने जिम्मेदार

लालगंज, रायबरेली

▸▸ दोनों अंक पत्रों में अलग-अलग जन्मतिथि है दर्ज

**अमृत विचार।** विकासखंड के खजूर गांव ग्राम पंचायत में फर्जी अभिलेखों के आधार पर रोजगार सेवक दिनेश यादव नौकरी कर रहा है और सरकार से बराबर तनख्वाह ले रहा है। खजूर गांव निवासी सुशील सिंह ने मामले की शिकायत आला अधिकारियों से की थी। जांच में भी दिनेश यादव के द्वारा अम्बारा पश्चिम इंटर कॉलेज और कौशांबी के कॉलेज से हाई स्कूल पास करने के तथ्य सामने आ गए हैं।

दोनों अंक पत्रों में अलग-अलग जन्मतिथि भी दर्ज है। शिकायतकर्ता सुशील सिंह का कहना है कि अम्बारा इंटर कॉलेज की हाई स्कूल की मार्कशीट में दिनेश यादव की उम्र अधिक हो गई थी तो रोजगार सेवक की नौकरी पाने के लालच में दिनेश यादव ने कौशांबी से कम उम्र करा कर अधिक नंबरों से हाईस्कूल पास किया और धोखाधड़ी करते हुए खजूर गांव में ग्राम रोजगार सेवक की नौकरी हथिया ली जिसके कारण जिनको वास्तव से नौकरी मिलनी चाहिए थी, वह लोग हाथ मलते रह गए।

दिनेश यादव की कौशांबी की हाई स्कूल की मार्कशीट गांव में चर्चा का विषय बन गई तो सुशील सिंह ने मामले की शिकायत प्रशासन से की। जांच में भी सभी बातें सामने आ गई हैं जो रोजगार सेवक के खिलाफ हैं। फिर भी लालगंज की खंड विकास अधिकारी का कहना है कि सुशील सिंह की शिकायत निराधार है। सुशील सिंह की शिकायत को निराधार और ग्राम रोजगार सेवक के खिलाफ कोई कार्यवाही न करने न करने के चलते खंड विकास अधिकारी लालगंज के ऊपर भी लोग उंगली उठने लगी हैं। शिकायतकर्ता सुशील सिंह का कहना है कि निश्चित रूप से खंड विकास अधिकारी की ग्राम रोजगार सेवक से मिली भगत हो गई है और किसी न किसी प्रलोभन में आकर खंड विकास अधिकारी लालगंज ने शिकायत को निराधार बताया है। उन्होंने मामले की शिकायत अब मुख्यमंत्री के जनता दरबार में जाकर करने की बात कही है।

## एक नजर

### मजदूरी के पैसे मांगने पर जानमाल की दी धमकी

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला बुध बाजार निवासी युवक पर मजदूरी के पैसे न देकर गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए मजदूर की मां ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। मोहल्ला महुआ टोला निवासी सन्नो पत्नी मतलूप ने बताया उसके पुत्र अरबाज को हैदराबाद काम कराने के लिए मोहल्ला बुध बाजार निवासी राजू 15 हजार रुपए महीने पर तय करके ले गया था। पीड़िता के अनुसार दो हजार रुपए किराए के लिए उसके द्वारा दिए गए। 13 हजार रुपए विपक्षी ने दे रहा है। पहले आनाकानी करता रहा। बाद में उसने फोन पर गाली गलौज किया और जान माल की धमकी दी। पुलिस ने बताया प्रार्थना पत्र पर जांच की जा रही है।

### योगा प्रशिक्षकों की शीघ्र की जाए भर्ती

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष केन्द्रों के निर्माण के लिए अवशेष कार्य जल्द पूरा किया जाए। निर्मित केन्द्रों में विद्युत संयोजन का अवशेष कार्य कराया जाए। योगा प्रशिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए। केन्द्रों पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर लिखवाया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला आयुर्वेद अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### योजनाओं की दी जानकारी

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सुष्मिता सिंह ने बताया कि खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता कार्यक्रम (एसडीपीएस) के तहत शनिवार को विकास खण्ड अहिरोरी में जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में प्रतिभाग करने वाले क्षेत्रवासियों एवं शिक्षित बेरोजगार युवकों/युवतियों को रोजगार प्राप्त करने हेतु विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई।

# 719 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा

## जिले में शांतिपूर्वक संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा, डीएम और एसपी लेते रहे जायजा

हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा रविवार को भी दो पालियों में कराई जाएगी। जिले में 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर 9,840 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। शनिवार को प्रथम पाली में 318 तथा द्वितीय पाली में 401 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 9522 तथा द्वितीय पाली में 9439 लोगों ने परीक्षा में भाग लिया।

सभी केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा कराई गई। परीक्षा के लिए आठ सेक्टर मजिस्ट्रेट व 26 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए। परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया पर चौबीस घंटे नजर रखी गई। खुफिया पुलिस भी चौकन्ना रहा। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए मजिस्ट्रेटों के अलावा सचल दल भी गठित किए गए, जो लगातार परीक्षा केंद्रों पर नजर बनाए रहे। पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा की नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने बताया कि 95 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे थे। जिले में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार ब्लाक के दो परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 2304 परीक्षार्थी में से 101 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। ककरघटा स्थित श्री नारायण सिंह डिग्री कॉलेज और शाहाबाद नगर क्षेत्र के मोहल्ला गिगियानी स्थित श्री हर्ष पांडे इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 तक संपन्न हुई। द्वितीय पाली की परीक्षा शाम तीन बजे से पांच तक संपन्न हुई। श्री हर्ष पांडे इंटर कॉलेज में सुबह की पाली में 672 परीक्षार्थी की परीक्षा संपन्न होनी थी जिनमें से 648 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। यानि प्रथम पाली में 24 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी इंटर कॉलेज में दूसरी पाली में 672 परीक्षार्थियों में से 635 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। 37 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। ठीक इसी तरह से श्री नारायण सिंह डिग्री कॉलेज ककरघटा में प्रथम पाली में 480 परीक्षार्थियों के स्थान पर 465 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 480 परीक्षार्थियों में से 455 परीक्षार्थियों ने भाग लिया यानि 25 परीक्षार्थी अनुपस्थित हुए। कुल मिलाकर 2304 परीक्षार्थियों में से 101 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पुलिस द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। दोनों परीक्षा केंद्रों पर एक-एक दरोगा, दो-दो पुलिसकर्मी, दो-दो महिला पुलिसकर्मी, एक-एक दरोगा सीसीटीवी की निगरानी के लिए तैनात किया गया था। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास अफरा तफरी का आलम रहा। बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के वाहन सड़क के किनारे आड़े तिरछे खड़े देखे गए, जिससे जाम की स्थिति भी कई बार बनी। कुल मिलाकर परीक्षाएं शांतिपूर्वक संपन्न हुई।


आर्य कन्या महाविद्यालय परीक्षा केंद्र के बाहर प्रवेश पत्र की जांच करती पुलिस। अमृत विचार


आरआर इंटर कालेज परीक्षा केंद्र पर लगी परीक्षार्थियों की भीड़।

### परीक्षा को लेकर बंद रहीं फोटो कापी की दुकानें

**हरदोई।** परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। कहीं पर कोई गड़बड़ी न हो। इसके लिए अधिकारी लगातार निरीक्षण करते रहे। परीक्षा में किसी प्रकार की सेंधमारी न हो, इसके लिए खुफिया पुलिस भी अलर्ट रही। परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोकापी की दुकानें बंद रहीं। दोनों पालियों में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न होने के बाद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली।



### एसपी ने परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर शनिवार को एसपी केसी गोस्वामी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी सबसे पहले परीक्षा केंद्र श्री नारायण सिंह डिग्री कॉलेज पहुंचे। यहां पर उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। तत्पश्चात गिगियानी स्थित श्री हर्ष पांडे इंटर कॉलेज पहुंचे। यहां पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के बाद उन्होंने प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा को परीक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


श्री हर्ष पांडेय आदर्श इंटर कालेज शाहाबाद में लगी परीक्षार्थियों की भीड़। अमृत विचार



**परीक्षा के चलते नगर में लगा रहा जाम**

पुलिस भर्ती की परीक्षा के कई केंद्र नगर में बने थे। जिस कारण नगर में पूरे दिन लगभग जाम की स्थिति बनी रही। लखनऊ रोड पर काफी दूर तक वाहनों की लंबी कतारें घंटों लगी रहीं। सिनेमा चौराहा, सोल्जर बोर्ड चौराहा, धर्मशाला रोड, लखनऊ चुंगी सहित अन्य स्थानों पर लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। जाम में दर्जनों वाहन घंटों रेंगते रहे। जाम से निपटने के लिए कोई व्यवस्था प्रशासन नहीं करा सका।

# पॉश इलाके में सड़क खोदकर भूल गए जिम्मेदार

हरदोई

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के कई बार निर्देश दे चुके हैं। कई बार मुख्यमंत्री इस बाबत समीक्षा भी कर चुके हैं। सीएम योगी लगातार जिम्मेदारों को प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के निर्देश जारी करते रहते हैं। हाल ही में सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का अभियान चला था, लेकिन जिम्मेदारों को शहर के ही गड्ढे नजर नहीं आते तो ग्रामीण क्षेत्र की तो बात दूर की है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, लेकिन जब शहर के पॉश इलाका ही अव्यवस्थाओं से जूझ रहा हो तो आम गलियों मोहल्ला की बात करना बेमानी साबित होगा।

शहर का आवास विकास सबसे पॉश इलाका माना जाता है। ऐसा कहा जाता है इस इलाके में कई जनप्रतिनिधियों के साथ कई अधिकारियों के मकान है। हरदोई का आवास विकास लगातार अपनी बदहाली के आंसू बहा रहा है। हैरत तो यह है कि आवास विकास में ही सांसद जय प्रकाश का भी मकान है। आवास विकास का डी ब्लॉक अपनी बदहाली के आंसू बहा रहा है। डी ब्लॉक में शिशुपाल सिंह के घर के आगे सड़क के बीचो-बीच गड्ढा बीते कई दिनों से हादसे को दावत दे रहा हैं। शनिवार सुबह डी ब्लॉक के गड्ढे में कार फंस गई। जिसके चलते मार्ग अवरुद्ध हो गया। वाहन चालक द्वारा लोगों की सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद गड्ढे में से वाहन को बाहर निकाला जा सका। गड्ढे में वाहन के जाने से वाहन को भी क्षति पहुंची, लेकिन गनीमत यह रही कि वाहन चालक सुरक्षित है। गड्ढे के चलते किसी दिन कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है। इस मार्ग से लगातार स्कूल की बसों के साथ स्कूली बच्चों का भी निकलना होता है। यह गड्ढा बीते कई महीनो से खुला हुआ है बीच में इस गड्ढे की मरम्मत कर गड्ढे को बंद किया गया था लेकिन बीते एक महीने से अधिक समय होने पर भी यह गड्ढा अब तक खुला हैं। जिम्मेदारों ने यहां तक गहमत नहीं उठाई की कोई चेतावनी चिन्ह लगा देते।


शहर के आवास विकास कॉलोनी में बीच सड़क पर खोदे गए गड्ढे में फंसी कार व परेशान राहगीर। अमृत विचार

## बेटी को पुलिस भर्ती की परीक्षा दिलाकर लौट रहे पिता की हादसे में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बेटी को पुलिस भर्ती परीक्षा दिलाकर वापस आ रहे पिता की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। थाना शाहाबाद के ग्राम पुरवा पिपरिया निवासी निरंजन (52) अपनी पुत्री शीला को कछौना परीक्षा केंद्र से परीक्षा दिलाकर बाइक से घर वापस जा रहे थे। शाहाबाद मार्ग पर सकाहा गेट के पास एक साइकिल सवार से उनकी बाइक भिड़ गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय लाया गया जहां उनकी मौत हो गई। दुर्घटना में शीला को भी चोटे आई हैं। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।



### किसानों के समर्थन में राष्ट्रपति को लिखा पत्र

**कोथावां, हरदोई, अमृत विचार।** पंजाब व हरियाणा के किसानों द्वारा किसान, छात्रों व बेरोजगारों के हित के लिए कुछ मांगों के साथ दिल्ली में धरना प्रदर्शन के लिए निकलने पर उन पर पुलिस प्रशासन द्वारा अत्याचार करने पर देश के अन्य किसानों ने भी एकजुट होना शुरू कर दिया है और उन किसानों के समर्थन में आ गए है। इसी क्रम में भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन के तहसील सण्डीला अध्यक्ष ठाकुर सत्येन्द्र सिंह ने सैकड़ों क्षेत्रीय किसानों के साथ मिलकर राष्ट्रपति को सम्बोधित आन्दोलनकारी किसानों के समर्थन में पत्र लिखते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को सौंपा।

## श्रीराम ने ली निशाचरों के विनाश की प्रतिज्ञा

**हरदोई, अमृत विचार।** नुमाइश मेला मैदान में हुई रामलीला में शनिवार को प्रभु राम के वन गमन के दौरान अगस्त्य मुनि आश्रम तथा पंचवटी विश्राम की लीला का मंचन किया गया। लीला के अनुसार अनेकों संतों से मिलते ही जब प्रभु राम आगे बढ़े तो उन्हें हड्डियों का ढेर दिखाई दिया। पूछने पर पता चला कि यह संतों की हड्डियां हैं, जिनका राक्षसों ने वध किया है। इस पर क्रोधित प्रभु राम ने राक्षसों के समूल नाश की प्रतिज्ञा ली। प्रभु अगस्त्य मुनि के आश्रम के पहुंचते मुनि अगस्त्य उन्हें पंचवटी में रहने की सलाह देते हैं, जहां कुटी बनाकर प्रभु रहने लगे।

# शिकायतों का शीघ्र करें निस्तारण

हरदोई

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने कहा कि आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो। असंतोषजनक फीडबैक पर विशेष ध्यान दिया जाए।

विद्युत, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य, चकबंदी, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज विभाग में असंतोषजनक फीडबैक की बड़ी संख्या को लेकर नाराजगी जतायी। कहा कि विभागीय योजनाओं से संबंधित सूचनाओं की ससमय पोर्टल पर फीडिंग की जाए। बेसिक शिक्षा विभाग को विभिन्न योजनाओं में खराब प्रगति पर नाराजगी जताते हुए प्रगति लाने को कहा। दुग्ध विकास विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई। विद्युत आपूर्ति व जन सुनवाई को लेकर नाराजगी जताते हुए उन्होंने विद्युत विभाग की प्रगति रिपोर्ट के संबंध में शासन को सूचित करने के निर्देश दिए। मत्स्य उत्पादन की खराब श्रेणी को लेकर उन्होंने सहायक निदेशक मत्स्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ सौम्या गुरुरानी भी मौजूद रहीं।



बैठक करते डीएम एमपी सिंह व सीडीओ। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### पूरी दुनिया में बज रहा है भारत का डंका : चंद्र प्रकाश



**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** देश सर्वोपरि है। देश की एकमात्र भाजपा पार्टी है जो देश को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार ने नारा दिया था, सबका साथ सबका विकास। आज केंद्र की मोदी सरकार उस दिशा में कार्य कर रही है, जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। यह विचार पूर्व अपर मुख्य सचिव चंद्र प्रकाश ने एक साक्षात्कार में व्यक्त किये। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीब तबके के लोगों को मुफ्त राशन देने का कार्य कर रही है, जिससे कोई भी व्यक्ति भूखे न रहे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि 40 वर्ष प्रशासनिक सेवा में रहकर उन्होंने जनता की सेवा की है और अब वह भारतीय जनता पार्टी में रहकर जनता की सेवा करेंगे। साथ ही यही से अपनी राजनीति की पारी शुरू करेंगे। इसी सोच को लेकर भाजपा उन्होंने ज्वाइन की है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने देश का नाम विश्व में काफी ऊंचाई पर ले जाने का कार्य किया है। आज देश में ही नहीं पूरे विश्व में प्रधानमंत्री का डंका बज रहा है।

### उधारी का नहीं दिया पैसा, कोतवाली में दी तहरीर

**कोथावां, हरदोई,अमृत विचार।** कोतवाली बेनीगंज क्षेत्र के घनश्याम नगर मजरा बसेन निवासी श्यामकिशोर ने गांव निवासी ही अमित पर उधारी का एक लाख रुपए न देने व गाली गलौज सहित फर्जी मुकदमे में फसाने का आरोप लगाया है। श्याकिशोर ने बताया कि एक वर्ष पूर्व गांव निवासी निवासी अमित द्विवेदी पुत्र शिव कुमार द्विवेदी ने आवश्यकता बताते हुए एक लाख रुपए लिए थे। आरोप है कि जब श्यामकिशोर ने एक लाख रुपए की अमित से मांग की तो अमित ने गाली गलौज करते हुए फर्जी मुकदमे फसाने की धमकी देते हुए रुपए न देने की नियत बना ली हुई है। अमित ने लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया है। प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक ने बताया तहरीर मिली है जांच कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### वाजिदखेल मोहल्ले के ट्रांसफार्मर में लगी आग



**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** वाजिद खेल मोहल्ले में अचानक शार्ट सर्किट की वजह से ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। आसपास के लोग अनहोनी की घटना से भाग खड़े हुए। घटना शुक्रवार को शाम पांच बजे की है। वाजिद खेल में लगे ट्रांसफार्मर में शर्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गई। आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि आसपास के लोग किसी अनहोनी की आशंका से भाग खड़े हुए। तकरीबन 40 मिनट के बाद स्वयं आग बुझी और लोग दूर से खड़े होकर ट्रांसफार्मर जलने का वीडियो बनाते रहे। मोहल्ला वासियों द्वारा बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। बिजली विभाग ने फुंके ट्रांसफार्मर की स्थान पर दूसरा ट्रांसफार्मर बदल दिया।

### छप्पर के नीचे चारपाई पर पड़ा हुआ देखा गया शव

**हरदोई, अमृत विचार।** कपड़ों की सिलाई करने वाले दर्ज़ी का शव छप्पर के नीचे चारपाई पर पड़ा हुआ देखा गया। मामला टड़ियावां थाने के पीलवान खेड़ा का बताया गया है। बताते हैं कि गोपामऊ पुलिस चौकी के पीलवान खेड़ा निवासी अमर सिंह राठौर कपड़ो की सिलाई का काम करता था। उसके छोटे भाई मान सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह जब उसकी भाभी और अमर सिंह की पत्नी भैंस लगाने के लिए अहाते के अंदर पहुंची तो वहां छप्पर के नीचे उसके पति का शव चारपाई पर पड़ा हुआ था।मिला। उसने वहीं से चिल्लाते हुए अपनी सास को बुलाया। वहां काफी लोगों की भीड़ लग गई। इस तरह से शव पड़ा देख कर उसके घर में कोहराम मच गया।इसके बाद गोपामऊ पुलिस चौकी को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में ले लिया। मामले की गहराई से छानबीन करने के लिए फील्ड यूनिट की टीम जुटी हुई है। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है।

### ई-रिक्शा पलटने से बच्चे की दबकर मौत

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तड़ेर में ई–रिक्शा के अनियंत्रित होकर पलट जाने से सात वर्षीय मासूम की मृत्यु हो गई, जबकि मृतक का पांच वर्षीय छोटा भाई घायल हो गया। घटना की पुलिस को सूचना दी गई है। कोतवाली के ग्राम तड़ेर निवासी प्रतिपाल कृषि का कार्य करते हैं। शनिवार को वह ई रिक्शा लेकर खेत पर फसल में पानी लगाने गया था। शाम को रिक्शे पर पाइप, पंपिंग सेट और अन्य सामान लेकर वह घर आकर सामान उतार रहा था। तभी उसके सात वर्षीय पुत्र विमल ने रिक्शे का एक्सीलेटर खींच दिया, जिससे रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में पलट गया। रिक्शा पलटने से विमल की मौके पर मृत्यु हो गई। ई रिक्शे में बैठा उसका पांच वर्षीय छोटा भाई हर्ष बाबू भी घायल हो गया। घटना से घर में कोहराम मच गया।प्रतिपाल के तीन पुत्र थे।घटना की पुलिस को सूचना दे दी गई है।

# जिले में बिना लाइसेंस चल रहीं कीटनाशक दवा की दुकानें

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कीटनाशक दवाओं की दुकानें बिना लाइसेंस के संचालित हैं लेकिन कृषि विभाग के अधिकारी इन दुकानों के प्रति पूरी तरह से उदासीन है।

शाहाबाद नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कीटनाशक की तमाम दुकानें बिना लाइसेंस के संचालित हैं। कुछ दुकानें ऐसी हैं जो एक लाइसेंस पर दो-दो दुकानें चलाई जा रही हैं। नगर के बासित नगर चौराहा, नवीन मंडी स्थल के निकट, स्टेशन रोड, सिकंदरपुर कल्लू, बासित नगर रोड, पाली रोड उधरनपुर आदि स्थानों पर कीटनाशक दवाओं की दुकानें बड़ी मात्रा में है। जानकारी के अनुसार एक दर्जन से अधिक दुकानें कीटनाशक दवाओं का लाइसेंस लिए बिना संचालित की जा रही है। कुछ दुकानदार ऐसे हैं जिन्होंने एक दुकान का लाइसेंस लिया और कई तिराहों और चौराहों पर अपनी दुकानें संचालित कर रखी है। कृषि विभाग के अधिकारी इन दुकानदारों से सीजन के हिसाब से सुविधा शुल्क ले रहे हैं। इसी वजह से बिना लाइसेंस धारी दुकानदारों के प्रति ध्यान नहीं दे रहे हैं। बताया जाता है कि अधिकांश खाद विक्रेताओं द्वारा भी बड़े पैमाने पर कीटनाशक दवाओं की बिक्री की जा रही है जबकि कीटनाशक दवाओं की बिक्री खाद के लाइसेंस पर नहीं की जा सकती। कीटनाशक दवाएं बेचने के लिए अलग से लाइसेंस विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है, लेकिन लगभग सभी खाद विक्रेता खाद के लाइसेंस की आड़ में कीटनाशक दवाओं की बिक्री कर रहे हैं। कुछ ऐसे भी कीटनाशक दवा विक्रेता है जिन्होंने एक स्थान पर अपना लाइसेंस बनवा रखा है और कई स्थानों पर दुकानें संचालित कर रहे हैं। कृषि विभाग के अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी बिना लाइसेंस धारी कीटनाशक दवा विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर पा रहे। वजह कुछ भी रही हो बिना लाइसेंस के कार्य करने वाले कीटनाशक दवाओं के कारोबारी बड़ी मात्रा में नकली कीटनाशक दवाओं की बिक्री भी कर रहे हैं जिससे किसानों को न केवल चूना लगाया जा रहा है बल्कि उनकी फसलों को चौपट भी किया जा रहा है।


कीटनाशक दवा की दुकान।

> बिना लाइसेंस के कीटनाशक दवा की दुकानों के संचालन की जानकारी नहीं है। कीटनाशक दवाओं, खाद और बीज विक्रेताओं को लाइसेंस के आधार पर ही दुकान खोलने का नियम है। अगर बिना लाइसेंस के कोई भी दुकान संचालित होते पाई गई तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी।
>
> **–उमेश साहू**
> जिला कृषि अधिकारी

### कई वर्षों से नवीनीकृत नहीं हुए दुकानों के लाइसेंस

नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कीटनाशक दवाओं के एक दर्जन से अधिक ऐसे विक्रेता है जिन्होंने चार और पांच साल से अपने लाइसेंस का रिनुअल नहीं कराया लेकिन विभागीय अनुकंपा के चलते मासिक खर्च पर उनका काम चल रहा है और धड़ल्ले से दुकान संचालित कर रहे हैं। अधिकारियों की आवश्यक छापेमारी के वक्त खासकर संपूर्ण समाधान दिवस के दिन दुकान बंद हो जाती हैं।

## एक नजर

### परिवार वालों पर लगाया मारपीट का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला मलकापुर में एक महिला को उसके देवर, सास और जेठ के लड़कों ने मारपीट कर उसकी दीवार गिरा दी। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। मोहल्ला मलकापुर निवासी नसरीन पत्नी फाजिल ने बताया उसके घर में बंटवारे के बाद दीवार उठ गई थी। शनिवार सुबह उसके देवर आकिल, रानू व असद, सास फईमन ने बंटवारे की बुराई को लेकर उसके साथ मारपीट की। उसकी बंटवारे की पट्टी की दीवार गिरा दी। मारपीट में उसे अंदरूनी चोट आई है। पुलिस ने बताया प्रार्थना पत्र दिया गया है पुलिस जांच कर रही है।

### ई-रिक्शे पर हुई टप्पेबाज़ी बैग में रखे जेवर हुए पार

**हरदोई, अमृत विचार।** सण्डीला जाने के लिए निजी बस पकड़ने के लिए ई–रिक्शे पर सवार महिला जैसे ही सिनेमा चौराहे के पास पहुंची, उसी बीच उसके बैग में रखा ज़ेवर गायब हो गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। शाहाबाद की रहने वाली महिला शनिवार को अपने घर के चार लोगों के साथ शहर आई, पिहानी चुंगी से उतर कर वह निजी बस पकड़ने के लिए ई–रिक्शे से सिनेमा चौराहे पहुंच रही थी, उसी बीच उसके बैग में रखा ज़ेवर पार हो गया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। महिला कोतवाली पहुंची और वहां सारी बात बताई। पुलिस छानबीन कर रही है। इस बारे में एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय का कहना है कि मामले की हर एक पहलू से जांच की जा रही है।

### पति पर पिटाई का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** कस्बे के खेड़ा बीबीजई निवासी महिला ने पति पर जुआ खेलने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़िता सना बानो पत्नी अच्छे मियां ने बताया उसका पति जुएं का आदी है। हारने के बाद उसके साथ मारपीट करता है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए रेलवे ने नहीं चलाईं स्पेशल ट्रेनें

हरदोई

**अनदेखी**

▸▸ रेल यात्रियों को हुई असुविधा अभ्यार्थियों व रेल यात्रियों में रोष

**अमृत विचार।** देश की आज सबसे बड़ी भर्ती परीक्षा उत्तर प्रदेश में हो रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर प्रदेश में भर्ती परीक्षा हो रही है। 17 व 18 फरवरी को प्रदेश के लगभग जिलों में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती को लेकर लिखित परीक्षा कराई जा रही है। परीक्षा को लेकर 16 फरवरी से ही अभ्यर्थी अपने परीक्षा केंद्र पहुंचने के लिए अपने गृह जनपदों से ट्रेन व बसों से रवाना हुए। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा अतिरिक्त बसों का संचालन अभ्यर्थियों के लिए शुरू किया, लेकिन रेल प्रशासन द्वारा इस बाबत कोई भी इंतजाम नहीं किए गए। उत्तर प्रदेश पुलिस की लिखित परीक्षा देने जा रहे। अभ्यर्थियों को उम्मीद थी कि रेल प्रशासन देश की सबसे बड़ी परीक्षा को लेकर स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा, लेकिन अभ्यर्थियों की उम्मीद उस समय टूट गई जब रेल प्रशासन द्वारा किसी भी ट्रेन का ठहराव हरदोई रेलवे स्टेशन पर नहीं किया गया और न ही किसी परीक्षा स्पेशल ट्रेन को चलाया गया। जिले से हजारों की संख्या में अभ्यर्थी गैर जनपद परीक्षा देने गए हैं। हरदोई से लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, बरेली, मुरादाबाद, शाहजहांपुर के लिए रवाना हुए है। अव्यवस्था से अभ्यर्थियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

17 व 18 फरवरी को प्रदेश में होने वाली सबसे बड़ी लिखित परीक्षा को लेकर रेलवे द्वारा अभ्यर्थियों के लिए कोई भी तैयारी नहीं की गई हैं। डीआरएम राजकुमार सिंह हरदोई रेलवे स्टेशन समेत बालामऊ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने तो पहुंचे, लेकिन प्रदेश की होने वाली सबसे बड़ी परीक्षा को लेकर न ही कुछ व्यवस्था की और न ही कोई स्पेशल ट्रेनों का संचालन मंडल में कराया। एक तो कोहरे को लेकर पहले से ही हरदोई से होकर जाने वाली कई ट्रेनें निरस्त है। ऊपर से स्पेशल ट्रेनों के संचालन न होने से अभ्यर्थियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस की लिखित परीक्षा में पहुंचने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे अभ्यर्थी हरदोई स्टेशन पर रुकी ट्रेनों के स्लीपर से लेकर एसी कोच तक में बैठते नजर आए। हाल यह था कि हरदोई रेलवे स्टेशन पर उतरने व चढ़ने वाले रेल यात्रियों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी वही सुबह बरेली की ओर जाने वाली राप्तीगंगा व अवध आसाम एक्सप्रेस के अलावा कोई भी ट्रेन अभ्यर्थियों को नहीं मिली। मुरादाबाद मंडल के अधिकारियों द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन न कराए जाने से अभ्यर्थियों में निराशा है। मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों में कई महीने पूर्व आरक्षण कराकर स्लीपर से लेकर एसी तक में यात्रा कर रहे यात्रियों को सबसे ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। आलम यह रहा की ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री शौचालय तक जाने में असमर्थ थे। ट्रेन से रेल यात्री लगातार मंडल रेल प्रबंधक, रेलवे सुरक्षा बल को सोशल मीडिया के माध्यम से शिकायत दर्ज करा रहे हैं। रेल प्रशासन की बड़ी लापरवाही से उत्तर प्रदेश में आने वाली ट्रेनों में यात्रियों को समस्याएं हुईं।

### छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई।** 16 वर्षीय इण्टर की छात्रा ने अपने मकान की दूसरी मंज़िल पर दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इस बारे में उसके घर वाले कुछ भी बताने से इंकार कर रहें हैं। सुरसा थाने के रामनरेश वर्मा की 16 वर्षीय पुत्री नेहा वर्मा अपनी तीन बहनों में छोटी थी। वह इण्टर की पढ़ाई कर रही थी। नेहा ने शनिवार की दोपहर को अपने मकान की दूसरी मंज़िल पर पड़ी टीन शेड के नीचे अपने दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां कोहराम मच गया। घर वाले फिलहाल कुछ भी नहीं बता रहें हैं। लेकिन कहा जा रहा है कि नेहा मानसिक तौर पर बीमार रहा करती थी। पुलिस सारे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

# किराए के मकान में लटका मिला महिला का शव

## पति की मौत के बाद छोड़ दिया था परिवार, पुलिस जवान के घर में किराए पर ले रखा था कमरा

हरदोई

**अमृत विचार।** शहर की पॉश कालोनी में एक कांस्टेबिल के मकान में किराए पर रह रही महिला ने दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही आवास विकास कालोनी में हड़कंप मच गया। पति की मौत के बाद घर-बार छोड़ कर महिला शहर में रहने लगी थी। महिला की मौत पर लोग तरह-तरह की अटकलें लगा रहें हैं। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

बताया गया है कि हरपालपुर थाने के बढ़ैय्यनपुरवा की रहने वाली शबनम के पति आदेश की तकरीबन पांच साल पहले मौत हो गई थी। पति के न रहने पर अपना घर-बार छोड़ कर शबनम कोतवाली शहर की पॉश कालोनी आवास विकास कालोनी में हेड कांस्टेबिल जितेंद्र के मकान में किराए पर रहने लगी। शुक्रवार की देर रात में उसने किराए के मकान के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। शनिवार की सुबह जब शबनम के कमरे से कोई आहट नहीं सुनाई दी, तो अंदर झांक कर देखा गया, जहां उसका शव फांसी पर लटक रहा था। पुलिस का कहना है कि महिला के घर वालों ने फिलहाल किसी भी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है। जैसा कि बताया गया है कि किसी युवक का शबनम के यहां काफी आना-जाना था और उसी से कुछ बातचीत हुई थी, जिसके चलते शबनम ने ऐसा कदम उठाया। वहीं एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है। वहीं शबनम की मौत पर लोगों के बीच अटकलें लगाई जा रही है।



घटना के संबंध में पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

### लिव-इन रिलेशनशिप में किसी के साथ रहने की चर्चा

शहर की आवास विकास कालोनी में आत्महत्या करने वाली शबनम के यहां जिस युवक का आना–जाना बताया गया है, उसे ले कर कहा जा रहा है कि दोनों के बीच लिव–इन रिलेशनशिप थी। हालांकि पुलिस का कहना है कि सारे मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है। महिला ने अपना घर–बार किस वजह से छोड़ा, इसका भी पता लगाया जा रहा है।

### छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई।** 16 वर्षीय इण्टर की छात्रा ने अपने मकान की दूसरी मंज़िल पर दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इस बारे में उसके घर वाले कुछ भी बताने से इंकार कर रहें हैं। सुरसा थाने के रामनरेश वर्मा की 16 वर्षीय पुत्री नेहा वर्मा अपनी तीन बहनों में छोटी थी। वह इण्टर की पढ़ाई कर रही थी। नेहा ने शनिवार की दोपहर को अपने मकान की दूसरी मंज़िल पर पड़ी टीन शेड के नीचे अपने दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां कोहराम मच गया। घर वाले फिलहाल कुछ भी नहीं बता रहें हैं। लेकिन कहा जा रहा है कि नेहा मानसिक तौर पर बीमार रहा करती थी। पुलिस सारे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक में हुई चर्चा

हरदोई

**अमृत विचार।** अपर जिला जज प्रीती श्रीवास्तव के द्वारा नौ मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से वादों का निस्तारण कराए जाने हेतु जनपद न्यायालय के केंद्रीय सभागार में न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे ने बताया कि नौ को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते योग्य आपराधिक मामले, धारा-138 एन0आई0 एक्ट, मोटर दुर्घटना मामले, वैवाहिक मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, विद्युत एवं जल बिल अशमनीय वादों को छोड़कर सिविल वाद एवं राजस्व वाद आदि निस्तारण योग्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। अपर जिला जज द्वारा न्यायिक अधिकारियों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुलह-समझौता के आधार पर कराएं जाने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर अपर जिला जज सुनील कुमार सिंह, अरविंद कुमार, अच्छे लाल सरोज, अबुल कैश, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत हेमेन्द्र कुमार सिंह, कुलदीप सिंह, सीजेएम लाल बहादुर गोंड, सिविल जज (सीडि) तूलिका बंधू, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंशु माली पाण्डेय, रश्मि चन्द्र, राम गोपाल यादव, सिविल जज जू, डि, न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप मणि, नेगी चौधरी, सिविल जज जूडी जीशान खान, कीर्ति सिंह व विशाल दीक्षित उपस्थित रहे।

# 33 केवी उपकेंद्र का पुनर्निर्माण शुरू

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के चठिया से आलमनगर 33 केवी के पुनर्निर्माण का कार्य शुभारंभ हो गया है। अवर अभियंता कृष्णपाल ने पूजन कर नारियल तोड़ा और कार्य की शुरुआत की। इस पुनर्निर्माण कार्य से क्षेत्र के 500 ग्रामों के छह हजार उपभोक्ताओं को बिजली समस्याओं से निजात मिल जाएगी।

अवर अभियंता कृष्णपाल की देखरेख में आलमनगर पावर हाउस पर पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम पूजन अर्चन करने के बाद अवर अभियंता ने नारियल तोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। अवर अभियंता कृष्णपाल ने बताया रीवैंप योजना के अंतर्गत एनसीसी कंपनी द्वारा पुनर्निर्माण का यह कार्य किया जा रहा है। 12 किलोमीटर लंबाई में यह कार्य होना है। उन्होंने बताया 10 दिन के अंदर यह कार्य कंप्लीट कर लिया जाएगा जिससे आलमनगर विद्युत उपकेंद्र के 500 ग्रामों के छह हजार उपभोक्ताओं को आए दिन होने वाले फॉल्ट, ट्रिपिंग एवं अन्य समस्याओं से निजात मिल जाएगी। अवर अभियंता ने बताया चठिया आलमनगर 33 केवी पर बिजली की सप्लाई में काफी समस्याएं आ रही थी। इन्हीं समस्याओं के मद्देनजर नजर पुनर्निर्माण का यह कार्य किया जा रहा है। ताकि क्षेत्रीय लोगों को निर्बाध गति से बिजली मिल सके और लोगों को सहूलियत मिल सके।



पूजन करते अवर अभियंता कृष्णपाल। अमृत विचार

# ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से घुसी बाइक, युवक की हुई मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** बाइक सवार गन्ना लेकर डीएससीएल शुगर मिल हरियावां जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से जा घुसा, जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। शुक्रवार की रात हुए हादसे में ज़ख्मी बाइक सवार को सीएचसी हरियावां पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

हरियावां थाने के कमालपुर मजरा अरुआ गांव निवासी 30 वर्षीय अवनीश कुमार खेती-किसानी के अलावा मज़दूरी करता था। शुक्रवार की शाम को वह बाइक पर सवार होकर किसी काम से हरियावां जा रहा था। उसी बीच रास्ते में उसकी बाइक हरदोई-पिहानी पर आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा हरियावां के पास डीएससीएल शुगर मिल हरियावां गन्ना ले कर जा रही ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से जा घुसी। इस हादसे में अवनीश बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। वहां मौजूद लोग उसे आनन-फानन में उठा कर सीएचसी हरियावां पहुंचें, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही उसके घर में कोहराम मच गया। अवनीश के परिवार में उसकी पत्नी और एक बेटी है। इस बारे में एसएचओ हरियावां भावना भारद्वाज का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर आने पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 119 हेडकांस्टेबल और 247 कांस्टेबल के किए गए तबादले

**हरदोई, अमृत विचार।** एक थाने में लगातार तीन वर्षों से कार्य कर रहे कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल के तबादले किये गए। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने शुक्रवार की रात इनके तबादले कर दिए। शनिवार की सुबह गश्त जारी होते ही विभाग में हड़कंप मच गया। जिले के विभिन्न थानों में तैनात 119 हेडकांस्टेबल और 247 कांस्टेबल के तबादले किये गए हैं। सभी को नवीन तैनाती पर जल्द से जल्द पहुचने के निर्देश दिए गए हैं। बताया गया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस महाकमें में बड़े पैमाने पर तबादले करने के लिए लिस्ट बनाई गई है। अभी इतने तबादले किये गए हैं। इसके अलावा अभी और भी तबादले होंगे।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बैज लगाते मंडल अध्यक्ष देशदीपक दीक्षित।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए जननायक कर्पूरी ठाकुर

**हरदोई, अमृत विचार।** जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नारायण बालिका डिग्री कॉलेज बावन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि देश दीपक दीक्षित, मंडल अध्यक्ष, बावन, भारतीय जनता पार्टी एवं जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुषर्पित कर किया। मुख्य अतिथि देश दीपक दीक्षित, मंडल अध्यक्ष, बावन, भाजपा ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन एवं कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला युवा अधिकारी us उपस्थित युवाओं को जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के विषय में बताते हुए कहा गया कि समाज में इनका योगदान इतना महान रहा कि इन्हे देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सभी युवाओं से अपील की कि सभी जननायक के जीवन के बारे में पढ़ते हुए उनके जीवन से सीख लें और अपने देश और समाज के लिए सदैव समर्पित रहें। इस अवसर पर लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक प्रमोद कुमार मिश्र द्वारा युवाओं को प्रेरणादाई कविता सुनाकर जननायक के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही गई। इस अवसर पर युवाओं को पोर्टल के विषय में विस्तार से बताया गया। साथ ही युवाओं को बैच पहनाकर उन्हें पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की जानकारी और इससे होने वाले लाभ भी विस्तारपूर्वक जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा द्वारा बताए गए। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रखर अग्निहोत्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रियांशु अवस्थी व अमित शर्मा आदि मौजूद रहे।

### लोक अदालत से शीघ्र व सस्ता न्याय मिलता है : अध्यक्ष



**हरदोई, अमृत विचार।** लोक अदालत में आपसी सहमति के आधार पर मुकदमों का निपटारा कराने से किसी भी पक्ष की न हार होती है और न ही किसी भी पक्ष की जीत होती है बल्कि दोनों पक्षों को शीघ्र व सुलभ न्याय मिल जाता है। उक्त विचार जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष बाबू प्रसाद ने व्यक्त किए। न्यायाधीश श्री प्रसाद ने विशेष भेंट में कहा कि उनका मानना है कि छोटे–छोटे विवादों को हमसभी को गांव के बड़े बुजुर्गों के सहयोग से ही निपटा लेना चाहिए। जब किसी प्रकार से कोई रास्ता न बचे तब ही अदालत का दरवाजा खटकाना चाहिए। क्योंकि अदालतों में इस समय मुकदमों का अंबार लगा हुआ है, जिससे वादकारी को समय से न्याय नहीं मिल पाता है और उसे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने वादकारियों को सलाह देते हुए कहा कि लोक अदालत में मामले का निपटारा आपसी तालमेल से कराने से दोनों पक्षों में आपसी वैमनस्य खत्म हो जाता है और आपसी भाईचारा कायम होता है। आयोग के सदस्य दिलशाद अली ने बताया कि आगामी 9 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए अभी से युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में सभी अधिवक्ताओं से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक वादों का पक्षकारों की आपसी तालमेल के आधार पर निपटाने में सहयोग करने की लगातार अपील भी की जा रही है।



युवा सम्मेलन में बोलते भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष वेदराम। अमृत विचार

### भाजपा पिछड़ा वर्ग का युवा सम्मेलन संपन्न

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शाहाबाद नगर अध्यक्ष दीपकमल राठौर के नेतृत्व में ओबीसी मोर्चा का युवा सम्मेलन का कार्यक्रम मोहल्ला महमंद में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष वेदराम मौजूद रहे। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष का ओबीसी मोर्चा शाहाबाद नगर टीम ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने मोदी सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को बताया, जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, उज्जवल योजना, पांच लाख का आयुषमान कार्ड, तीन तलाक, 370 पल भर में मोदी ने हटा दिया।

# तीन घरों से लाखों का सामान किया चोरी

हरदोई

**अमृत विचार।** एलआईसी एजेंट के घर घुसे चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात और नकदी पार कर दी। शोर सुनकर परिवार के जागने और गुहार लगाने पर चोर भाग निकले। सुबह गांव के बाहर खेतों में दो खाली बक्से पड़े मिले। जबकि एक गायब है। इसके अलावा बेनीगंज में दो घरों में घुसकर चोरों ने सामान व नकदी पार कर दी।

साण्डी थाने के गांधी गांव निवासी एलआईसी एजेंट बृजमोहन सिंह का अच्छे काश्तकारों में शुमार है। गुरुवार की रात घर में चोर घुस आए। देर रात आहट होने पर आंख खुल गई। बृजमोहन ने जब दरवाज़ा खोलना चाहा तो वह बाहर से बंद था। दरवाज़े के दरीचे से देखा तो सामने तीन लोग दिखाई दिए। शोर होने पर चोर दूसरे कमरों में रखे तीन बक्से उठाकर भाग निकले। यूपी-112 पर कॉल करने पर पीआरवी टीम के अलावा इलाकाई पुलिस भी पहुंच गई। शुक्रवार की सुबह कृष्ण मुरारी के खेत में कुछ सामान और दो खाली बक्से पड़े हुए देखे गए। जबकि एक बक्सा अभी भी गायब है। उसने पुलिस को दी गई तहरीर में जेवरात, कीमती कपड़े और नगदी चोरी होने की बात कही है। एसएचओ साण्डी छोटेलाल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली है। मामले की गहराई से जांच-पड़ताल की जा रही है। वहीं बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने दो घरों से सामान चोरी कर लिया। ग्राम पंचायत झरोइया के ग्राम सुखुईपुरवा निवासी पूरनलाल ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उनके भाई ओमप्रकाश परिवार सहित चण्डीगढ़ में रहकर मजदूरी करते हैं, जिनके गांव वाले मकान मे ताला लगा हुआ है जिसमें कुछ अज्ञात चोरो द्वारा घर के अन्दर रखे घर गृहस्थी का सामान, कपड़े, बर्तन आदि चोरी कर लिए गए, उसी दिन गांव के ही सूरजबली के घर से भी चोरों ने जेवर व बर्तन चोरी कर लिए थे। इसी के साथ ग्राम झरोइया निवासी कैलाश सिंह ने बताया कि रात में घर में घुस आए चोर करीब 55 हजार रुपये नगद व सोने चांदी के जेवर उठा ले गए।

### कार के अंदर से नकदी से भरा बैग चोरी

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के हरदोई रोड स्थित श्यामधर तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया कि उसकी दुकान तिवारी टायर हाउस हरदोई रोड पर है। गुरुवार की शाम को दुकान बंद करने के पश्चात दुकान की बैग को गाड़ी में रखा बैग मे लगभग ढाई लाख रुपए व दुकान की चाभियां थी ज़ब वह अपने घर जाने के लिए निकले तो देखा गाड़ी का टायर पिंचर है तो दुकान के लड़को के द्वारा टायर बदलवाया और अपने घर लखनऊ चले गया घर पर देखा तो गाड़ी मे बैग नहीं मिला वही मामले में कोतवाल विजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जा रही है।



बैठक करते अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष हबीब खान। अमृत विचार

### लखनऊ आगमन को लेकर कांग्रेसियों ने की चर्चा

**हरदोई, अमृत विचार।** शिविर कार्यालय अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष हबीब खान की अध्यक्षता में राहुल गांधी की न्याय जोड़ो यात्रा लखनऊ आगमन पर जिले से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के विषय पर चर्चा की गई। जिसमें अपने संसाधनों के द्वारा 20 फरवरी को लखनऊ में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने के लिए कहा गया है। उसके उपरांत आने वाले समय में बीजेपी सरकार के 10 साल के कार्यकाल की कमियों को जनता के समक्ष उजागर किया जाएगा। जनता को बताया जाएगा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में देश में महंगाई हिंदू मुस्लिम और धर्म के नाम पर नफरत पैदा की गई, इसलिए हम सब लोग ब्लॉक और ग्राम स्तर तक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। इस मौके पर सुनीता देवी जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस सदस्य उत्तर प्रदेश पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गोपामऊ भुटटो मियां एडवोकेट सहित कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हिमगिरि एक्सप्रेस से लाखों रुपए की चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

हरदोई,

**अमृत विचार।** बालामऊ आरपीएफ के लिए सिरदर्द बन चुकी चार फरवरी को हुई चोरी के मामले मे आरपीएफ की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आरपीएफ द्वारा तीन लोगों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया है। आरपीएफ द्वारा एक पिकअप डाले को भी जब्त किया।

4 फरवरी को काकोरी से बालामऊ के बीच हिमगिरी एक्सप्रेस के लगेज यान में चोरों ने धावा बोलकर 16 नग होजरी के समान को रेल ट्रैक के किनारे गिरा दिया था। हालांकि चोर सामान को ले जा नहीं पाए। इस मामले में आरपीएफ़ बालामऊ के कमांडर द्वारा काकोरी आरपीएफ़ में अभियोग पंजीकृत कराया था। मुरादाबाद से लेकर लखनऊ मंडल तक आरपीएफ़ की टीम इस खुलासे में लगी थी। दिल्ली से आईजी नॉर्दर्न रेलवे बालामऊ रेलवे स्टेशन पहुंचे थे जहां उनके द्वारा जल्द खुलासे के निर्देश दिए गए थे। चोरों द्वारा लगभग 50 लाख के माल पर हाथ साफ करने का प्रयास किया गया था। चोरों की गिरफ्तारी को लेकर मुरादाबाद मंडल से लेकर लखनऊ मंडल तक की आरपीएफ़ टीम लगी हुई थी। आरपीएफ द्वारा घटना के 12 दिन बाद मामले का खुलासा कर दिया है।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि चारबाग रेलवे स्टेशन से मामले में संलिप्त दो व्यक्ति सन्नी निवासी लेबर कॉलोनी थाना गोविंद नगर जिला कानपुर जो वर्तमान में किराए के मकान में बालापुरम लखनऊ में रह रहा था, वहीं दूसरा रिंकू निवासी मोहल्ला बस्ती धनवंत राय मलिहाबाद थाना मलिहाबाद जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया। आरपीएफ की टीम को सन्नी के पास से एक बिट्टू बैग बरामद हुआ जिसमें छह अदद सूट के कपड़े बरामद हुए। आरपीएफ टीम की गिरफ्त में आए दोनों अभिव्यक्तियों कि निशान देही पर आरपीएफ टीम ने एक पिकअप को जप्त किया साथ ही पिकअप के वाहन चालक को भी आरपीएफ़ की टीम ने गिरफ्तार किया। आरपीएफ टीम द्वारा पिकअप वाहन चालक अमित निवासी लघेखेड़ा थाना अतरौली जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर आरपीएफ पोस्ट काकोरी ले गई। चोरी के मामले में सौरभ कुमार निवासी गोंडा फरार चल रहा है उसकी तलाश की जा रही है। आरपीएफ टीम की पूछताछ में अभियुक्त सन्नी ने बताया कि वह पार्सल एजेंट का काम करता है जो ट्रेन व सड़क मार्ग से लुधियाना पंजाब के अन्य स्थानों पर पार्टी का माल भेजता है। अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार किए गए तीनों अभियुक्तों को मजिस्ट्रेट रेलवे चारबाग लखनऊ के समक्ष पेश किया गया जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



चोरी के सामान के साथ पकड़े गए तीन आरोपी। अमृत विचार

# 1097 ने छोड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा, जाम से परेशान हुए परीक्षार्थी

## दो पालियों में 30 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई परीक्षा, डीएम-एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** यूपी पुलिस की भर्ती बोर्ड परीक्षा शनिवार को पहले दिन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिले के 30 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हुयी परीक्षा में परीक्षार्थियों ने मौजूद रहकर कड़ी निगरानी में परीक्षा दी। दोनों पालियों की परीक्षा को संपन्न करने के लिए डीएम-एसपी भी लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। परीक्षा के दौरान दोनों पालियों में कुल 1097 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा सम्पन होने के बाद शहर को जाम के झाम से जूझना पड़ा और ई-रिक्शा चालकों ने भी मनमाने तरीके से किराया वसूल किया।

बताते चलें कि पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जिले में कुल 56 हजार 172 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था। शनिवार को पहले दिन की परीक्षा में पहली पाली में 14040 परीक्षार्थी और दूसरी पाली में भी 14040 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे के बीच सकुशल संपन्न हुई। जिसमे कुल 13483 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 557 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसके साथ ही दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से 5 बजे के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुयी। परीक्षा केंद्रों पर दूसरी पाली में भी 4040 परीक्षार्थियों में महज 13500 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 540 परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्रो तक ही नहीं पहुंचे। सीसीटीवीऔर कैमरों और जैमर की निगरानी में शुरू परीक्षा संगीनों में साये में नकलविहीन संपन्न हो गई। पुलिस और जिला प्रशासन ने रविवार को होने वाली दो पालियों की परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है। शनिवार को परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी और चेकिंग के बाद ही परीक्षाथियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश मिल सका। इसके साथ ही स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी लगातार भ्रमण शील रहकर स्तिथि का जायजा लेते रहे।



परीक्षा सम्पन्न होने के बाद परीक्षा केंद्रों से बाहर निकलते परीक्षार्थी।



शहर के कैंची पुल पर लगे जाम में खड़े वाहन। अमृत विचार

### परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे जिलाधिकारी-एसपी

पुलिस भर्ती परीक्षा को सॉल्वर गैंग से बचाने और नकलविहीन परीक्षा को संपन्न कराना जिला प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती थी। इसी लिहाज से डीएम अनुज सिंह और एसपी चक्रेश मिश्रा पुलिस और प्रशासनिक अमले के साथ लगातार परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर पल-पल की जानकारी लेते रहे। डीएम एसपी ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सीसीटीवी कंट्रोल रूम और जैमर की स्थिति को जांचा। डीएम-एसपी ने इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर लगी पुलिस ड्यूटी की निगरानी कर बगैर आईडी कार्ड बाहरी व्यक्तियों के परीक्षा केंद्रों के बाहर ही रोकने के लिए निर्देशित करते हुए नजर आये।



परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी से निगरानी करते डीएम-एसपी व मौजूद पुलिस बल।

### क्या बोले परीक्षार्थी

परीक्षा केंद्रों से बाहर निकलकर आई छात्रा पूजा कुमारी ने बताया कि पेपर अच्छा हुआ है। लेकिन निजी साधन से न आने की वजह से काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि वह पुलिस में भर्ती होकर महिला सम्बन्धी अपराधों से पीड़ित महिलाओं की मदद करना चाहती है। छात्रा प्रिया ने बताया कि पेपर को करने में शुरुआत में थोड़ी समस्या आई है लेकिन फिर पेपर आसानी से और अच्छा हुआ है। प्रिया ने बताया कि बसों में सवारियां अधिक होने से बस में खड़े खड़े ही सफर करना पड़ेगा और ऑटो चालकों ने परीक्षा केन्द्रो से बस स्टॉप तक पहुंचाने में अधिक किराया वसूला है।



प्रिया।



पूजा।

### बस में बैठने को लेकर अफरा-तफरी

पुलिस भर्ती की दोनों पालियों में परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षर्थियों को सबसे ज्यादा जद्दोजहद अपने गंतव्य तक पहुँचने के लिए करनी पड़ी। परीक्षा केंद्रों से बस स्टॉपऔर रेलवे स्टेशन तक पहुँचने के लिए पहले परीक्षार्थियों को ऑटो किराये के लिए डबल किराया तक चुकाना पड़ा। इसके बाद बस स्टॉप पर बसों में बैठने के लिए सबसे अधिक परेशानी महिला परीक्षार्थियों को उठानी पड़ी। बस स्टॉप पर बसों में बैठने के लिए लोगों को काफी जद्दोजहद करना पड़ा और सीट न मिलने की वजह से छात्रों को खड़े होकर सफर करने पर भी मजबूर होना पड़ा।

### सड़कों पर लगा लम्बा जाम

दोनों पालियों की परीक्षा खत्म होने के बाद परीक्षार्थियों के परीक्षा केंद्रों से बाहर निकलते ही निजी वाहनों से आये परीक्षर्थियों को भी जाम से जूझना पड़ा। परीक्षा केंद्रों के बाहर से ऑटो रिक्शा अधिक तादात में एक साथ एक ही मार्ग पर निकलने से घंटों जाम की समस्या बनी रही। शहर के कैची पुल और बस स्टॉप पर जाम लगने से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरफ ध्वस्त हो गई। पुलिस और ट्रैफिक कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद ही शहर को जाम से मुक्त करा सके।

## एक नजर

### देशभक्ति गीतों व धुन पर झूमे दर्शक

**सेवता, सीतापुर, अमृत विचार।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सेवता कस्बा पिपरा रोड स्थिति एम आइडियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका संचालन सन्तोष कुमार यादव ने किया। वहीं कार्यक्रम में आये लोगों का विद्यालय प्रधानाचार्य महताब अली ने बैज लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से की गई। विद्यालय के नन्हे मुन्हे छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने देशभक्ति गीत और धुन पर दर्शक झूमे। इस मौके पर चन्द्र कुमार मिश्र पूर्व ब्लाक प्रमुख रेउसा, नन्दराम गौतम प्रधान सेउता, सावल यादव, मतलूम अली, शिक्षक अमन यादव, मुलायम सिंह यादव, अंगद कुमार, नागेश्वर लाल, लीलाधर त्रिपाठी, कृष्ण कुमार शुक्ला, विवेक, अभिलाष कुमार, अभिषेक शुक्ला सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### शौच गए बुजुर्ग का शव तालाब में मिला

**रेउसा, सीतापुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के कम्हरिया शेखुपुर के रहने वाले राम जीवन धोबी उम्र 65 वर्ष का शनिवार को घर के बगल स्थित तालाब में सुबह करीब तीन बजे शौच के लिए गये थे। उसी दौरान तालाब में गश खाकर गिर जाने से वह डूब गए। सुबह ग्रामीण और परिजनों ने उनका शव तालाब के पानी मे उतराता मिला। घरवालों ने उनका शव बाहर निकालकर बिना किसी प्रशासनिक सूचना और बिना कोई कानूनी कार्रवाई किए राम जीवन का अंतिम संस्कार कर दिया।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मिला स्थान

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के परिणाम बीते दिनों आए जिसमें सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के दो छात्रों ने जनपद स्तर तथा दो छात्रों ने तहसील स्तर पर स्थान प्राप्त कर कालेज का नाम रोशन किया। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के प्रबंधक आरके वाजपेयी ने बताया कि संस्कृति ज्ञान परीक्षा में कालेज की वैशाली सिंह व अंजली मौर्या ने तहसील स्तर पर तथा आयुष जैन व इरम ने जनपद स्तर पर मेरिट में स्थान लाकर संस्था का नाम रोशन किया। जिला व तहसील स्तर पर नाम रोशन करने वाली छात्र-छात्राओं को डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर, उप प्रधानाचार्य आरजे वर्मा, अनंत रत्नम वाजपेयी, अवनीश अवस्थी, एसआर वर्मा, यशपाल वर्मा, नीरज वर्मा, ओपी विश्वकर्मा, अखिलेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों ने बधाई दी है।

### युग धारा फाउंडेशन ने कवियों को किया सम्मानित

**बिसवां।** राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को युग धारा फाउंडेशन लखनऊ द्वारा सम्मानित किया गया। डा. प्रेमलता त्रिपाठी, कवि सुनील त्रिपाठी एवं सूचना निदेशक वीवी पांडे द्वारा माला शाल व स्मृति चिन्ह भेंटकर मृदु को सम्मानित किया गया। उप्र हिंदी संस्थान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी प्रो हरिशंकर मिश्र ने की व मुख्य अतिथि थीं। बीएचयू की प्रो. विद्योत्तमा मिश्र, साहित्यकार डा. शिव मंगल सिंह मंगल ने समारोह का संचालन किया। इस मौके सांसद राजेश वर्मा, विधायक निर्मल वर्मा, एमएलसी पवन सिंह चैहान, पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव, राष्ट्रीय कवि संगम के जिलाध्यक्ष आनंद खत्री, संस्कार भारती के मंत्री घनश्याम शर्मा, जनपद साहित्य सभा के अध्यक्ष वृंदारक नाथ मिश्र, संस्कार भारती की संरक्षिका डॉ. सरला अवस्थी ने बधाई दी है।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम केसरीगंज तिराहे के निकट बनी पुलिस पिकेट के निकट बंजर भूमि पर स्थित होटल सहित कई दुकानों पर तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर अवैध अतिक्रमण हटाया।

शनिवार दोपहर नयाब तहसीलदार अशोक यादव, राजस्व टीम और भारी पुलिस बल ने सरकारी अभिलेखों में दर्ज बंजर भूमि पर स्थित अवैध दुकानों पर बुलडोजर चलाया। इस संबंध में नायब तहसीलदार अशोक यादव ने बताया कि कुछ लोगों ने सरकारी बंजर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके अस्थाई निर्माण किया था। जिसको लेकर संबंधित अवैध कबजेदारों को अपना अतिक्रमण हटाने की नोटिस दी थी, नोटिस की समय सीमा समाप्त होने के बाद शनिवार को बुलडोजर की मदद से अवैध कब्जे को हटा दिया गया। ज्ञात है कि शत्रोहन लाल आजाद ने बसपा एमएलसी भीमराव अंबेडकर से पुलिस पिकेट सहित अवैध अतिक्रमण की शिकायत की थी जिसके चलते यह मुद्दा विधान परिषद में उठाया गया था। राजस्व टीम ने शनिवार को बुलडोजर के जरिए बंजर भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटा दिया। इस संबंध में पीड़ित शत्रोहन लाल, राज किशोर, शिवकुमार गुप्ता ने बताया कि उन्हें किसी भी तरह की कोई नोटिस नहीं दी गई, बल्कि सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए गए थे, शनिवार को अचानक राजस्व टीम के द्वारा उनके निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है, वहीं गुड्डू और मुन्ना की दुकान को भी पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। जिस वजह से उनके परिवारों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है।



जेसीबी से अतिक्रमण हटाता तहसील प्रशासन। अमृत विचार

# डिवाइडर से टकराई बाइक, दो छात्रों की मौत

▸▸ तीसरा गंभीर रूप से घायल, कक्षा 12 के छात्र थे मृतक

**सीतापुर, अमृत विचार।** कॉलेज से प्रवेश पत्र लेकर वापस घर जा रहे तीन छात्र सड़क हादसे का शिकार हो गये। जिसमें दो नवयुवकों की मौत हो गई, जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा बाइक डिवाइडर से टकरा जाने के कारण हादसा हुआ। वहीं नवयुवकों की मौत के बाद उनके परिवारों में कोहराम मच गया।

खैराबाद के स्टडी प्वाइंट इंटर कालेज में अयान खान 18 वर्ष पुत्र अनीस खान व अबू तलहा 18 वर्ष पुत्र सगीर अहमद निवासी कुल्हन सराय व जुहैब अंसारी पुत्र राजू सिटीजन टेलर निवासी चिल्लााय सरायं कक्षा 12 के बायो वर्ग में पढ़ रहे थे। शनिवार को तीनों छात्र बाइक से कॉलेज प्रवेश पत्र लेने आये थे। वापसी के दौरान शहर कोतवाली क्षेत्र के हुसैनगंज पुल के नीचे उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें अयान व अबू तलहा की मौत हो गई, जबकि उनका तीसरा साथी जुहैब गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं हादसे की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच पड़ताल की। साथ ही नवयुवकों के परिजनों को सूचना दी गई। जिसके बाद उनके परिवारों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई।

## सार-संक्षेप

### ई-रिक्शा पलटने से पांच लोग घायल



सीएचसी में इलाज कराते घायल। अमृत विचार

लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार। लहरपुर-बिसवां मार्ग पर अराइज स्कूल के निकट एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें पांच लोग घायल हो गये। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार को लहरपुर-बिसवां मार्ग पर तेज रफ्तार ई-रिक्शा सामने खड़ी एक लड़की को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ई-रिक्शा पर सवार श्रीकेशन 59 वर्ष पुत्र मंगू लाल निवासी कोन्सर थाना सकरन, नासरीन 30 वर्ष पत्नी जमील, जमील 40 वर्ष पुत्र इस्माइल निवासी मदनापुर थाना सकरन, पुतानी 50 वर्ष पत्नी पुत्ती लाल, रामवती 55 वर्ष पत्नी रामलोटन निवासी कुटी फरीदपुर घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से आनन फानन में नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

### बसपा कार्यकर्ताओं ने की चुनाव की तैयारी पर चर्चा

**सेउता।** विधानसभा सेउता मे बसपा प्रमुख मायावती के निर्देश पर गांव चलो अभियान के अन्तर्गत शनिवार को खरहरा गांव में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें रामचंद्र कनौजिया ने अध्यक्षता की, जबकि मुख्य अतिथि राममिलन भार्गव विधानसभा अध्यक्ष मौजूद रहे। मुख्य अतिथि राममिलन भार्गव ने आगामी चुनाव मे किस प्रकार बसपा प्रत्याशी को जिताया जाये, इस पर विचार किया। इस दौरान अर्जुन लाल राजवंशी, श्रीकृष्ण राज, सूबेदार, बैजनाथ, मोहनलाल, रामदुलारे, मिथिलेश कुमार, मनोहर लाल, शिवराम, प्रदीप ,माधवराव आदि लोग उपस्थित रहे।

### किसान संगठन ने की समस्याओं के निस्तारण की मांग



तहसीलदार को ज्ञापन देते भाकियू धर्मेंद्र गुट के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**सिधौली।** किसान संगठन की मांगें पूरी नहीं होने पर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (धर्मेन्द्र गुट) के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान तहसीलदार विनोद कुमार को ज्ञापन देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई गई। भाकियू (धर्मेन्द्र गुट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह व जिला अध्यक्ष फाइम अहमद के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर दर्जनों कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। ज्ञापन में संगठन ने पटरी दुकानदारों को उत्पीड़ित करने और उनसे पिछले चार वर्षों से जबरन वसूली करने का आरोप लगाते हुए दोषी भूमाफिया के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी कार्यालय में तैनात राजस्वकर्मियों ने लकड़ी कटान करने वालों, कबाड़ियों से अवैध वसूली करने के मामले में कार्रवाई करने के साथ ही ग्राम पंचायत सिंहपुर के प्रधान रोहित सिंह पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कई अन्य मांगों पर भी कार्रवाई की मांग की गई। यदि निर्धारित समयावधि में मांगे पूरी न हुईं तो संगठन पुन: धरना प्रदर्शन करेगा। इस मौके पर नफीस जिला उपाध्यक्ष, वकील हाशमी जिला प्रभारी, सरोज मौर्या जिला सचिव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला दरोगा के पति से ट्रांसफर कराये 5.23 लाख

## साइबर ठगी

▸▸ टेलीग्राम पर टास्क देकर ठगों ने बनाया शिकार

▸▸ चार बैंक खातों से पति ने ट्रांसफर की रकम

**सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली नगर इलाके में एंटी रोमियों प्रभारी महिला उपनिरीक्षक के पति के साइबर ठगी का शिकार हुए है। ठगों ने टेलीग्राम ग्रुप के जरिये टास्क देकर पूरा करने पर प्रलोभन देकर अपना शिकार बनाया। ठगों के झांसे में आये दरोगा के पति ने 4 बैंक खातों से लाखों रुपयों का ट्रांजेक्शन कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

एन्टी रोमियों प्रभारी उपनिरीक्षक रूचि गंगवार ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर अवगत कराया कि उनके पति गौरव गंगवार को 7 फरवरी को उनके मोबाइल नंबर 8755462170 पर टेलीग्राम ग्रुप ज्वाइन करने के मैसेज मिला। इस पर पति द्वारा ग्रुप को जॉइन करते ही टेलीग्राम आईडी/ईंलत्र68 द्वारा टास्क देकर पूरा करने पर प्रॉफिट होने का प्रलोभन दिया गया। जिस पर महिला दरोगा के पति ने 4 अलग-अलग बैंक खातों से 4 बार में कुल 5 लाख 23 हजार रूपये की धनराशि साइबर ठग के मोबाइल नंबर 8177039576 पर ट्रांसफर कर दिया। जिसके बाद लगातार मोबाइल नंबर बंद होने पर ठगी का एहसास हुआ। महिला दरोगा ने पति के साथ हुयी ठगी के बाद साइबर शिकायत कर मामले में कार्यवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की छानबीन के बाद कोतवाली नगर में धारा 420 और 66क् के तहत केस दर्ज मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

# पेड़ से टकराया पीआरवी वाहन, दो आरक्षी सहित 3 गंभीर रूप से घायल

**सीतापुर, अमृत विचार।** लहरपुर कोतवाली इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से पीआरबी 112 वाहन पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। पीआरवी वाहन चालक शिव भगवान एवं आरक्षी सुबोध कुमार व प्रदीप कुमार शनिवार की सुबह तड़के लहरपुर भदफर मार्ग गश्त कर रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद अचानक पीआरवी वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। पेड़ से टकराने के कारण चालक व दोनों आरक्षी गंभीर रूप से घायल हो गए।

कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक केंद्र लहरपुर में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इस संबंध में ईएमई अभिषेक अवस्थी ने बताया कि सुबह 4 बजे के आसपास इनफॉरमेशन कॉल आती है कि सीतापुर जिले में रमना फार्म रोड पर डायल 112 का एक्सीडेंट हुआ है और गाड़ी पेड़ से जा टकराई है। पुलिस ने नजदीकी अस्पताल लहरपुर की दोनों गाड़ियां रवाना कर पुलिस कर्मियों को सुरक्षित अस्पताल मंगवाकर उनका उचित इलाज कराया। डॉक्टरों ने गंभीर चोटों के चलते घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।



अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद पेड़ से टकरा कर क्षत्रिग्रस्त पीआरवी वाहन।

**समाजवादी पीडीए पदयात्रा** | इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित करने पर जताई खुशी

# किसान आंदोलन को मिली नई ऊर्जा : आनंद भदौरिया

**सीतापुर, अमृत विचार।** धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आनंद भदौरिया के नेतृत्व में चल रही समाजवादी पीडीए पदयात्रा चौथे दिन वरुण यशपाल चैधरी के दरेली पट्टी स्थित फार्म हाउस से शुरू होकर हरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पट्टी पहुंची, जहां हरगांव क्षेत्र के तमाम कार्यकर्ताओं ने श्याम सुंदर भार्गव के आवास पर स्वागत किया।

समाजवादी पीडीए पदयात्रा दहेली, रमपुरवा, बेलवा बाजार, सुजाबाद, कुसेपा बाजार, गदियाना, शेखनापुर, शाहपुर, चैरा मोड, ठकुरनपुरवा, चनिया, किशुनपुर होते हुए बिलरिया पहुंची, जगह-जगह लोगों ने पद यात्रियों का फूल मालाओं से स्वागत किया, दहेली में उत्तम भार्गव, रमपुरवा में संदीप वर्मा, बेलवा बाजार में दिनेश मौर्य, आजम खान, सुजाबाद में संदीप भार्गव, कुसेपा बाजार में अंबुज यादव, डॉक्टर कासिम, सुफियान गाजी, गदियाना में डॉक्टर अशोक, दिलीप यादव, शेखनापुर में इश्तियाक हाजी, शाहपुर में कपिल मिश्रा, अनीश प्रधान, चंद्र किशोर मिश्रा, राजकुमार मौर्य, मानसिंह चैहान प्रधान ने स्वागत किया व कपिल मिश्रा की माता जी ने आनंद भदौरिया की आरती उतार कर विजय होने का आशीर्वाद दिया।

जगह-जगह मिल रहे लोगो के अपार जनसमर्थन के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आनंद भदौरिया ने किसान भाईयों को सम्बोधित करते हुये कहाकि इलेक्टोरल बॉन्ड को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक घोषित किये जाने से किसान आंदोलन के अंदर एक नई ऊर्जा आई है, क्योंकि इन तथाकथित राजनीतिक चंदों के नाम पर जो लोग पिछले दरवाजे से भाजपा की हथेली गरम करके खेती-किसानी से जुड़े कारोबारों पर कब्जा करके अपना व्यापारिक स्वार्थ साधना चाहते थे, अब वो भाजपा को चंदा नहीं देंगे, उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से देश का किसान, व्यापारी, नौजवान, महिलाएं महंगाई को लेकर परेशान हैं, केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार किसी का भी ध्यान नहीं दे रहे हैं तथा सरकार विपक्षी नेताओं को तोड़ने व जेल भेजने का काम कर रहे हैं।

समाजवादी पीडीए पदयात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल पूर्व विधायक रामसरन भार्गव, विधानसभा अध्यक्ष फुरकान खान, जिला उपाध्यक्ष विजय वर्मा, बड़कन्न, सुनील भार्गव, मंगू लाल गुप्ता, उत्तम वर्मा, धीरज त्रिवेदी, रानू शुक्ल, रमेश गुप्ता, छात्र सभा अध्यक्ष प्रवीण यादव, रविकांत वर्मा, आकाश यादव, रविशंकर वर्मा, रमन मनार, अनीस अंसारी, सलमान, शिवपाल यादव, योगेंद्र यादव, कपिल मिश्रा, हनीफ, रामप्रकाश यादव, रामू मिश्रा, पहलवान वर्मा सहित सैकड़ो पद यात्री साथ में रहे।



समाजवादी पीडीए यात्रा के दौरान मौजूद सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया व अन्य।

# प्रधान व सचिवों पर बिना काम कराये पैसा निकालने का लगा आरोप

## मनरेगा

▸▸ बगैर काम करवाए ही निकल गया पैसा, ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की शिकायत

**सकरन, सीतापुर, अमृत विचार।** विकास खंड की ग्राम पंचायत सकरन में केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा का जमकर दुरूपयोग करने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत में बगैर काम करवाये ही प्रधान व सचिव द्वारा तेरह लाख से ऊपर का भुगतान करवा लिया गया। जिम्मेदार इस मामले पर मौन बने हुए है।

आरोप है कि ग्राम पंचायत में प्रमोद के खेत से मोहारी बार्डर तक बंधा निर्माण में 123615 रूपये निकाल लिया गया। दोबारा इसी बंधे को हीरालाल के खेत से मोहारी बार्डर तक निर्माण दिखा कर 101076 रूपया निकाला गया। मुन्नी लाल के खेत से बिक्रम के खेत तक चक मार्ग निर्माण दिखाकर 77184 तथा सुमरावां सम्पर्क मार्ग से तारपारा सम्पर्क मार्ग तक चकबंद निर्माण में 159050 भट्ठा की खुदाई दर्शाकर 78246 रूपया निकाल लिया गया।



इसके अलावा चीतपुर नाला से रामकुमार के खेत तक चकबंद पटाई में 411522 तथा गयादीनपुरवा से उमरा मोड तक मिट्टी पटाई कार्य दिखाकर 169664 रूपया निकाला गया ग्राम पंचायत में विष्णु के खेत से राकेश के खेत तक चक मार्ग पटाई दिखा कर 103356 रूपया निकाला गया। दोबारा उसी चक मार्ग को नेहरू जूनियर मोड से अदलीशपुर सम्पर्क मार्ग तक दर्शाकर 98532 रूपये निकाल लिए गये। मामले को लेकर ग्रामीण रामचन्द्र पुत्र बीरबल यादव ने डीएम व सीडीओ को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराये जाने की मांग की है। इस मामले में खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने मामले की जानकारी होने की बात कहकर कहा कि अगर शिकायती पत्र मिलता है तो जांच कराकर कार्यवाई की जाएगी।

# पुस्तक समाजः एक नया और जीवंत समाज

शब्दों की भीड़। दशों दिशाओं से हमारी ओर आते गतिशील शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिंतन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। शब्द पहले अरूप थे। लिपि नहीं थी। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष, विषाद, क्रोध और बोध आदि भाव प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार बढ़ता रहा। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम्, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर। हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई की तकनीकी विकसित हुई। शब्द संचय पुस्तक बने। पुस्तकें भाव संवेदन, विषाद, प्रसाद और हर्ष उल्लास की भी प्राणवान काया बनी। पुस्तकें ज्ञान संचय हैं। संप्रति भारत की राष्ट्रीय राजधानी में विश्व पुस्तक मेला है। विश्व के तमाम देशों से पुस्तकें आई हैं। पुस्तक मेला दुनिया के पुस्तक प्रेमियों का आकर्षण है। भारतवासी पुस्तकों को प्रणाम योग्य मानते हैं। शब्द ब्रह्म हैं। पुस्तकों की काया है शब्द। सो प्रणाम के योग्य हैं। भारत का 'वाणी प्रकाशन' सुप्रतिष्ठित है। इसके स्वत्वाधिकारी अरुण जी कहते हैं, ''पुस्तकें उपभोक्ता सामग्री नहीं हैं। इसका अर्थशास्त्र समाजशास्त्र से गहराई से जुड़ा है।"

मेला मिलन है और खरीदें बेंचे तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद। मेला प्रीतिभाव है, बाजार वस्तु भाव। 'पुस्तक मेला' की बात ही और है। पुस्तकें बुलाती हैं, आओ, हमको ले चलो अपने साथ। मन खिंचा चला जाता है पुस्तक मेले की ओर। एक नया और जीवंत समाज। पुस्तक समाज। मोटी पुस्तकें, पतली सुकुमार पुस्तकें। रंग रूप में सजी धजी रची पुस्तकें। खूब पढ़ी जाने वाली लोकप्रिय पुस्तकें। अतिरिक्त लोकप्रिय मगर अति अल्पकालिक प्रभाव डालने वाली पुस्तकें। विविध आयामी पुस्तकें रस आपूरित से हहराती, भीनी गंध बिखेरती हैं। मैं पुस्तकों को प्रणाम करता हूं। यह प्रणाम प्रत्यक्ष रूप में पुस्तक की काया के प्रति है अप्रत्यक्ष रूप में उसके जीवन्त संवाद, रस प्रवाह के प्रति है। मेरा मन तार्किक है। संशयी भी है। पुस्तकें संशय और तर्क को और स्वस्थ करती हैं। बहुधा तर्क के परे भी ले जाती हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> पुस्तक रचनाकार की अंतर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है, जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समा जाऊंगा।"

पुस्तकों में शब्द हैं। शब्दों के अर्थ हैं। हरेक शब्द का अपना गर्भ भी है। शब्द का गर्भ बड़ा न्यारा है। वह अपने भीतर अर्थ पालता है। शब्द का अर्थ जड़ नहीं होता। उसका मूल है भाव। इसलिए शब्द का भावार्थ भी होता है। शब्द अपने अन्तस् में भावार्थ लेकर चलता है। अर्थहीन शब्दों का कोई उपयोग नहीं। वे निरर्थक हैं। पुस्तकें शब्द से भी बड़ा काम करती हैं। वे अपनी काया में कागज (या सी.डी.) हैं। शब्द उनके मन प्राण है, भाव उनकी आत्मा है और ज्ञान उनकी बुद्धि। मनुष्य की तरह उनमें भी 4 घटक हैं। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा। वे प्राणवान हैं। जीवमान हैं। वैशेषिक दर्शन व चरक ने आत्मा को भी द्रव्य बताया है।

पुस्तकें संरक्षक, मार्गदर्शक व पालक हैं। पुस्तकों में शब्द रस प्रवाह का नाद हैं। पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं। रस प्रवाह में बहने और आनंदित होने के लिए पुनर्पाठ जरूरी है। ऐसा आनंद सतत् प्रवाही है। अन्तहीन है और अनंत भी। विश्व की सभी सभ्यताओं में पुस्तकों के आदर की परंपरा है। कुरान, बाइबिल, अवेस्ता आदि के आदर सर्वविदित हैं। वेद, उपनिषद्, रामायण और गीता आदि का आदर बहुत पुराना है। शब्द सबके हैं। वे सार्वजनिक संपदा हैं। शब्द की सामर्थ्य बड़ी है। प्रयोगकर्ता की सामर्थ्य शब्द का अर्थ खोलती है। लेखक, कवि या साहित्यकार शब्द प्रयोग की स्वतंत्रता से नया संसार गढ़ते हैं।

पुस्तक रचनाकार की अन्तर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है। जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समाज जाऊंगा।" कालिदास, तुलसी, निराला, पी.बी. शेली आदि के शब्द ऐसे ही हैं। मैंने तमाम पुस्तकें लिखी हैं। हिन्दुत्व देश का सर्वाधिक चर्चित शब्द है। वाणी प्रकाशन ने कृपापूर्वक मेरी लिखी 'हिन्दुत्व का मधु' प्रकाशित किया है। पुस्तकें मेरी शब्द देह हैं। लेकिन मेरी वास्तविक देह बुद्धि से भिन्न। मैं गुस्सा होता हूं, वे नहीं गुस्सातीं। मैं यशलोभी हूं। वे प्रसिद्धि पाकर भी विनम्र बनी रहती हैं।

पुस्तकें रचनाकार की देह हैं। 'हिन्द स्वराज' गांधी की शब्द काया हैं। शब्द काया पुस्तक के कारण अमर है और शरीर नश्वर। गांधी की देह नहीं रही, अक्षर देह अक्षर-अविनाशी है। मनुष्य मत्र्य है, मनुष्य सृजित शब्द संसार अमत्र्य है। मनुष्य क्षरणशील है और मृत्युबंधु। मनुष्य का अनाशवान भाग अक्षर है। देह क्षरणशील और नाशवान। अमरत्व प्राचीन प्यास है मनुष्य की। मनुष्य जानता है कि उसे मरना है, मृत्यु अवश्यंभावी है तो भी अमर होना चाहता है। अमर होने की लालसा कहां से आई? मृत्यु की ध्रुव सत्यता के बावजूद ऐसी इच्छा का कारण एक ही जान पड़ता है कि मनुष्य के भीतर क्षर के साथ अक्षर तत्व भी है। क्षर जाता ही है और अक्षर-अविनाशी है ही। यही अक्षर प्यास उसे अक्षर-अमर बने रहने के लिए प्रेरित करती है। शब्द अक्षरों का ही प्रेमपूर्ण संयोजन हैं। ऐसी जानकारी भी पुस्तकों से ही मिलती है।

शब्द उगते हैं मनोभूमि पर। कोमल पुष्प जैसे आकर्षक। मधुगंध उड़ेलते हैं और हृदय में पैठ जाते हैं। जैसे शब्द कमनीय, सुकुमार और काम्य वैसी ही पुस्तकें। पुस्तकों ने विचार भी धारण किया है। शब्द ब्रह्म कहे गये हैं। पुस्तकें इस ब्रह्म को धारण करती हैं। ब्रह्म सदा रहता है, शब्द भी सदा रहते हैं। सृजन में मनुष्य का अमरत्व है। पुस्तकें हमारे स्वयं पुनर्सृजन और पुनर्नवा गतिशीलता का उपकरण है। पढ़ना, सुनना, जानना चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाता है। यहां नवसृजन के अवसर हैं और इस अनुष्ठान का मंगल उपकरण हैं पुस्तकें। प्राइमरी की पहली कक्षा में ही पुस्तक प्रणाम सिखाया गया था। प्रतिदिन पढ़ाई शुरू करने के पहले पुस्तक को सिर माथे लगाना ज्ञान प्राप्ति की तैयारी है। अध्ययन में विनम्रता की भूमिका है। यह मस्तिष्क की ग्राह्यता बढ़ाती है।

पुस्तकें माता पिता और आचार्य एक साथ हैं-शब्द रूप में। शब्द संसार वास्तविक संसार की तरह विराट है। शब्द और वाक्य संसार का वर्णन करते हैं। शब्द संसार को धारण करती है वाणी। शतपथ के ऋषि ने ठीक ही वाणी को विराट बताया है। पुस्तकें हम सबको लोकमंगल के लिए प्रेरित करती हैं। हम उपभोक्ता वस्तुओं पर तमाम खर्च करते हैं। लेकिन पुस्तकों की कीमत का रोना रोते हैं। पुस्तकों के साथ होना सौभाग्यशाली होना है। मुझे नहीं पता कि स्वर्ग या नर्क होते हैं या नहीं होते। स्वर्ग के बारे में अनुमान करता हूं कि वहां पुस्तकालय जरूर होंगे। न हों तो काहे का स्वर्ग? नरक में तो पुस्तकालय होने ही चाहिए नहीं तो प्रसाद को विषाद समझने की गल्ती होती रहेगी। मुक्ति की बेचैनी में पुस्तकें ही मार्गदर्शन कर सकती हैं। पुस्तकों को सब जगह होना चाहिए। जहां जहां पुस्तकें वहां वहां ज्ञान ज्योति।

# पांचाल का हिस्सा था फर्रुखाबाद

बीते दिनों फर्रुखाबाद जाना हुआ। फर्रुखाबाद अपने दामन में जितना इतिहास समेटे है, लगता है उसे अभी तक पूरी तरह से खोला नहीं जा सका है। अभी बहुत शोध की जरूरत है और इसके साथ ही साथ लगता है जिले को भी शायद उतनी महत्ता नहीं हासिल हो सकी जिसका वह हकदार है।

फर्रुखाबाद छठी शताब्दी ईसा पूर्व के पांचाल महाजनपद का हिस्सा था। पांचाल के ही राजा उपनिषदों के शीर्ष विचारक प्रवाहण जैवलि थे जिन्होंने श्वेतकेतु को ब्रह्म/आत्मा का ज्ञान दिया था। महाभारत काल में जहां के राजा द्रुपद थे और जहां की ही पांचाली थी। पांचाल राज्य की राजधानी काम्पिल्य अथवा कम्पिल थी। काम्पिल्य जैन धर्मावलंबियों के आस्था का प्रमुख केंद्र है। जैन धर्म के तेरहवें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ की जन्मभूमि भी है। यहां संकिसा में गौतम बुद्ध भी आए थे और स्त्रियों के लिए भी यहां संघ के द्वार खोले। यहां अशोक स्तंभ था, यहां ह्वेनसांग आया था। कुछ वर्ष पूर्व तक फर्रुखाबाद का ही हिस्सा इत्र नगरी कन्नौज भी था। कन्नौज पांचाल देश का एक प्रमुख नगर था और जिसका प्राचीन नाम कान्यकुब्ज था। छठी शताब्दी में हर्षवर्धन जैसे शासक की राजधानी कन्नौज थी। मैं पड़ोस के कोसल महाजनपद के बैसवाड़ा (रायबरेली) का रहने वाला हूं और महान हर्षवर्धन मेरे पूर्वजों में थे।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

मध्य युग में मुगल सम्राट के आदेश पर इस इलाके के सूबेदार के रूप में मोहम्मद खां बगंश (अफगानी पठान) यहां आए और उन्होंने वर्ष 1714 में आसपास के 52 गांवों को एकीकृत करके मुगल बादशाह फर्रुखसियर के नाम से मुख्यालय बनाकर उसका नाम फर्रुखाबाद रखा। मुगल बादशाह फर्रुखसियर कभी फर्रुखाबाद नहीं आए। कुछ दिन बाद वह इलाहाबाद सरकार के भी प्रमुख बनाए गए और उसी पद के दायित्वों को निभाते हुए एक दिन उन्होंने सेना के साथ मुगल साम्राज्य के विरोधी छत्रवाल को महोबा के जैतपुर किले में जा घेरा। किले पर घेरा कई महीनों चला। छत्रसाल ने मराठा सरदार बाजीराव से मदद मांगी। बाजीराव के आते ही बंगश घेरा छोड़कर भाग लिए। रात्रि में विजय उत्सव मनाया गया और छत्रसाल ने पारसी पत्नी की बेटी मस्तानी की शादी वाजीराव से कर उन्हें अपने इलाके का एक तिहाई हिस्सा भी दिया। 1857 की क्रांति के समय मस्तानी के ही बंशज अली बहादुर बांदा के नवाब और झांसी की रानी के साथी थे। मैं महोबा का कप्तान रहा और अक्सर जैतपुर के किले में जाकर शांति से बैठता था। किले के अंदर सुंदर झील भी थी। मेरे पसंदीदा शायर दाग देहलवी की तीन बेटियों वाली नानी (वज़ीर खानम उर्फ़ छोटी बेगम की मां) अकबाई बाई डेरेवाली फर्रुखाबाद की ही थी। रामपुर के नवाब सैयद यूसुफ़ अली ख़ान बहादुर मंझली को पसंद कर ले गए थे और बिल्कुल कश्मीरन लगने वाली छोटी वज़ीर खानम के तीसरे पति के रूप में प्यार करने/शादी करने वालों में नवाब लोहारू भी थे, जिन्होंने बाद में दिल्ली के अंग्रेज रेजीटेंट फ्रेजर की हत्या की थी। मिर्ज़ा ग़ालिब से भी पूछताछ हुई थी और नवाब लोहरू को फांसी हुई थी। इन्हीं नवाब लोहारू के बेटे नवाब दाग थे। वजीर खानम के चौथे पति दिल्ली सम्राट बहादुर शाह ज़फ़र के बेटे फ़खरू साहब थे। इस कहानी के लिए फ़ारूक़ी साहब के उपन्यास 'कई चांद थे सरे आसमां' ज़रूर पढ़े।

भवाली में नीम करोरी बाबा की ध्यान स्थली कैंची धाम (भवाली) आजकल दर्शनार्थियों की भीड़ से भरा रहता है, पर नीम करौली बाबा की कर्म स्थली नीम करोरी भी फर्रुखाबाद जिले में है। फर्रुखाबाद देश का सबसे ज्यादा आलू पैदा करने वाला जिला है। 100 के लगभग कोल्ड स्टोरेज है यहां। यही हाल कन्नौज का है। कुटीर उद्योग के रूप में यहां का वस्त्र छपाई और जरी वस्त्र उद्योग बहुत प्रसिद्ध है।

# चिकित्सकीय परिप्रेक्ष्य में 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना

हिंदी कहानी के सशक्त कहानीकार पं.चंद्रधर शर्मा गुलेरी की एक कहानी 'उसने कहा था' पचास के दशक में अत्यंत लोकप्रिय कहानियों में से एक थी। उसका मुख्य पात्र सिख सैनिक लहना सिंह है। वह विश्व युद्ध में ब्रिटेन की तरफ से जर्मनी की सेनाओं से लड़ाई लड़ रहा था। इसी दौरान एक जर्मन भेदिया उसके क्षेत्र में आ गया और मित्रता बढ़ाने के लिए उसे सिगरेट देते हुए बोला कि पूर्व में मैंने अपने अधीनस्थ सिखों के साथ खूब सिगरेट का आनंद लिया है। बुद्धिमान लहना सिंह तुरंत ताड़ गया कि यह ब्रिटिश पल्टन में आया कोई जासूस जर्मन सैनिक है जिसे भारत के सिखों के सिगरेट न पीने के विषय में कुछ अता-पता नहीं है। उसने आव न देखा ताव उस जर्मन जासूस की वहीं कपाल क्रिया कर दी। यह कहानी जब लिखी गई तब यह शत प्रतिशत सच था कि सिख युवक या युवती सिगरेट-धूम्रपान कतई नहीं करते। तम्बाकू हाथ नहीं लगाते। परंतु तेजी से बदलते आज के समाज में क्या हम ये बात दृढ़ता से कह सकते हैं कि सौ प्रतिशत सिख सिगरेट नहीं पीते। तम्बाकू नहीं खाते। शायद 99 प्रतिशत सिख विशेषतः सरदारनी महिलाएं धूम्रपान अभी भी नहीं करती हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखकर हम अपने चिकित्सा विद्यार्थियों को हमेशा यह आगाह करते हैं कि सिख पंथ के लोगों से धूम्रपान या सिगरेट के विषय में पूछते समय बहुत सावधानी बरतें जिससे उनकी धार्मिक भावना आहत न पहुंचे। क्या आप धूम्रपान करते हैं या तम्बाकू खाते हैं? यह सीधे-सीधे पूछने की गलती कभी मत करें। आज जब हृदया घात (दिल का दौरा), ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की महामारी हमारे चारों तरफ विकराल रूप में फैली हुई है। इन सब बीमारियों का एक प्रमुख कारण तम्बाकू और धूम्रपान है। हमें कभी-कभी कुछ ऐसे उदाहरण सिख मरीजों के मिल जाते हैं, जो उस पक्की लकीर के अपवाद होते हैं कि सिख धूम्रपान नहीं करतें हैं। इसलिए हर चिकित्सक को इस अपवाद का ध्यान अपने मन-मस्तिष्क में विशेषतः उस समय जब उसे किसी अनसुलझी समस्या से सामना करना पड़े जरूर रखना चाहिए। यहां पर मानव मन के इसी पहलू को दर्शाती हुई एक घटना का उल्लेख करना चाहूंगा।



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

एक छत्तीस वर्षीय संभ्रांत सिख परिवार की महिला को घर पर रात में अचानक चक्कर आता है। छाती में दर्द की शिकायत होती है। घर वाले उसे निकट के अस्पताल में ले आते हैं। ईसीजी की जांच होती है। ईसीजी में दिल में गड़बड़ी के कुछ संदेहास्पद चिन्ह मिलते है। ईको टेस्ट किया जाता है, उसमें भी कुछ असामान्य बातें मिलती हैं। अलबत्ता खून के टेस्ट में हृदया घात का कोई प्रमाण नहीं मिलता। उसने इसके पूर्व किसी अन्य दिल की बीमारी, ब्लड प्रेशर या डायबिटीज होने से इंकार किया। किसी प्रकार की गर्भ निरोधक गोलियों के सेवन की बात पूछने पर उसने बताया कि वह ऐसी कोई गोली नहीं लेती वरन थायरॉयड के लिए विगत पांच वर्षों से नियमित औषधि लेती है। किसी अन्य प्रकार की औषधि या गोली से उसने पूर्णतः इंकार कर दिया। धूम्रपान के विषय में पूछने पर भी उसने प्रथम दृष्टया मना कर दिया। सीने में दर्द, ईसीजी व ईको में गड़बड़ी को ध्यान में रखते हुए उसे गहन चिकित्सा कक्ष में रखने का निर्णय लिया गया, परंतु वह मानी नहीं और अपनी मर्जी से घर चली गई।

घर पर उसे फिर सीने में अत्यंत तीव्र दर्द उठता है और वह अर्धरात्रि में अस्पताल लाई जाती है। पुनः ईसीजी किया गया। इस ईसीजी में तीव्र हृदयाघात के चिन्ह साफ साफ उभर आते हैं। विज्ञान सम्मत प्रोटोकॉल के अनुसार हृदय धमनी का एंजियोग्राफी करने निर्णय किया गया। एंजियोग्राफी के बाद पता चला कि उसकी बांयी हृदय धमनी की मुख्य शाखा में पूर्ण अवरोध था। कैथिटर द्वारा अवरोध हटाया गया। नस पूर्ण रूप से अवरोध मुक्त की गई। हृदय नलिका में पूर्ण रक्त प्रवाह पुनः लौट आया। उसके अंदर औषधियुक्त छल्ला भी लगाया लगा जिससे भविष्य में उस नलिका में फिर अवरोध न हो सकें। परंतु एक बात चिकित्सकों को परेशान कर रही थी कि आखिर इस इक हरे बदन की चुस्त-दुरुस्त महिला को हार्ट अटैक क्यों पड़ा? उसे न ब्लड प्रेशर है न ही डायबिटीज। वह गर्भ निरोधक गोलियों को लेने से भी इंकार कर रही है। फिर इसे इतना तेज दिल का दौरा क्यों पड़ा? कहीं न कहीं दाल में कुछ काला अवश्य है? हम लोग किसी महत्वपूर्ण जोखिम बिन्दु को पकड़ नहीं पा रहें हैं।

विशेषज्ञ चिकित्सक ने दूसरे दिन सबेरे फिर पूछा क्या आप किसी प्रकार की गोली या तम्बाकू आदि का सेवन करती हैं? सिख महिला सकपका गई। बोली आप इतना पूछ रहें हैं तो बता रही हूं। मैं क्लब में जाकर धूम्रपान करती हूं। सिगरेट के अलावा गांजा भी पीती हूं। शराब से भी परहेज नहीं करती, परंतु आप यें बातें मेरे परिवार को कतई न बताएं। अब तस्वीर साफ थी कि उस महिला को इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

सिखों के धूम्रपान न करने की लक्ष्मण रेखा को लांघने वाले प्रकरण हमें यह सोचने के लिए बाध्य अवश्य करते हैं कि हम इस बात का ध्यान मरीज से बात करते समय और उनका परीक्षण करतें समय विशेषतः मुंह के अंदर धूम्रपान या तम्बाकू का निशान मिलने पर हम उनसे इस विषय में बड़ी संजीदगी से एक पूछ जरूर लें। अब 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना नहीं रहा।

# शिक्षा, मूढ़वर्ग और लोक संस्कृति

हिन्दी साहित्य सम्मेलन की आवाज आज भले ही सुनाई नहीं दे रही, किंतु एक जमाना था कि महामना मालवीय और राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के नेतृत्व में वह साहित्य के जागरण का ज्योतिस्तंभ था। महात्मा गांधी इससे जुड़े थे और उन्होंने सन् 1917 में इंदौर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी।

स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ने वाले साहित्य ने जनता के गहरे स्तरों में जाकर जागरण की ज्योति जगाई थी। हिन्दी साहित्य की वह धारा लोक की कसौटी पर खरी उतरी थी, लेकिन आजादी के बाद एक नए प्रकार का रीतिकाल आ गया। साहित्य दरबारों में हाजिरी लगाने लगा, पुरस्कार पाने लगा, अपनी जी हजूरी पर इतराने लगा। उस मनःस्थिति में संस्थाएं लड़खड़ाने लगीं, नागरी प्रचारिणी सभा हो या सम्मेलन हो, वह जमाना आया कि राहुलजी को काम नहीं मिल सका था, वे श्रीलंका गए। निरालाजी और नागार्जुन के जीवन की कहानी किसी से छिपी नहीं है, शास्त्रीजी के जमाने में जब गोपाल प्रसाद व्यास को पद्मश्री देने के लिए बात आई तो व्यासजी ने शास्त्रीजी के पास जाकर कहा कि स्वतंत्रता-आंदोलन में एक भारतीय आत्मा माखनलाल चतुर्वेदी को भुला दिया गया? तब उनको पद्मभूषण दिया गया था। किसी जमाने में सम्मेलन पत्रिका बहुत प्रतिष्ठित पत्रिका थी। सन् 1973 में सम्मेलन पत्रिका ने लोक संस्कृति अंक निकाला था और उसका संपादन श्री रामनाथ सुमन ने किया था। जब लोक संस्कृति अंक का संपादन कर रहे थे, तब उनकी मनः स्थिति क्या थी, इसे हम उनके संपादकीय में समझ सकते हैं। उन्होंने लिखा कि "ऐसा हुआ है कि शिक्षा-मूढ़वर्ग जब हमारी संस्कृति की उस धारा को छोड़कर पथ-भ्रष्ट हो गया है, जब वह धारा से कटकर दूर चला गया है और जीवन की गुलकारियां उसके आत्म-ओज पर छा गई हैं, तब भी अशिक्षित सामान्य जनता ने अपने युग-युग के संचित आदर्शों को अपने हृदय के रक्त से सींचकर जीवित रखा है। मस्तिष्क के अहंकार में जय संपन्न एवं सभ्य वर्गों के पांव डगमग हो गए हैं, तब शताब्दियों की अमृत ज्योति को देश के अगणित जनपदों में फैले अदृश्य हृदयों की स्नेह धारा प्राप्त हुई है। जाति के जीवन की वाणी इस अटपटे बैन में, उनकी अकृत्रिम वाणी में, उनकी व्यथा एवं अनुभूति में, उनके रोने और गाने में, उनके जीवन क्रम में सिमिट-सिमिट कर फिर-फिर जी उठी है।"



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

श्री रामनाथ सुमन ने लिखा था कि "जब साहित्य राजप्रसादों के विलास-कक्ष में बंद हो गया, तब प्रणय का पावनकारी मुक्तिनाद ग्राम वधूटियों एवं ग्राम-तरुणों के कंठों में अमराइयों के बीच फूटा, तब साहित्य की सरस्वती सहस्रधा होकर लोक-कंठ पर तरंगित हुई, तब संस्कृति अतर्क्य विश्वासों एवं प्रेरणाओं का आधार लेकर मीरा की भक्ति के चरणों में घुंघरू बन गई, तब यह लक्ष-लक्ष ग्राम निवासों की दीवारों पर शिल्प बनकर उभरी, तब उसने सहस्र शिलाओं को जीवित अहल्या का रूप दिया, संगीत और वाद्य उसकी झंकार से मुखरित हो गए। जीवन अगणित तरंगों में अगणित वाद्यों में बजा और अगणित गीतों में फूट उठा। यही सब समष्टिगत आत्म प्रकाश लोक संस्कृति है।

# दुनिया के महाकाव्य

प्राचीन महाकाव्यों में बहुतेरे चमत्कारिक और अलौकिक प्रसंग मिलते हैं, जैसे कि हनुमान जी एक ही छलांग में समंदर पार कर गए, सीता जी धरती से पैदा हुईं, महर्षि अगस्त्य घड़े में पैदा हुए, आदि आदि। आज कई एक लोग इन चमत्कारों का मजाक उड़ाते हैं, मानो यह सिर्फ भारत के महाकाव्यों में होता हो। हमें जानना चाहिए कि दुनिया में जितने भी महाकाव्य हैं, वे सभी ऐसे ही चमत्कारों से भरे पड़े हैं। दरअसल महाकाव्य साहित्य की वह विधा है जिसकी कहानी पार्थिव जगत की घटनाओं और आकाशीय चमत्कारों के बल पर आगे बढ़ती है। इन चमत्कारों का मजाक उड़ाना साहित्य के बारे में अपनी घोर अज्ञानता का परिचय देना है।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

युगबोध का अभाव साहित्यिक कृतियों के अर्थ का अनर्थ बना देता है। प्राचीन काल का साहित्य वर्तमान की आंखों से नहीं, बल्कि प्राचीन काल की आंखों से पढ़ना चाहिए। तभी आप अपने पुरखे लेखकों का सही आंकलन कर सकते हैं।

महाकाव्यों का युग मानव सभ्यता और संस्कृति का शैशव काल है। बच्चों को चमत्कार बहुत भाते हैं। अतः यह तनिक भी अस्वाभाविक नहीं कि दुनिया के सारे महाकाव्य समान रूप से अलौकिक प्रसंगों से भरे हुए हैं। महाकाव्य मानव सभ्यता और संस्कृति के शैशव काल की गाथाएं हैं, लेकिन आज अगर कोई इन प्रसंगों को सचमुच सही मानता हो तो उसकी मूर्खता का कोई जवाब नहीं।

# राम मंदिर के दौर में माता सीता की चर्चा

देश अभी भी पिछली 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्साह से निकला नहीं है। इस पृष्ठभूमि में माता सीता पर चर्चा करना समीचीन रहेगा। माता सीता के बिना श्रीराम अधूरे हैं। माता सीता पृथ्वी से जन्मी एक देवी हैं। वह हिंदू धर्म में समृद्धि, धन और सुंदरता की देवी लक्ष्मी का अवतार भी मानी जाती हैं। सीता को आदर्श पत्नी और महिला के रूप में चित्रित किया गया है, जबकि उनके पति राम, भगवान विष्णु के अवतार, रामायण के नायक और आदर्श पति और पुरुष हैं। खैर, ये सभी तथ्य बहुत मशहूर हैं। हालांकि सुखद आश्चर्य यह है कि एक अमेरिकी लेखिका डेना मेरियम ने सीता पर एक प्रामाणिक पुस्तक लिखी है। 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' को प्रसिद्ध प्रकाशक 'मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशिंग हाउस' ने प्रकाशित की है। डेना मरियम अपनी पुस्तक में सीता के जीवन की पारंपरिक कथा को प्रतिस्थापित करती है। माता सीता वास्तव में देवी नारायणी का अवतार हैं। सीता उस समय एक नई सभ्यता की नींव रखने में श्रीराम के साथ शामिल होने के लिए पृथ्वी पर आती हैं जब मनुष्य प्राकृतिक दुनिया से अलग होने लगा था। वह लोगों के दिल और दिमाग में जंगलों और नदियों, पौधों और जानवरों के जीवन के लिए एक महान प्रेम पैदा करना चाहती है। सीता की जीवन यात्रा एक महिला की बुद्धिमत्ता, साहस और निःस्वार्थ बलिदान की कहानी है।

अपनी किताब में लेखिका सीता के बचपन, परिवार और अन्य पहलुओं के बारे में विस्तार से लिखती हैं।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> सीता जिनकी भारत पूजा करता है, पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है।

लेखिका ने पहला अध्याय 'मिथिला में बचपन' लिखा है। इस अध्याय को इस भाव से लिखा गया है मानो वह (सीता) अपनी कहानी खुद लिख रही हों। "मेरा जन्म प्राचीन साम्राज्य विदेहनगरी, जिसे मिथिला भी कहा जाता है, में एक गरीब ब्राह्मण परिवार में हुआ था। मेरे पिता जनक महाराज के घर में सेवा करते थे"। वाल्मीकि रामायण के अनुसार माता सीता का जन्म जनकपुर में हुआ था। जनकपुर का प्राचीन नाम मिथिला तथा विदेहनगरी था। भगवान श्रीराम से विवाह के पहले सीता ने ज्यादातर समय यहीं व्यतीत किया था। महाभारत काल में जनकपुर एक जंगल के रूप में था।

378 पृष्ठों की इस पुस्तक में डेना मेरियम ने सीता के विवाह, मिथिला से प्रस्थान, अयोध्या में समायोजन, प्राचीन अयोध्या में पुनर्जन्म, मंदोदरी को सीता की शिक्षा, अयोध्या में वापसी, जंगल में वापसी आदि विषयों पर लिखा है। उन्होंने एक अध्याय सीता और उनके पुत्रों क्रमशः लव और कुश को भी समर्पित किया है। महत्वपूर्ण है कि कुछ लोगों के लिए राम द्वारा सीता को वन में निर्वासित करने की घटना, जब वह पांच महीने की गर्भवती थीं, रामायण की सबसे परेशान करने वाली और समझ से परे घटनाओं में से एक है। यह घटना भगवान के प्रति विश्वास की गंभीरता से परीक्षा लेता है और कुछ मामलों में वास्तव में इसे तोड़ देता है जिससे कुछ लोग भगवान राम के प्रति कठोर शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। वे भूल जाते हैं कि यह एक दिव्य लीला है और भगवान जो करते हैं उसे करने के उनके अपने कारण हैं और वे हमेशा हमारी छोटी समझ के दायरे में नहीं होते हैं।

सीता जिनकी भारत पूजा करता है, पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है। उनके लिए भारत दूसरे घर की भांति है। वह मैक्स मूलर और फादर कामिल बुल्के की परंपरा की विदेशी हैं, जिन्होंने भारत और हिंदू धर्म के अहम प्रतीकों का गहराई से अध्ययन किया।

फादर कामिल बुल्के के लिए भारत अपनी मातृभूमि से भी कहीं ज्यादा प्यारा था। बेल्जियम में जन्मे फादर कामिल बुल्के की जग विख्यात विशेषता यह है, वे रामकथा के मर्मज्ञ और हिंदी के विद्वान थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बांग्ला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेजी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक संदर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोधग्रंथ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रंथ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। खैर डेना मरियम ने 1990 के दशक के अंत में अंतर-धार्मिक आंदोलन में काम करना शुरू किया जब उन्होंने वर्ष 2000 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में आयोजित धार्मिक और आध्यात्मिक नेताओं के मिलेनियम विश्व शांति शिखर सम्मेलन के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 40 से अधिक वर्षों तक डेना मरियम परमहंस योगानंद की शिष्या और क्रिया योग ध्यान की अभ्यासी रही हैं। वह वैदिक परंपरा के महान ग्रंथों की भी लंबे समय से छात्रा रही हैं। यह समय है जब माता सीता का गहराई से अध्ययन करने वाले पाठक और विद्वान उनसे मिलकर यह समझें कि वह भारत और हिंदू धर्म से इतनी गहराई से क्यों जुड़ी हुई हैं। अंत में उन्होंने एक और महत्वपूर्ण पुस्तक 'रुक्मिणी एंड द टर्निंग ऑफ टाइम' भी लिखी है।

# जीवन का ऋण

चार्वाक दर्शन अनुमानों के आधार पर जीवन जीने को सही नहीं मानकर प्रत्यक्ष अनुभूति को ही उचित मानता है। चार्वाक दर्शन के 'यदा जीवेत् सुखं जीवेत्, ऋणम् कृत्वा घृतम् पिवेत्' सूत्र को परिभाषित करते विद्वानों ने 'जब तक जीओ सुखपूर्ण जीवन जीओ, ऋण लेकर घी पीओ' का अर्थ निकाला कि जीवन में आनंद के लिए उधार रुपया-पैसा लेना पड़े तब भी पीछे नहीं हटना चाहिए। यह रुपया स्वरूप बनाने तथा पैसा आत्मा की प्यास बुझाने से है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

चार्वाक मत की इस परिभाषा पर चिंतन मनन करने से प्रतीत होता है कि इसकी गहराई में कुछ और भी भाव निहित है। इस सूत्र में 'घृत' शब्द पर मंथन करने की जरूरत है। घृत अपने आप में दूध के मथे जाने के बाद तैयार होने वाला पदार्थ है। यह तो सामान्यतया लोग जानते हैं दूध को गर्म करने के बाद नवनीत (मक्खन) से घृत निकलता है। मनुष्य का जीवन भी तो नौ माह गर्भ में 'मां' के अंश से पोषित होकर जन्म लेने और मातृ-दुग्धपान से होता है। इसी दुग्ध को आगे चलकर घृत बनाने के लिए मनुष्य को मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनहत, विशुद्ध, आज्ञा तथा सहस्रार चक्रों से शक्ति उधार लेकर उसमें व्याप्त घृत-अंश का सदुपयोग करना है। इस स्थिति में कुंडलिनी जागृत होती है। लोकजीवन में एक मुहावरा 'घी के दीए जलाना' प्रयोग किया जाता है जिसका अर्थ ही है कि आनंद मनाना। जिस आनंद और सुख की बात चार्वाक के सूत्र में है, वह यही है कि कल्पना के आधार पर किसी सुख के पीछे नहीं भागना, बल्कि कुदरत द्वारा बहुमूल्य शरीर में जो धन छुपा है, उससे ऋण लेकर घृत पीआ जाए। वैसे भी मनुष्य पंचमहाभूतों पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश तथा वायु के ऋण से ही जीवन व्यतीत करता है। इस ऋण की अदायगी के लिए इन पंचमहाभूतों की रक्षा करनी चाहिए।

# पांचाल से निकाला प्रभा हरण ने ब्रह्म सत्संग का मंत्र

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**आयोजन**

- पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन में सेवानिवृत्त आईजी शैलेंद्र प्रताप सिंह का संबोधन
- फर्रुखाबाद का नाम भीष्म पितामह नगर नाम रखने का रखा गया प्रस्ताव

**अमृत विचार।** पांचाल प्रभा हरण ने ब्रह्म सत्संग का मंत्र इसी पांचाल से निकाला था। आज इसकी ब्रांडिंग किए जाने की आवश्यकता है। यह बात मेला राम नगरिया में आयोजित पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक इतिहासविद शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कही।

पूर्व आईजी ने कहा कि जितना वैभवशाली इतिहास फर्रुखाबाद का है, उतना किसी अन्य जनपद का नहीं सुना। इतिहास शोध और सीखने का विषय है। सीखकर आगे बढ़ने का माध्यम है। दुनिया के साथ चलने के लिए अपनी सोच को वैज्ञानिक करना पड़ेगा। कैंची धाम के बाबा नीब करौरी का मुख्य स्थान फर्रुखाबाद है। सबसे मृदु भाषा से बोलना ही पर्यटन का आधार है। उन्होंने मुगल आक्रांताओं का इतिहास भी दोहराया। संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त सचिव भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्राचीन गौरव को स्थापित करने के लिए संस्था निरंतर कार्यरत है। सम्मेलन में संस्था प्रमुख सुरेंद्र सिंह सोमवंशी ने कहा कि फर्रुखाबाद सभी धर्म के अनुयायियों की आस्था का केंद्र है। उन्होंने कपिल मुनि महाभारत और रामायण काल के अनेक स्थानों की विस्तृत जानकारी दी। श्वेता दुबे ने सामाजिक कार्यों में महिलाओं की सहभागिता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि होटल प्रबंधन पर्यटन संस्थान बीआर विश्वविद्यालय, आगरा के निदेशक डॉ. लव कुश मिश्रा ने कहा कि हमें अपने इतिहास पर गर्व करते हुए सरकार के सामने तथ्यपूर्ण ढंग से मांगे रखनी हैं।

जनपद का नाम बदलने से हम अपनी संस्कृति और मूल्यों से जुड़ सकेंगे। आज हमें कोई भी कार्य अर्थव्यवस्था से जोड़कर करना होगा, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण अयोध्या है। वहां छोटे-छोटे लोग अच्छी कमाई कर रहे हैं। भारत आज धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बन रहा है। इसे और अधिक बढ़ाना है। उन्होंने फर्रुखाबाद का नाम भीष्म पितामह नगर करने का प्रस्ताव रखा। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू ने कहा कि फर्रुखाबाद अगर आज भी विकास से अछूता है। इसके लिए जनप्रतिनिधि जिम्मेदार हैं। ब्रह्मदत्त द्विवेदी की कमी आज खल रही है। वीरेंद्र सिंह राठौर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिले का नाम बदलवाने के लिए जिला पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव भेजने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में के. डीएस राठौर, प्रो. मुकेश राठौर, प्रो. जीत बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह राजावत, निहारिका पटेल, पंकज वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### अब तक तीन पुस्तकें लिख चुके शैलेन्द्र प्रताप सिंह

पूर्व आईजी शैलेन्द्र प्रताप सिंह अब तक तीन पुस्तकें बैस जाति पर लिख चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनके पूर्वज हर्ष वर्धन कन्नौज के रहने वाले थे। वह देश-विदेश में घूम-घूम कर शोध कर रहे हैं। कम्पिल नगरी का गौरवशाली इतिहास रहा है। द्रौपदी का जन्म कम्पिल नगरी में ही हुआ था। महावीर स्वामी का पहला प्रवचन कम्पिल में हुआ। जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर स्वामी विमल नाथ का जन्म कम्पिल में ही हुआ था।



कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व आईजी शैलेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

# लाभार्थी संपर्क अभियान की हुई कार्यशाला

मुसाफिरखाना अमेठी



- 25 फरवरी से 5 मार्च के मध्य चलाया जाएगा अभियान

**अमृत विचार।** मंडल मुसाफिरखाना में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र की अध्यक्षता में नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश गुप्ता के आवास पर लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजीव शुक्ल ने कार्यकर्ताओं को लाभार्थी संपर्क अभियान से संबंधित सभी विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान किया।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता को लाभार्थियों से संपर्क करना है हर लाभार्थी से मोबाइल नंबर 9638002024 पर मिस्ड कॉल देने के बाद पीएम मोदी का पत्रक देना है। लाभार्थियों के साथ तस्वीर भी सरल ऐप पर अपलोड करना है। जिला मंत्री प्रभात शुक्ल ने अपने संबोधन में बताया कि यह अभियान 25 फरवरी से 5 मार्च के मध्य चलाया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन मंडल के महामंत्री रामगोपाल कौशल जी ने किया। अंत में मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र ने कार्यशाला में आए हुए सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ता भाई - बहनों का आभार व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि 1 मार्च से 3 मार्च के मध्य एक विशेष अभियान चलेगा और हर लाभार्थी परिवार तक पहुंचना है। कार्यशाला में गौरीगंज के विधानसभा विस्तारक धीरज शुक्ल, सुरेश तिवारी, हरिशंकर दुबे, राम कौशल, राधेश्याम शुक्ल, राकेश शुक्ल, राकेश प्रताप सिंह, संजय धुरिया, अवधेश सिंह, रघुवंश मिश्र, देवनारायण यादव, श्याम लाल यादव, मूर्ता भरद्वाज, आशा,वंदना, नीलम, अंजू, मृदुल मुकेश धनंजय तिवारी सहित काफी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 64 बसों से श्रद्धालुओं को भेजा गया अयोध्या धाम

## केंद्रीय मंत्री व सांसद स्मृति ईरानी की पहल पर दो लाख से अधिक लोगों को प्रभु श्रीराम लला के दर्शन कराने को श्रवण यात्रा शुरू

**श्रवण यात्रा**

- श्रवण यात्रा के साथ ही संसदीय क्षेत्र के चार लाख से अधिक घरों तक प्राण प्रतिष्ठा का प्रसाद किया गया वितरित
- गांव-गांव से बसों के द्वारा लोगों को दर्शन के लिए भेजा जा रहा अयोध्या

अमेठी

**अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री व सांसद दीदी स्मृति ईरानी की पहल पर दो लाख से अधिक लोगों को प्रभु श्रीराम लला के दर्शन पूजन के लिए श्रवण यात्रा शुरू की गई है।

गांव-गांव से बसों के द्वारा लोगों को दर्शन के लिए अयोध्या धाम भेजा जा रहा है। शनिवार को 64 बसों से चार हजार से अधिक श्रद्धालुओं को राम लला के दर्शन के लिए रवाना किया गया। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति ईरानी की इच्छा पर संसदीय क्षेत्र के लोगों को प्रभु श्रीराम लला के दर्शन के लिए श्रवण यात्रा शुरू की गई।

दो लाख से अधिक लोगों को प्रथम चरण में दर्शन पूजन कराने की योजना है। गांवों में बसों को भेजकर ऐसे सभी लोगों को अयोध्या धाम भेजा जा रहा है। जो प्रभु श्रीराम का दर्शन-पूजन करना चाहते हैं। दीदी की इच्छा है कि हर राम भक्त बिना किसी समस्या के अपने प्रभु के दर्शन का लाभ प्राप्त करें।

श्रवण यात्रा के साथ ही संसदीय क्षेत्र के चार लाख से अधिक घरों तक प्राण प्रतिष्ठा का प्रसाद वितरित किया गया है।



फुरसतगंज से श्रीराम लला के दर्शन के लिए बस से जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

### अयोध्या धाम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना

**फुरसतगंज, अमेठी।** सांसद स्मृति ईरानी के प्रयास से अयोध्या धाम दर्शन के लिये पहला जत्था रवाना किया गया। शनिवार को बहादुरपुर की ग्राम सभा खालिसपुर व महमदपुर के श्रद्धालुओं को एक बस से अयोध्या धाम दर्शन के लिये रवाना किया गया। वहीं श्रदालुओ ने कहा कि सांसद अमेठी स्मृति ईरानी के प्रयास से अयोध्या धाम दर्शन का सौभाग्य मिला है, जिसके लिए हम सब उनके आभारी है। श्रद्धालुओ को ब्लाक कोर्डिनेटर अमर सिह, विपिन सिंह व अभय प्रताप सिंह नेहरू, सुरेश चौधरी, अखिलेश ने झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

### स्मृति ईरानी का अमेठी में आलीशान घर बनकर तैयार

**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी से सांसद स्मृति ईरानी का आशियाना उनके संसदीय क्षेत्र में बनकर तैयार हो गया है। आगामी 22 फरवरी को होने जा रहे गृहप्रवेश के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी वासियों से वादा किया था कि लोगों को अपने सांसद से मिलने के लिए दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। वह अमेठी में ही अपना घर बनवा कर जनता की समस्या सुनेंगी। स्मृति ईरानी ने 2021 में अपना घर बनवाने के लिए मेदन मवई गांव में 11 बिस्वा जमीन खरीदी थी और 29 जुलाई 2021 को उनके पुत्र जौहर इरानी ने विधि विधान से भूमि पूजन किया था। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने नींव की ईंट रखी थी। अब उनका घर पूरी तरह से बन कर तैयार हो गया है। आगामी 22 फरवरी को वैदिक मंत्रोचार के साथ शुभ मुहूर्त में गृह प्रवेश का कार्यक्रम होगा। इसको लेकर उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रहा है। कार्यकर्ताओं द्वारा आमंत्रण पत्र वितरित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम को खास बनाने के लिए विशाल भोज का आयोजन किया गया है। भोज में काफी तादात में आम एवं खास लोगों के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। गुरुवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे हवन पूजन का कार्यक्रम होगा। इसके बाद 2 बजे से प्रीति भोज का कार्यक्रम होगा। बताया जा रहा है कि स्मृति ईरानी अपने इसी नए घर से अमेठी से आगामी लोकसभा का चुनाव लड़ेंगी। यहीं से चुनाव की रणनीति भी तय होगी। चुनाव लड़ने के साथ ही साथ वो यहां जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं भी सुनेंगी। मालूम हो कि इससे पहले भी केंद्रीय मंत्री के द्वारा अपने घर पर कई कार्यक्रम का आयोजन कर चुकी हैं। हाल ही में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण इसी नए घर पर ही हुआ था, जिसमे स्मृति ईरानी शामिल हुई थीं।



अमेठी में केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी का आवास।

### भागवत कथा सुनने से मिलता है मोक्ष

**भेटुआ, अमेठी।** घटमापुर (गंगहुआ) गांव में शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा के पहले दिन कथा व्यास ने भागवत कथा के महत्व, धुंधकारी के प्रेत योनि से मुक्ति की कथा सुनाया। कथा के पहले दिन ही दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया। अयोध्या से पधारे कथा व्यास डॉक्टर रोहित शरण महाराज ने भागवत का महात्म्य सुनाते हुए कहा कि भागवत श्रवण करने से जीवन की सारी व्यथा और कष्ट दूर हो जाते है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से भागवत कथा सुनकर भक्ति के दोनों पुत्र ज्ञान और वैराग्य पुष्ट हुए और धुंधकारी जैसा भयानक प्रेत भी भागवत की कथा सुनकर प्रेत योनि से मुक्त हो गया। यह श्रीमद् भागवत कथा देवताओं को भी दुर्लभ है। कथा व्यास ने कहा कि धर्म का आधार बहुत मजबूत है, जब-जब धर्म की हानि होती है, प्रभु धर्म की रक्षा के लिए स्वयं अवतार लेते हैं और धर्म विनाशक शक्तियों को जड़ से मिटा देते हैं। श्रीमद भागवत कथा हमें ये प्रेरणा देती है कि हम धर्म और न्याय के मार्ग पर ही चले। कथा सुनने मात्र से बड़े बड़े पाप मिट जाते हैं और मनुष्य के लिए मोक्ष का मार्ग खुल जाता है। कथा में राष्ट्रीय संगीत कलाकार पंडित जितेंद्र कुमार के भजन को सुनकर लोग भाव विभोर हो गए। कथा यजमान देवता दयाल पाण्डेय ने श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कृपा शंकर पांडे, रजत, पवन, हरिप्रसाद पांडे, राम अनुग्रह, गया प्रसाद, अरुण प्रसाद, राम अचल, संतोष, दिनेश के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**एक नजर**

### लेखपाल पर हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना जगदीशपुर पुलिस ने मंगौली तिराहे पर वाहन को ओवरटेक करने को लेकर लेखपाल पर प्राणघातक हमले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये दोनों युवकों को जेल भेज दिया है। तहसील तिलोई में तैनात लेखपाल वेद प्रकाश मिश्र शुक्रवार को अपने घर से तहसील बाइक से आ रहे थे। वह मंगौली तिराहे के पास पहुंचे ही थे कि मोटर साइकिल ओवरटेक को लेकर दो युवकों द्वारा विवाद हो गया था और फंटी से लेखपाल पर जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया गया था। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। पुलिस ने लेखपाल वेद प्रकाश मिश्र की तहरीर पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को उप निरीक्षक राजकुमार यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान लेखपाल पर जानलेवा हमले में प्रकाश में आये उदय श्याम ओझा पुत्र पंकज ओझा (20) व सोनू सिंह पुत्र रमेश प्रताप सिंह निवासीगण पूरे शोहरत सिंह (30) मजरा मंगौली थाना जगदीशपुर को रोड़वेज बस स्टाप कस्बा जगदीशपुर से गिरफ्तार किया। थाना जगदीशपुर के कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि इन दोनों युवकों के नाम प्रकाश में आने पर जांचोपरांत हमलावरों को जेल भेज दिया गया है।

### हवन पूजन के बाद छात्राओं को दीं शुभकामनाएं

**तिलोई, अमेठी।** सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के संत पथिक इंटर कालेज में छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपने सीनियर विद्यार्थियों को शुभकामनायें देते हुए विदाई की। इस दौरान कुछ भावुक पल ऐसे भी आये जिसमे सभी की आंखों से आंसू छलक पड़े। संत पथिक इंटर कालेज में सीनियर विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। राम चरित मानस के अखंड पाठ के समापन के उपरान्त हवन पूजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र छात्राओं ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किये गए। कार्यक्रम को भारतीय सेना के धर्म गुरु पंडित रमाकांत त्रिपाठी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि लगन एवं मेहनत से किया गया कार्य कभी निरर्थक नहीं होता। जो छात्र एकाग्र मन से विद्या अध्ययन करते हैं, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता कि शुभकामनायें दी। विद्यालय प्रबंधक श्रीकांत त्रिपाठी ने कक्षा 10 एवं 12 के छात्र छात्राओं को परीक्षा में उच्च सफलता की शुभकामनायें दी। जूनियर छात्र छात्राओं ने सीनियर छात्र छात्राओं को उपहार देकर सफलता की शुभकामनायें दी।

# एक-एक एडीओ के पास चार-चार ब्लॉक का चार्ज

- लम्बे समय से खाली है एडीओ एसटी का पद

भेंटुआ, अमेठी

**अमृत विचार।** विकास खंड कार्यालय में स्टाफ की कमी से केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की निगरानी का काम प्रभावित है। दो सहायक विकास अधिकारी ही स्थायी रुप से तैनात हैं। खंड विकास अधिकारी के न होने से कर्मचारी मनमानी ड्यूटी कर रहे हैं। जन सुनवाई का काम यहां नहीं हो पा रहा है। लोगों की जरूरत पर सम्बन्धित अधिकारियों का ब्लाक कार्यालय में न मिलना एक आम समस्या बन गई है।

### विकास खंड में हैं कुल 47 ग्राम पंचायतें

विकास खंड में कुल 47 ग्राम पंचायतें हैं। पंचायत विभाग से दो और विकास विभाग से सात लोग ग्राम पंचायत अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जेई आर एस वीके सिंह के पास चार विकास खंडों का कार्यभार है। एडीओ समाज कल्याण अम्बरीश मिश्र के पास भी चार विकास खंडों का कार्यभार है। एडीओ एमआई हरिओम मौर्य के पास दो विकास खंडों का काम है। एडीओ एसटी का पद लम्बे समय से खाली है। बीडीओ के न रहने पर एडीओ आईएसबी प्रभारी के तौर पर काम देख रहे हैं। एडीओ की कमी के कारण बीओ पीआरडी अपूर्वा यादव को भी एक सेक्टर का प्रभारी बनाया गया है, उन्हें खेल के अतिरिक्त अन्य विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन के तरीकों की कोई जानकारी नहीं है। ग्राम पंचायत अधिकारियों को कार्य आवंटन क्लस्टर के अनुसार हुआ है। एडीओ पंचायत गुलाबचंद के पास दो विकास खंडों का कार्यभार है। ग्राम पंचायत अधिकारी पुनीत राज कौशल के पास दस ग्राम पंचायतों का कार्यभार है। मनीष गुप्ता के पास छः, जया वर्मा के पास तीन और दिलीप कुमार के पास छः ग्राम पंचायतों का कार्यभार है। वरिष्ठ लिपिक का कार्यभार इंदु प्रकाश सिंह के पास है। एपीओ केदारनाथ के पास दो विकास खंडों का कार्यभार है। एक से अधिक कार्यभार वाले एडीओ विकास खंड में जनता को कब उपलब्ध होंगे, इसकी जानकारी पब्लिक को नहीं दी गई है। भादर संवाद के अनुसार 53 ग्राम पंचायतों के विकास खंड में 9 ग्राम पंचायत अधिकारी तैनात हैं। यहां के एपीओ भूपेंद्र सिंह लम्बी छुट्टी पर चले गए हैं। एडीओ समाज कल्याण के पास चार, एडीओ आईएसबी के पास दो और एडीओ कोआपरेटिव के पास दो विकास खंडों का कार्यभार है। एडीओ कृषि, एडीओ एमआई और एडीओ एसटी के पद लम्बे समय से खाली हैं। कमोवेश यही स्थिति संग्रामपुर, शाहगढ़, अमेठी, मुसाफिर खाना, जामो, गौरीगंज विकास खंडों में भी बनी हुई है। स्टाफ की कमी से योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और निगरानी के काम प्रभावित हैं।

# 254 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा

अमेठी

- डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया स्थलीय निरीक्षण
- 8 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

**अमृत विचार।** शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित दो दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रथम दिन की परीक्षा नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी ने संयुक्त रुप से परीक्षा केंद्र इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज तथा शिव महेश इंटर कॉलेज गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम व एसपी ने परीक्षा कक्ष, सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का गहनता से निरीक्षण किया तथा परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अतिरिक्त परीक्षा में लगाए गए सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगातार अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

बताते चलें कि पुलिस भर्ती परीक्षा जनपद के आठ परीक्षा केंद्रों क्रमशः राजीव गांधी पॉलिटेक्निक, मंगलम महिला विद्यालय, इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज, शिव महेश गर्ल्स इंटर कॉलेज, मनीषी महाविद्यालय, अग्रसेन गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजर्षि रणजंय सिंह असल देव कॉलेज, आरआर पीजी कॉलेज में दो पालियों में परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें 7584 अभ्यर्थियों में से 7330 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 254 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। आज भी उपरोक्त परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें 7584 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती डीएम, एसपी व मौजूद अन्य। अमृत विचार

# स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहे बंद सामुदायिक शौचालय

जगदीशपुर, अमेठी

**अमृत विचार।** जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते सरकार द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत बने सामुदायिक शौचालय में ताला जडे रहने के चलते योजना फ्लाप होकर मात्र कागजों में सिमट कर रह गई है।

विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगरौरा में लाखों की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय जहां आए दिन ताला जडा रहने के चलते ग्रामीण शौच के लिए खुले मैदान में जाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बंद पड़े सामुदायिक शौचालय की देख रेख कर रहे समूह घर बैठे तनख्वाह ले रहे हैं। ग्राम प्रधान व सेक्रेट्री मात्र कागजी खानापूर्ति कर समूह पर मेहरबान रहते हैं। वहीं इसकी निगरानी करने वाले जिम्मेदार अधिकारीगण सब कुछ जान कर भी अंजान बने रहते हैं।

इस सम्बन्ध मे जब जिला विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होने बताया कि खण्ड विकास अधिकारी से बात कर जांच पड़ताल की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर उनके विरूद्ध कडी कार्यवाई की जाएगी।




मंगरौरा में सार्वजनिक शौचालय में लटकता ताला।

### लोक संपत्ति क्षति निवारण में डीडीसी सदस्य गिरफ्तार

**अमेठी।** थाना शिवरतनगंज पुलिस ने खरुल्ला गंज मोड के पास से सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम में वांछित जिला पंचायत सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार जिला पंचायत सदस्य को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत खरगपुर में एक जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में लम्बे अरसे से विवाद चल रहा था। विधवा महिला न्याय के लिये दर-दर भटकती रही। लेकिन उसे न्याय नहीं मिल सका और निर्माण युद्ध स्तर पर जारी रहा। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार अशोक कुमार कुशवाहा द्वारा मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही थी। जानकारी जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र भारती को मिली तो वह भी मौके पर पहुंच गये थे। जमीन की नाप जोख चल ही रही थी कि जिला पंचायत सदस्य और नायब तहसीलदार व लेखपाल के बीच कहासुनी हो गई। जिस पर हल्का लेखपाल सुरेन्द्र पाल ने स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी और जिला पंचायत सदस्य का मुकदमा आज तक अंकित नहीं किया गया है।

**सार-संक्षेप**

### सीएचसी पहुंची कायाकल्प योजना निरीक्षण की टीम



डॉक्टरों के साथ कायाकल्प योजना की टीम। अमृत विचार

**फुरसतगंज, अमेठी।** शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची राज्य सरकार द्वारा कायाकल्प योजना के लिए चयनित टीम में शामिल रहे डॉ. आरपीके सोलंकी बनारस व डॉ. वंदिता वत्स प्रयागराज ने अस्पताल के सभी विभागों का निरीक्षण किया। साफ सफाई, दवाओं के रख रखाव सहित ऑपरेशन कक्ष पहुंचकर कर्मचारियों को ऑपरेशन कक्ष में मौजूद उपकरणों कें रख रखाव के बारे में तथा सभी प्रकार के बैक्टीरिया से ऑपरेशन कक्ष व अस्पताल को पूर्ण तया सुरक्षित रखने के उपाय बताए। डॉ. वंदिता वत्स ने कर्मचारियों से कहा कि अस्पताल आने वाले वाला हर मरीज हमारे लिए समान है। उसमें हमे भेद करना उचित नही है। डॉ. आरपीके सोलंकी ने कहा कि मरीज बड़ी उम्मीद लेकर अस्पताल आता है। उसके विस्वास पर खरा उतरना जरूरी है, इसीलिए डॉक्टर को भगवान का रूप दिया जाता है। इस मौके पर अधीक्षक डॉ. एचपी यादव, डॉ. विनय वर्मा, मनीष श्रीवास्तव, डॉ. विनोद कुमार सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

### अंतर्विश्वविद्यालीय खेल उत्सव एनर्जिया की हुई शुरुआत

**अमेठी।** राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय अंतर्विश्वविद्यालीय खेल उत्सव एनर्जिया का उद्घाटन शनिवार को किया गया, जो आज भी खेला चलेगा। इस दो दिवसीय खेल महोत्सव में खो-खो, एथलेटिक्स, लॉन टेनिस, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज, कबड्डी, कैरम, बास्केट बॉल, वॉलीबॉल, स्नूकर आदि खेल प्रतियोगिता आयोजित किये जा रहे हैं। इस खेल महोत्सव में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायबरेली, मॉडर्न गर्ल्स कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, लखनऊ, कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान, सुल्तानपुर, एसवीएम फार्मेसी कॉलेज, लालगंज, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बांदा, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, अम्बेडकर नगर, श्री सुंदर लाल स्मारक महाविद्यालय, बाबू बनारसी दास इंजीनियरिंग कालेज, लखनऊ एवं लखनऊ विश्वविद्यालय की टीमों के साथ राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान की टीम से 300 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें लगभग 100 महिला खिलाड़ी हैं। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन पद्मश्री सुधा सिंह, संस्थान के निदेशक आचार्य अखौरी सुधीर कुमार सिन्हा, अरुण कुमार निगम, मुख्य प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, अधिष्ठाता डॉ. देवाशीष पांडा एवं फैकल्टी समन्वयक डॉ. शैलेश कुमार द्वारा किया गया।

**मिली नौकरी** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण परिसर में रोजगार मेले का किया गया आयोजन

# 245 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग, 165 का हुआ चयन

अमेठी

**अमृत विचार।** प्लेसमेंट अधिकारी कौशल विकास मिशन, आईटीआई गौरीगंज अजय कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में गौरीगंज विकासखंड अंतर्गत राजकीय आद्योगिक प्रशिक्षण परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा महामंत्री सुधीर शुक्ला व प्रधानाचार्य अनुपमा रानी ने शुभारंभ किया।

महामंत्री ने समस्त अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने एवं रोजगार मेले आयोजित करने के उद्देश्य के बारे में बताते हुए अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेलों में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया।

प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराया जाए। रोजगार मेले में 7 प्लेसमेंट कम्पनियों में बुसा लिमिटेड, रॉकमैन इंडस्ट्रीज ग्रुप, ऐमरॉल्ड मैनेजमेंट एस. आई. एस, फिलिप कार्ट, हिंदुस्तान ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, एस. आई. एस एवं यूनो मिंडा ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें एवं 165 अभ्यर्थियों का चयन हुआ।

रोजगार मेला कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा 15 रोजगार प्राप्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। कार्यक्रम के दौरान जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, प्रधानाचार्य संजय गांधी पालीटेक्निक राम रतन और प्लेसमेंट सेल अधिकारी अजय कुमार सिंह, जिला प्रबंधक मृत्युंजय तिवारी, संदीप सिंह एवं विवेक द्विवेदी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।




रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र के साथ अभ्यर्थी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### लोहंगपुर गांव में मिला नर कंकाल

**जगेशरगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार** : अंतू थाना के लोहंगपुर गांव के जंगल में शाम गरीबों छह बजे गांव के कुछ युवक बैर खाकर लौट रहे थे तो देखा कि एक नर कंकाल पड़ा हुआ है। युवकों ने गांव के लोगों को बताया। सूचना पर मौके पर पहुंची अंतू पुलिस ने नर कंकाल को अपने कब्जे में ले लिया। गांव के मनीराम के घर से 500 मीटर दूरी पर मिले नर कंकाल की कपड़े व पर्स से अपने इकलौते पुत्र शिवम (23) पहचान की जो कुछ महीनो से घर से गायब था। मनीराम को नर कंकाल के पास से जूता, कपड़ा पर्स मिला है। शिवम एक भाई बहन था, बहन की शादी हो गई है। पिता मनीराम और मां चंदा घर पर ही रहते है। अंतू एसओ जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जंगल में एक नर कंकाल मिला है। जिसे कब्जे में ले लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे में किशोरी की मौत

**प्रतापगढ़। अमृत विचार** : मानधाता क्षेत्र के मनेहूं गांव निवासी मुमताज उर्फ दिल्लू अपनी 13 वर्षीय पुत्री अखतरुन बानो को लेकर डेरवा से दवा दिला कर वापस घर आ रहे थे।लक्ष्मीगंज बजार के पास साधन सहकारी समिति मोड़ पर मानधाता की ओर से तेज रफ्तार आ रही ट्रक से टक्कर हो गई जिसमें मुमताज और उनकी पत्नी को मामूली चोट आई। बेटी का सिर ट्रक के टायर के नीचे आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जेठवारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ट्रक को थाने ले गई। एसओ जेठवारा धमेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### आरओ-एआरओ पेपर लीक मामले में छात्रों का हंगामा



**प्रयागराज। अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की आरओ–एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में शनिवार को छात्रों ने आयोग के गेट पर एकजुट होकर जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया। हंगामे की सूचना पर पहुंची कई थानो की फोर्स ने हंगामा कर रहे छात्रों को समझाने का प्रयास किया लेकिन छात्र अपनी मांगो पर अड़े रहे। फिलहाल अभी हंगामा जारी है। पेपर लीक मामले में अभ्यर्थियों ने की लाउड शिकषाअधिकारी और सहायक का का विषय अधिकारी परीक्षा के पेपर लीक होने के बाद से छात्रों का आंदोलन लगातार जारी है। शनिवार को लोक सेवा आयोग गेट के बाहर हजारों की संख्या में उनसे छात्रों ने जमकर बवाल काटा। हंगामा की सूचना मिलते ही मौके पर कई थानों की फोर्स पहुंच गई लड़कों काबू करने के लिए पुलिस ने छात्रों को समझने का प्रयास किया लेकिन छात्र अपने मांग पर अड़े रहे। उनकी मांग थी कि परीक्षा को पुन: कराया जाए। छात्रों के बवाल को देखते हुएआयोग गेट को छावनी में तब्दील कर दिया गया। हंगामा कर रहे छात्रों की मांग थी कि पेपर लीक होने से छात्रों का भविष्य अंधाकर में जा रहा है। इसलिए परीक्षा को निरस्त करते हुए दोबारा कराई जाए। यह कोई पहली बार नही हुआ है। इससे पहले 2016 में भी आरओ–एआरओ परीक्षा का पेपर लीक हुआ था जिसके बाद आयोग ने दोबारा परीक्षा कराई थी। दूसरी तरफ समीक्षा अधिकारी–सहायक और समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में तीन सदस्यीय बनाई गयी टीम ने अपनी जांच शुरु कर दी है। हालांकि हंगामा चार्ज रिपोर्ट के बारे में आयोग के अधिकारी कुछ बोलते को तैयार नहीं है।

### देशी बम के साथ पकड़ा गया युवक, पुलिस ने भेजा जेल

**रानीगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार** : पुलिस ने चेकिंग के दौरान सूचना मिलने पर उगईपुर देवासा में आंवले की बाग में शुक्रवार की रात करीब आठ बजे कोतवाली देहात के बरहुआ भोजपुर निवासी फूलचंद्र पटेल पुत्र सुदामा प्रसाद को छह देशी बम के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शनिवार को उसे जेल भेजा दिया। एसओ रानीगंज आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि छह देशी बम के साथ गिरफ्तार युवक को मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**प्रतापगढ़। अमृत विचार** : सांगीपुर थाना क्षेत्र के शाहबरी भीखीपुर गांव के अभय कुमार वर्मा (20) पुत्र माताफेर वर्मा का शनिवार को घर के अंदर कमरे में शव फंदे से लटकता मिला। शव देखते ही परिजन बेहाल हो गए। एसओ सांगीपुर विवेक मिश्र ने बताया कि मृतक के पिता ने इत्तेफाकिया तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा, जांच की जा रही है।

### सरयू पुल के समानान्तर बनेगा दो लेन का एक और पुल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : अयोध्या में सरयू पुल के समानान्तर दो लेन का एक और पुल बनेगा। इसके साथ ही लता चौक से रेलवे अंडर ब्रिज तक धर्मपथ की चौड़ाई और बढ़ाकर 60 मीटर की जाएगी। अभी यह केवल 46 मीटर चौड़ा है। इसके साथ ही इस बेहद खूबसूरत और उपयोगी पथ पर पब्लिक यूटिलिटी की सुविधाएं और बेहतर की जाएगी। इसे लेकर शनिवार को जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया और खुद के सामने नपाई भी कराई। जिलाधिकारी ने बताया उदया और मोहबरा के दो ओवर ब्रिज के दो लेन चल रहे हैं। शेष दो तीन दिनों के भीतर आरंभ हो जाएंगे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा : सॉल्वर गिरोह का भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

## पकड़े गये युवकों के पास से ब्लूटूथ और सिम कार्ड बरामद

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** लोक सेवा आयोग के समीक्षा अधिकारी पेपर लीक का मामला अभी थमा नहीं और एक नया मामला सामने आ गया। दो दिन होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन शनिवार को पेपर साल्व कराने की तैयारी कर रहे सॉल्वर गिरोह के पांच सदस्यों समेत नौ लोगों को पुलिस ने परीक्षा के शुरू होते ही गिरफ्तार कर लिया। इनकी गिरफ्तारी झूंसी से की गयी है।

पुलिस ने मौके से आरोपी के पास से ब्लूटूथ, डिवाइस के साथ सिमकार्ड रीडर भी बरामद किया है। फिल्हाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। वहीं कौशांबी में भी पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने वाले गैंग के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके पास से नौ लाख रूपये, लैपटाप, आईकार्ड और प्रवेश पत्र बरामद किया गया है। उधर कौशाम्बी जिले में पुलिस भर्ती सहित विभिन्न परीक्षाओं को पास कराने वाले गैंग का जिले की एसओजी, साइबर सेल और सर्विलांस टीम ने पकड़ा है। परीक्षा पास करने वाले गैंग के पकड़े गए शातिर आयुष पाण्डेय पुत्र विनोद कुमार पाण्डेय निवासी बभनपुरा थाना रानीपुर जनपद मऊ, पुनीत सिंह पुत्र धीरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम जोगीनका थाना गोपीगंज जनपद भदोही और नवीन सिंह पुत्र फतेह बहादुर सिंह निवासी हरपुर पोस्ट बगली पिजरा थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ के है।

### मक्खी कोड से हो रही थी बात

पुलिस ने बताया कि पकड़े गये साल्वर गैंग के सदस्यों ने एक कोड बनाया हुआ था। जिसका नाम "मक्खी" रखा गया था। इसी कोड के सहारे यह आपस में बात कर रहे थे। उसी कोड के आधार पर ये लोग परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर उनको पेपर साल्व करवाने का टेंडर लिया था। पकड़े जाने पर इन लोगों ने अपने इस कोड के बारे में पूरी जानकारी दी। सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए जनपद में कुल 126 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें प्रत्येक 24 अभ्यर्थियों पर एक सीसीटीवी कैमरे की मदद से नजर रखने की व्यवस्था की गई है।

> पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग पुलिस भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले है। इसके लिए पहले से सॉल्वर गैंग सक्रिय था। पुलिस ने अपने सूचनातंत्र को लगाते हुए झूंसी में पांच लोगों भी खूफिया तरीके से दबोच लिया। उनके पास से डिवाइस भी बरामद किया गया। बाद में उनके सहयोग करने वाले अन्य पांच लोगों को भी पकड़ लिया गया। **– दीपक भूकर, (डीसीपी नगर), प्रयागराज**

> गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इन युवकों के पास से एक बलेनों कार, दो लैपटॉप, पांच मोबाइल, पुलिस का फर्जी आईकार्ड, और 8 लाख 84 हजार रुपए बरामद किया गया है। कार्रवाई की जा रही है। **– बृजेश कुमार श्रीवास्तव, एसपी कौशांबी**

## ड्रोन से केंद्रों पर रही नजर, पकड़ा गया सॉल्वर

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच में शुरू हुई। परीक्षा केंद्रों पर ड्रोन कैमरों की नजर रही। एसटीएफ की टीम भी भ्रमण करती रही। आईजी,डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। प्रथम पाली में रामराज इण्टर कालेज पट्टी में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने आया बिहार का सॉल्वर रमेश फेसरीडिंग और थम्ब इम्प्रेशन में पकड़ा गया। अरविंद कुमार निवासी मानधाता प्रतापगढ़ के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। पुलिस को पूछताछ में उसने अपना वास्तविक नाम अनिल कुमार पुत्र दिनेश प्रताप निवासी मादोपुर थाना बख्तियारपुर पटना बिहार बताया। दोनों पालियों में 981 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की सिपाही भर्ती परीक्षा शनिवार को 27 केंद्रों पर आयोजित की गई। सुबह सात बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भीड़ पहुंचना शुरू हो गई। परीक्षा से एक घंटे पहले अभ्यर्थियों का प्रवेश केंद्र के अंदर शुरू हुआ। इलेक्ट्रानिक गैजेट्स के साथ ही आभूषण पर प्रतिबंध होने के कारण बाहर जमा करा लिया गया। उसके बाद अभ्यर्थियों की तलाशी लेने के बाद बायोमीट्रिक, आइरिश, फेस रिकगनाइजेशन की कार्रवाई की गई। सुबह 9 .30 पर परीक्षा एजेंसी की ओर से केंद्र व्यवस्थापकों को ओटीपी भेजी गई। ओटीपी प्राप्त होने के बाद प्रश्नपत्र का ट्रंक खुला। परीक्षा कक्षों में 24 परीक्षार्थियों पर एक जैमर की व्यवस्था की गई थी। वहीं केंद्र के बाहर 100 मीटर तक धारा 144 लागू रही। परीक्षा केंद्रों के पास ड्रोन कैमरे से निरीक्षण किया गया। एसटीएफ की टीम परीक्षा केंद्रों के पास भ्रमण करती रही। आईजी प्रयागराज प्रेम गौतम,डीएम संजीव रंजन और एसपी सतपाल अंतिल डॉ. जयमंगल सिंह प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थान भूपियामऊ पहुंचे। परीक्षा केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। श्रीराम बालिका इंटर कॉलेज, हेमवती नंदन बहुगुणा कॉलेज और भागवत दत्त महाविद्यालय पहुंचे। प्रथम पाली की परीक्षा में कुल पंजीकृत 13512 अभ्यर्थियों में 13034 उपस्थित और 478 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल पंजीकृत 13512 अभ्यर्थियों में 13009 उपस्थित और 503 अनुपस्थित रहे। परीक्षा संपन्न कराने के लिए 34 स्टेटिक मजिस्ट्रेट और 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक के साथ सह केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती रही। चार रिजर्व और सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए परीक्षा केंद्रों पर पुलिस फोर्स तैनात रही। पुलिस लाइन में बने कंट्रोल रूम से परीक्षा की निगरानी अधिकारी करते रहे।

### बीएसएस एकेडमी में पकड़े दो ईयरफोन

**प्रतापगढ़। अमृत विचार** : पुलिस भर्ती परीक्षा में पहली पाली में बीएसएस एकेडमी फुलवारी में दो परीक्षार्थी इयरफोन के साथ पकड़े गए। सघन तलाशी के बाद उन्हें परीक्षा में शामिल किया गया। परीक्षा शुरू होने से पहले फायर ब्रिगेड कर्मियों ने केंद्र के कमरों का निरीक्षण किया। परीक्षार्थियों के छूटने के बाद जगह जगह सड़कों पर जाम लग गया। कटरा मेदनीगंज से पीबीपीजी और पीबी इंटर कालेज मार्ग केवल परीक्षार्थियों के लिए ही खोला गया था। परीक्षा के नोडल एएसपी पश्चिमी संजय राय ने बताया कि बीएसएस एकेडमी में परीक्षा शुरू होने से पहले दो इयरफोन पकड़े गए।

# अयोध्या में गीत, संगीत और नृत्य का संगम श्रद्धालुओं को कर रहा सराबोर

अयोध्या कार्यालय

रामोत्सव

**अमृत विचार** : रामोत्सव में राम कथा पार्क में गीत, संगीत और नृत्य का संगम श्रद्धालुओं को सराबोर कर रहा है। कथा व्यास उज्ज्वल शांडिल्य महाराज ने शनिवार को दोपहर मानस के प्रसंगों को सुना कर सबको भाव विभोर कर दिया। वहीं अवध के शिवम मिश्र ने अपने दल के साथ इक बार जो रघुबर की कृपा हो जाए... गाकर रामलला की प्रतिष्ठा को स्वर दिया। तेरा रामजी करेंगे बेड़ा पार... और श्रीराम जानकी बसे है मेरे मन में... गाकर विभोर किया। वाइब्रेंट आर्ट कल्चर सोसाइटी के कलाकारों ने श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन पर स्तुति करने के बाद अवध में मिथिला की होली पर लोकनृत्य प्रस्तुत किया।

इसके अलावा लोकविधा कठपुतली के माध्यम से श्रीनारायण श्रीवास्तव और उनके दल ने भारतीय लोक कला की समृद्धता को सिद्ध कर दिया। सूत्रधार के माध्यम से गणेश वंदना करने के बाद भजनों को श्रंखला पर कठपुतलियों का अभिनय, संचालन, संवाद ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तिमय वातावरण में डॉ.रचना श्रीवास्तव ने अवधी लोक गायन और लोक नृत्य प्रस्तुत किए। अंशिका, सोनम, जाह्नवी, सत्यम सिंह के साथ जनक जी के दरबार का प्रसंग "राजा जनक जी के द्वारे बड़ी भीड़,वीर सब आए" प्रस्तुत किया। लखनऊ से आई इशिका त्रिपाठी के दल ने रामकथा की प्रस्तुति नृत्य नाटिका के माध्यम से किया। अंतरराष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ. लवकुश द्विवेदी ने सभी कलाकारों का सम्मान स्मृति चिह्न देकर किया।कार्यक्रम समन्वयक अतुल, विशाल सिंह, आरती, अरुण, दिलीप रितिका, दीपशिखा आदि मौजूद रहीं।




### बैडमिंटन में चित्रकूट को शिकस्त देकर यूपीएस कटरा गुलाब सिंह प्रदेश में अव्वल

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार** : 34वीं राज्य स्तरीय तीन दिवसीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं शैक्षिक समारोह स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, लखनऊ में संपन्न हुआ। संदीप सिंह राज्य मंत्री बेसिक शिक्षा स्वतंत्र प्रभार ने शुभारंभ व समापन कंचन वर्मा महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश ने किया। राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त मो .फरहीम के नेतृत्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के बच्चों ने प्रयागराज मंडल का प्रतिनिधित्व किया। प्रयागराज मंडल (प्रतापगढ़) ने मेरठ को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मुरादाबाद मंडल को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में वाराणसी मंडल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में चित्रकूट को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त करके प्रतापगढ़ को गौरवान्वित किया। बैडमिंटन बालक वर्ग सिंगल/ डबल्स दोनों में मनीष पटेल, सूरज पटेल, मोहम्मद अनस, मोहम्मद फरदीन ने स्वर्ण पदक, बैडमिंटन बालिका वर्ग सिंगल डबल्स में सिमरन, समरीन, आन्या विश्वकर्मा ने रजत पदक हासिल किया। विजेता टीम को तनुजा त्रिपाठी सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक प्रयागराज, बीएसए भूपेंद्र सिंह,एबीएसए सुरेश कुमार सिंह,ब्लाक व्यायाम शिक्षक कौशलेंद्र प्रताप सिंह, पितामह यादव,आशा मिश्रा, शिखा श्रीवास्तव, नीतू वर्मा,रोशन ने खुशी जताते हुए बधाई दी।

# गंगा के बाद सरस्वती ने लिया जन्म

संवाददाता, प्रयागराज

**▸▸ माघ मेले में बना है गंगा और त्रिवेणी अस्पताल, संगम में गूंजी किलकारी, बांटी गई मिठाई**




**अमृत विचार:** गंगा की गोद में जन्म लेने बच्चियों और उनकी माताओं के लिए यह बड़े ही सौभाग्य की बात है। उन्हें साक्षात मां गंगा ने अपना आशीर्वाद दिया है। जी हां, ये सच है कि माघ मेले में बने गंगा और त्रिवेणी अस्पताल में दोनों बच्चियों गंगा और सरस्वती ने जन्म लिया है। जिसके बाद माघ मेले के अस्पताल में किलकारी गूंज उठी। अस्पताल में डॉक्टरों ने मिठाईया बांटीं और खुशियां मनाईं।

माघ मेले में बने त्रिवेणी अस्पताल में प्रसव पीढ़ा होने के बाद एक महिला को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ देर के बाद महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। डॉक्टरों के मुताबिक जच्चा और बच्चा अब पूरी तरह से स्वस्थ्य है। बता दें कि आध्यात्म की नगरी में बसे तम्बुओं की नगरी माघ मेले मेला प्रशासन की ओर से सुविधाओं डॉ. बेहतर इलाज के लिए गंगा और त्रिवेणी अस्पताल बनाया गया है। जहां त्रिवेणी अस्पताल में सरस्वती ने जन्म लिया है।

इससे पहले 13 फ़रवरी को एक गर्भवती महिला ने बेटे को जन्म दिया था। जो महिला मध्य प्रदेश की रहने वाली रेनू बतायी गयी है। रेनू मेला क्षेत्र में चाय नाश्ते की दुकान खोल रखी है। प्रसव के बाद डॉक्टरों ने उस बच्चे का नाम गंगा रखा है।

## वर्ग पहेली-346

**बाएं से दाएं**

3. अलग–अलग करने की अवस्था या भाव।
4. 1. अतिसार रोग 2. जलोदर।
5. हंस या बत्तख की जाति का एक पक्षी।
6. दादा या बाबा के पिता, परदादा।

**ऊपर से नीचे**

1. हिमालय, पर्वतराज, नगाधिपति।
2. एक प्रकार की कांटेदार झाड़ी।
4. 1. एक प्राचीन बाजा 2. युद्ध क्षेत्र में बजाया जाने वाला एक प्रकार का ढोल।
5. 1. अरब के मक्का शहर की वह चौकोर इमारत जिसकी नींव इब्राहीम के द्वारा रखी हुई मानी जाती है और उक्त इमारत को मुसलमान ईश्वर का घर मानते हैं; पवित्र तीर्थस्थल 2. उक्त जगह जहाँ मुसलमान लोग हज करने जाते हैं 3. चौकोर चीज़ 4. पासा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 | ■ | ■ | 2 |
| 3 | | | | | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| 4 | | | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | 5 | | |
| 6 | | | | ■ | ■ |

### वर्ग पहेली - 345 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 रू | म | ■ | 2 गे | ■ | 3 लो |
| ■ | ■ | ■ | र | ■ | न |
| 4 अ | ति | दु | रा | ह | ■ |
| ■ | ■ | ■ | र | ■ | ■ |
| 5 प | रो | प | का | र | ■ |
| पु | ■ | ■ | री | ■ | 6 चा |
| 7 पी | ना | ■ | ■ | ■ | रा |

# शिवनाथ का तारा का होगा कायाकल्प, डीडीओ ने किया निरीक्षण

संवाददाता, रानीगंज प्रतापगढ़



शिवनाथ का तारा तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे डीडीओ राकेश कुमार।

**अमृत विचार** : सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता के निर्देश पर शिवनाथ का तारा के कायाकल्प के लिये डीडीओ राकेश कुमार स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे डीडीओ राकेश कुमार।

लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मीरपुर रानीगंज की सीमा में एनएच से लगी हुई भूमि पर शिवनाथ का तारा नाम से एक बड़े भू भाग पर तालाबी आराजी स्थित है। तालाबी आराजी की समुचित देखभाल के अभाव में वह ऐसे ही पड़ा रहा। सांसद संगम लाल गुप्ता ने संज्ञान लेकर दिशा की बैठक में बतौर अध्यक्ष अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिवनाथ के तारा नाम से विख्यात तालाबी आराजी को अमृत सरोवर और पर्यटक रूप में विकसित कर उसे पर्यटकीय स्थल बनाया जाय। सांसद के निर्देश के क्रम में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को सम्बन्धित अन्य अधिकारियों के स्थान स्थलीय निरीक्षण कर कार्ययोजना को अमली जामा पहनाने के निर्देश दिये। डीडीओ राकेश कुमार ने मौके का निरीक्षण कर अधिकारियों को तत्काल कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। डीडीओ ने कहा कि पूरे एनएच पर इतना रमणीक स्थान और स्थल कहीं भी नहीं है केवल इसको व्यवस्थित रूप से बनाने की जरूरत है। उन्होंने सम्बन्धित तकनीकी अधिकारियों को तालाब में नहर के पानी के आने की व्यवस्था तथा प्रॉपर इनलेट और आउटलेट सहित उसके ऊंचे बंधे को लेवल कर वृक्षारोपण और ओपन जिम भी स्थापित करने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर बीडीओ गौरा धर्मेंद्र प्रताप सिंह,प्रमोद तिवारी, विवेक उपाध्याय आदि भी मौजूद रहे।

## सुडोकू -63

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 3 | | | 8 | | 5 | |
| | | 2 | | | | | | 6 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | 6 | | | 4 | | 9 | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | 7 | 1 | |
| 6 | | | 1 | | | 8 | | |
| 2 | | | | | | 4 | | |
| | 5 | | 6 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 62 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 2 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 फरवरी, रविवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–माघ, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–नवमी 08 .15 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**– पश्चिम। **ऋतु**–शिशिर। चन्द्रबल–वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र–रोहिणी 09 .23 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** – आज आपको विपरीत लिंगी जातकों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप–तौल कर बातें करें। आपको अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए।

**वृष** – आज नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। समाज में आपकी छवि निखरेगी।

**मिथुन** – आज आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे। सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। अपना चरित्र अच्छा रखें।

**कर्क** – आज नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में आपकी आय में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के लिए परिवार की सहमति मिल सकती है। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं।

**सिंह** – आज रोग से पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। विरोधी आपसे क्षमा मांग सकते हैं। परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा। आप दूसरों की सहायता करने का काफी प्रयास करेंगे। सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे।

**कन्या** – आज चंचलता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी–छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। यदि आप झूठ बोलते हैं तो आपको समस्या होगी।

**तुला** – आज मुख में छाले आपको परेशान कर सकते हैं। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक बातों में समय बर्बाद न करें। घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे।

**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव घटने से आप प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी को आज आप कहीं घुमाने ले जा सकते हैं। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बड़ा व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। पिता का आशीर्वाद और मार्गदर्शन आपको प्राप्त होगा।

**धनु** – आज भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। उधार देने से आपको बचना चाहिए। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिये प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**मकर** – आज व्यापार में आपको नया प्रयोग करने से पहले ठीक तरह से जांच–पड़ताल कर लेना चाहिए। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है।

**कुंभ** – आज पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे। महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है।

**मीन** – आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
दरार – सुबह : 10 .00
अनाड़ी – रात : 07 .00

**Sony Pix**
ए मैन कॉल्ड ओटो – सुबह : 10 .10
2012 – रात : 09 .00

**Sony Max**
चक दे इंडिया – सुबह : 08 .37
तारा वर्सेज बिलाल – रात : 09 .40

**Zee Cinema**
क्यों! हो गया न – सुबह : 10 .30
फ्लाइट – रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
हम तुम्हारे हैं सनम – सुबह : 11 .36
यह जवानी है दीवानी – रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात–07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) – एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू– आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)– पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..!!
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं...
पति– (कमेंटरी के अंदाज में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

### पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने संदेशखालि का दौरा करके कहा...

# हम उत्पीड़ित बच्चे की मां से करेंगे बात

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डब्ल्यूबीसीपीसीआर) की छह सदस्यीय टीम ने राजनीतिक रूप से अशांत क्षेत्र संदेशखालि में बच्चे के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों की पड़ताल के लिए शनिवार को वहां का दौरा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि संदेशखालि में बदमाशों ने सात माह के बच्चे को उसकी मां की गोद से छीनकर फेंक दिया था। बच्चे का फिलहाल उपचार किया जा रहा है। आयोग की सलाहकार सुदेशना रॉय ने पत्रकारों से कहा कि हम स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर आए हैं। हमारा कर्तव्य राज्य के हर बच्चे को सुरक्षा देना है और यह भी देखना है कि उनके अधिकार सुरक्षित हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि हम कथित तौर पर उत्पीड़ित बच्चे की मां से बात करेंगे।

आयोग की छह सदस्यीय टीम ने संदेशखालि का दौरा किया, जिसका नेतृत्व इसकी अध्यक्ष तूलिका दास ने किया। दास ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें पता चला कि कोई व्यक्ति एक घर में घुस आया और बच्चे को मां की गोद से फेंक दिया। उन्होंने कहा, ''हमने खुद ही परिवार से मिलने का फैसला लिया। हम बच्चे की मां से मिले...वे भोजन, चिकित्सा सहायता और सुरक्षा चाहते हैं। हमने उन्हें वह सब प्रदान किया है।

बता दें कि एक महीने से अधिक समय पहले तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शेख शाहजहां के परिसर की तलाशी के लिए ईडी के इलाके में जाने के बाद संदेशखालि में तनाव पैदा हो गया था।



डब्ल्यूबीसीपीसीआर की छह सदस्यीय टीम ने संदेशखालि में बच्चे के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों की पड़ताल के लिए वहां का दौरा किया। ● एजेंसी

**केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर**

पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिले उत्तर 24 परगना के अशांत संदेशखाली में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती के लिए न्यायिक हस्तक्षेप की मांग करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

### बिलकीस बानो मामलाः दोषी ने पैरोल के लिए न्यायालय का किया रुख

**अहमदाबाद।** वर्ष 2002 के गोधरा दंगों के दौरान बिलकीस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या से संबंधित मामले के एक दोषी ने अपने परिवार में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने का अनुरोध करते हुए गुजरात उच्च न्यायालय का रुख किया है। रमेशभाई चंदना ने अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने के अनुरोध को लेकर शुक्रवार को उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। चंदना और 10 अन्य को पिछले महीने तब वापस जेल भेज दिया गया था जब उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार द्वारा उन्हें दी गई छूट को रद कर दिया था। इससे पहले, मामले के एक अन्य दोषी प्रदीप मोधिया को उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका सात से 11 फरवरी तक पैरोल पर रिहा किया गया था।

# हर बूथ पर भाजपा के 370 वोट बढ़ाएं कार्यकर्ता

● भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री मोदी ने किया आह्वान

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं का शनिवार को आह्वान किया कि वे आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को 370 से अधिक सीटें जिताने के लक्ष्य को एक आंकड़ा नहीं, बल्कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि समझ कर प्राप्त करें। नरेंद्र मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के शुभारंभ के पहले पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए यह भी आह्वान किया कि हर बूथ पर भाजपा के 370 वोट बढ़ाएं। भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने संवाददाताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन के बिन्दुओं की जानकारी दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 पार पहुंचाने का लक्ष्य मात्र एक आंकड़ा नहीं है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू -कश्मीर को भारत का अटूट एवं अविभाज्य अंग बनाने के लिए बलिदान दिया था। हर कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आगे आए और इसे एक आंकड़े के रूप में नहीं, बल्कि श्रद्धांजलि के रूप में लें। विनोद तावड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भाजपा और राजग जो सीटें लड़नी है, उनके उम्मीदवार की घोषणा कर दी और वह उम्मीदवार है - कमल का फूल। उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता कमल को जिताने के लिए कमर कस लें। जिन लोगों को केंद्र या राज्य की सरकारों की योजनाओं का लाभ मिला है, उनसे 100 दिनों में संपर्क करें।



नई दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय परिषद की बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माला पहनाई। इस दौरान अमित शाह और जेपी नड्डा भी रहे। ● एजेंसी

## एक नजर

**दिल्ली के पास मालगाड़ी पटरी से उतरी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक मालगाड़ी के दस डिब्बे पटरी से उतर गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पटरी पर किसी व्यक्ति के हताहत होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। यह घटना शनिवार को सुबह उस समय हुई जब ट्रेन जखीरा फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रही थी। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि घटना में 10 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं और बचाव अभियान जारी है।

**गुरुग्राम में 1.28 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी**

**गुरुग्राम(हरियाणा)।** गुरुग्राम में साइबर अपराधियों ने पहले एक व्यक्ति को यह बताया कि उसके द्वारा भेजे गए पार्सल में मादक पदार्थ है और फिर उसे गिरफ्तारी की धमकी देकर उससे एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर 83 निवासी आशीष सरीन ने साइबर अपराध दक्षिण पुलिस थान में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें एक व्यक्ति ने कूरियर कंपनी का कार्यकारी बताकर फोन किया और बताया कि उनके द्वारा भेजे गए पैकेट में मादक पदार्थ मिला है जिससे उसे जमानत करानी पड़ेगी। इसके बाद उसने जमानत के नाम पर उससे 1.28 करोड़ रुपये ऑनलाइन ठगी कर ली।

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से 10 लोगों की मौत

विरुधुनगर (तमिलनाडु), एजेंसी

● मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया

तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में शनिवार को विस्फोट में चार महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने प्रदेश के दो मंत्रियों को बचाव और राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वेम्बकोट्टई के कुंडयिरुप्पु गांव में एक पटाखा निर्माण इकाई में अचानक विस्फोट से दस लोगों की मौत हो गई जिनमें छह पुरुष और चार महिलाएं हैं। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक स्टालिन ने राज्य के राजस्व मंत्री केकेएसआर रामचंद्रन और श्रममंत्री सीवी गणेशन को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने और बचाव और राहत गतिविधियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

जानकारी के मुताबिक यह दुर्घटना शनिवार अपराह्न 12 बजकर करीब 30 मिनट पर गांव में स्थित पटाखा निर्माण फैक्टरी के रसायनों को मिलाने वाले कमरे में हुई। विरुधुनगर के जिलाधिकारी वी.पी.जयासीलन ने कहा-शुरुआत में धमाके से नौ लोगों की मौत हुई थी और गंभीर रूप से तीन लोगों को इलाज के लिए शिवकाशी के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि रसायन मिश्रण कक्ष में भीड़भाड़ थी और आशंका है कि इसकी वजह से रसायनों को मिलाने के दौरान धमाका हुआ होगा। जिलाधिकारी के मुताबिक फैक्टरी मालिक के पास लाइसेंस था। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट कैसे हुआ जिलाधिकारी ने जवाब दिया कि यह मानवीय गलती से से हो सकता है। हमने एक अंतर-विभागीय टीम को जांच करने का आदेश दिया है।



## गुजरात में 5 पुलिसकर्मियों समेत 19 लोगों पर मामला दर्ज

भुज, एजेंसी

**अपहरण, जबरन वसूली का मामला**

गुजरात के कच्छ जिले में एक कंपनी के एक कर्मचारी के अपहरण और जबरन वसूली के संबंध में दो पुलिस अधीक्षक (एसपी) और तीन अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा रखी थी। रोक हटने के लगभग एक महीने बाद अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बृहस्पतिवार को दो पुलिस अधीक्षकों, तीन उपाधीक्षकों, एक उप-निरीक्षक और इलेक्ट्रोथर्म लिमिटेड के मालिकों समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। सीआईडी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कच्छ जिले के गांधीधाम के निवासी परमानद सीरवानी ने दिसंबर 2015 में अपहरण और जबरन वसूली के लिए कंपनी के दो मालिकों और 11 अन्य के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

## राजद के साथ सत्ता साझा करने के दौरान गड़बड़ियां हुईं, की जा रही जांच : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि जब राज्य में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यूनाइटेड) सत्ता में थे उस वक्त कई गड़बड़ियां हुईं और अब उनकी जांच की जा रही है। दरअसल बिहार सरकार ने उन विभागों द्वारा लिये गये सभी फैसलों की समीक्षा का आदेश दिया है जिनका प्रभार राज्य की पूर्व 'महागठबंधन' सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे तेजस्वी यादव और राजद के दो मंत्रियों ललित यादव व रामानंद यादव पास था। कुमार ने इसी संबंध में मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर यह बात कही।

### दिल्ली विस में आप सरकार का विश्वास प्रस्ताव पारित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा लाया गया विश्वास प्रस्ताव शनिवार को ध्वनिमत से पारित हो गया। विश्वास प्रस्ताव के दौरान सदन में आम आदमी पार्टी (आप) के 62 में से 54 विधायक मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने सदन में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी चुनौती है और यही वजह है कि उस पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। उन्होंने पूर्व में आरोप लगाया था कि भाजपा ने उनकी सरकार को गिराने के लिए आप विधायकों को तोड़ने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भले ही भाजपा इस साल का लोकसभा चुनाव जीत जाए लेकिन आप 2029 के चुनावों में देश को उससे मुक्त कराएगी।

## सीधे ज्ञापन देने पर कर्मी को बर्खास्त नहीं किया जा सकता

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारी की बर्खास्तगी को रद करते हुए की टिप्पणी की

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारी को केवल इसलिए बर्खास्त नहीं किया जा सकता क्योंकि उसने उचित माध्यम को दरकिनार कर सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी थी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा की पीठ ने जिला न्यायपालिका के एक कर्मचारी की बर्खास्तगी को रद करते हुए यह टिप्पणी की।

छत्रपाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और मुख्यमंत्री सहित उत्तर प्रदेश सरकार के अन्य अधिकारियों को सीधे अभ्यावेदन भेजने के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जब आर्थिक तंगी में होता है तो वह सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रख सकता है, लेकिन यह अपने आप में बड़े कदाचार की श्रेणी में नहीं आता है जिसके लिए उसे सेवा से बर्खास्त किये जाने की सजा दी जाये। अपीलकर्ता ने बरेली जिला अदालत के अन्य कर्मचारियों के उदाहरणों का हवाला दिया है जिन्होंने सीधे वरिष्ठ अधिकारियों को अभ्यावेदन भेजा था लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए छत्रपाल को बहाल करने का आदेश दिया।

उच्च न्यायालय ने 2019 में बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली उनकी रिट याचिका को खारिज कर दिया था। छत्रपाल को बरेली जिला न्यायालय में अर्दली, चतुर्थ श्रेणी के पद पर स्थायी तौर पर नियुक्त किया गया था। बाद में उनका तबादला कर दिया गया और उन्हें बरेली की एक बाहरी अदालत नजारत शाखा में 'प्रोसेस सर्वर' के रूप में तैनात कर दिया गया। हालांकि वह नजारत शाखा में काम करने लगे, लेकिन उन्हें एक अर्दली का पारिश्रमिक दिया जा रहा था। नजारत शाखा जिम्मेदार प्रक्रिया सेवा एजेंसी है। वरिष्ठ अधिकारियों को कई अभ्यावेदन देने के बाद, उन्हें जून 2003 में निलंबित कर दिया गया और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई थी।



### सड़क दुर्घटना में आप विधायक समेत पांच घायल

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले के घोगरा गांव में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक करमबीर सिंह घुमन और चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। करमबीर सिंह घुमन होशियारपुर जिले के दसुया से विधायक हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब घुमन कुछ कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कार में तलवाड़ा शहर की ओर जा रहे थे। उनकी कार रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। कार में उनके साथ चार अन्य लोग भी सवार थे। दुर्घटना में घुमन के अलावा, उनके निजी सहायक शुभम, सुरक्षाकर्मी अमृतदीप सिंह, कार चालक जस्सा सिंह और दलजीत सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000–12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 रुपये। |

# सरकार ने एफसीआई की अधिकृत पूंजी बढ़ाई

### 21,000 करोड़ रुपये की वृद्धि से ब्याज का बोझ होगा कम, सब्सिडी पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की अधिकृत पूंजी 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 21,000 करोड़ रुपये कर दी है। खाद्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एफसीआई केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी है जो किसानों के हितों की रक्षा के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्न की खरीद करता है। यह रणनीतिक भंडारण भी बनाए रखता है और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत अनाज वितरित करता है। मंत्रालय ने बयान में कहा-अधिकृत पूंजी में वृद्धि अपने अधिदेश को प्रभावी ढंग से पूरा करने में एफसीआई की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें कहा गया कि एफसीआई कोष की जरूरत को पूरा करने के लिए नकद ऋण, अल्पकालिक ऋण, अर्थोपाय आदि का सहारा लेता है। अधिकृत पूंजी में वृद्धि से ब्याज का बोझ कम होगा, आर्थिक लागत कम होगी और अंततः सरकारी सब्सिडी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पूंजी के इस प्रवाह के साथ एफसीआई अपनी भंडारण इकाइयों के आधुनिकीकरण, परिवहन नेटवर्क में सुधार और उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर भी काम करेगा। मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि ये उपाय फसल के बाद के नुकसान को कम करने और उपभोक्ताओं को खाद्यान्न के कुशल वितरण के लिए जरूरी हैं।



**कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात 12 प्रतिशत बढ़ा**

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की देख-रेख में भारत से कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात साल दर साल 12 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह जानकारी एपीडा के 38वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शनिवार को बयान जारी करके की गई है। जानकारी के अनुसार एपीडा की स्थापना 13 फरवरी 1986 को प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी। वर्ष 1987-88 में इन उत्पादों का निर्यात मात्र 60 करोड़ डॉलर के बराबर था, जो 2022-23 में कृषि निर्यात 26.7 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। यह इस क्षेत्र के निर्यात में 12 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से विस्तार दर्शाता है। विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2022-23 में भारत का कुल कृषि निर्यात 53.1 अरब डॉलर रहा जिसमें एपीडा के अंतर्गत आने वाले उत्पादों का योगदान 51 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में एपीडा वर्ग में 23 प्रमुख वस्तुओं में से 18 समूहों की वस्तुओं निर्यात सालाना आधार पर बढ़ा था। इस अवधि में ताजे फलों के निर्यात में 29 प्रतिशत तथा प्रसंस्कृत सब्जियों के निर्यात में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बासमती चावल और ताजी सब्जियों के निर्यात का निर्यात भी अच्छा खासा बढ़ा है।

### एरिच ग्रुप (जर्मनी) ने पुणे में नए संयंत्र का किया उद्घाटन

**पुणे।** एरिच ग्रुप ने शनिवार को पुणे के चाकन औद्योगिक क्षेत्र में नए उत्कृष्ट विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया, यह संयंत्र कंपनी की वैश्विक विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इस संयंत्र में कंपनी देश और विश्वभर के लिये गहन मिश्रक, संबंधित संयंत्र उपकरण और नियंत्रण प्रणालियों का उत्पादन करेगी। पुणे का संयंत्र तीन एकड़ ज़मीन पर फैला हुआ है और यह एरिच इंडिया के लिये एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एरिच समूह को धातुकर्म, रेफ्रेक्ट्रीज, सिरेमिक, एग्रोकेमिकल्स, फाउंड्री, बैटरी, कार्बन उत्पाद और कई अन्य उद्योग क्षेत्रों में अपनी अनूठी मिश्रण और प्रसंस्करण तकनीक के लिये दुनिया भर में एक मजबूत बाजार स्थिति प्राप्त की है। चाकन संयंत्र के उत्पादन के साथ, एरिच इंडिया अपनी क्षमता बढ़ाने और इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिये तैयार है।


## हिमाचल बजटः सुक्खू ने दूध के लिए एमएसपी बढ़ाने की घोषणा की

शिमला, एजेंसी

● मुख्यमंत्री ने 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य सरकार का 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में कृषि क्षेत्र पर खासतौर से जोर देते हुए गाय और भैंस के दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने का ऐलान किया गया।

सुक्खू ने अपना दूसरा बजट पेश करते हुए कहा कि एमएसपी गाय के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 55 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। राज्य में वित्त विभाग मुख्यमंत्री के पास है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश दूध के लिए एमएसपी घोषित करने वाला पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि सभी दुग्ध सहकारी समितियों की देनदारियों को माफ कर दिया जाएगा और दूध खरीद तथा प्रसंस्करण अवसंरचना को मजबूत करने के लिए 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार ने अगले वित्त वर्ष के लिए कोई नया कर प्रस्तावित नहीं किया है। राजस्व प्राप्तियां और राजस्व व्यय क्रमशः 42,153 करोड़ रुपये और 46,667 करोड़ अनुमानित हैं। इसका अर्थ है कि अनुमानित राजस्व घाटा 4,514 करोड़ है।



### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,550 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,350–47,550 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,800 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,700 |
| चांदी पक्की | 727 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,900 |
| चांदी आभूषण | 73,500। |

## बंधन बैंक पश्चिम बंगाल सरकार के राजस्व संग्रह के लिए अधिकृत

कोलकाता, एजेंसी

● बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक

बंधन बैंक को पश्चिम बंगाल की कर और गैर-कर प्राप्तियों के संग्रह के लिए अधिकृत किया गया है। निजी ऋणदाता ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह अधिदेश बैंक को सरकारी रसीद पोर्टल तंत्र (ग्रिप्स) के माध्यम से राजस्व इकट्ठा करने में सक्षम बनाएगा।

बैंक ने कहा कि इस अधिदेश के आधार पर लोग इस पोर्टल का उपयोग करके संपत्ति कर, मोटर वाहन कर और व्यावसायिक कर जैसे विभिन्न करों का भुगतान कर सकेंगे। भुगतान संग्रह प्रक्रिया को संचालित करने के लिए बैंक जल्द ही पश्चिम बंगाल सरकार के साथ खुद को एकीकृत करेगा। बंधन बैंक के सरकारी मामलों के प्रमुख देबराज साहा ने कहा कि बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक है। राज्य में बैंक की 1,700 से अधिक लेनदेन शाखा हैं। 'ग्रिप्स' पश्चिम बंगाल सरकार को विभिन्न कर और गैर-कर भुगतान करने के लिए एक ऑनलाइन इंटरनेट-आधारित मंच है।

### पेरनोड रिकार्ड की भारत में बिक्री 4 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** स्पिरिट बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी पेरनोड रिकार्ड की भारतीय बाजार में बिक्री चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में चार प्रतिशत बढ़ गई है। कंपनी जुलाई से जून के वित्त वर्ष का अनुपालन करती है। पेरनोड रिकार्ड ने घोषणा करते हुए कहा कि भारतीय बाजार में उसकी मांग मजबूत रही है। इसके अलावा, भारत में दूसरी छमाही (जनवरी से 24 जून) में 'मजबूत वृद्धि' की उम्मीद है। भारत पेरनोड रिकार्ड के लिए वैश्विक स्तर पर अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। कहा कि उसके अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड जेम्सन, एब्सोल्यूट और द ग्लेनलिवेट ने मजबूत वृद्धि की।

## ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को दी क्लीन चिट

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ट्रांजैक्शंस की जांच में फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला है। द हिंदू की एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) नॉन-कंप्लायंस के कुछ अन्य मामलों के चलते कंपनी के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। ईडी ने इस हफ्ते की शुरुआत में पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की थी।

● लेनदेन की जांच में फेमा के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला

ईडी की यह कार्रवाई आरबीआई के पेटीएम की सब्सिडियरी कंपनी को 29 फरवरी से नए डिपॉजिट्स स्वीकार करने से रोक लगाने के कुछ दिनों बाद हुई है। हालांकि, अब आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट बैंक में डिपॉजिट और अन्य ट्रांजैक्शंस की डेडलाइन को 15 मार्च तक बढ़ा दिया है।

31 जनवरी को जारी सर्कुलर में आरबीआई ने कहा था कि 29 फरवरी के बाद पेटीएम पेमेंट बैंक के अकाउंट में पैसा जमा नहीं किया जा सकेगा। इस बैंक के जरिए वॉलेट, प्रीपेड सर्विसेज, फास्टैग और दूसरी सर्विसेज में पैसा नहीं डाला जा सकेगा।

**ईडी ने पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से की थी पूछताछ**

ईडी को कंपनी के फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस की जांच करने का काम सौंपा गया था। ईडी फेमा और प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत वॉयलेशन या क्राइम की जांच करता है। इससे पहले, ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ आबीआई की कार्रवाई के बाद पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से पूछताछ की थी और उनसे डॉक्यूमेंट्स हासिल किए थे।

## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष टीम ने पहले मैच में चिली को रौंदा

**विश्व टेटे टीम चैंपियनशिप**

**बुसान (कोरिया), एजेंसी।** भारतीय पुरुष टीम ने शनिवार को चिली को आसानी से 3-0 से हराकर विश्व टेबल टेनिस टीम चैम्पियनशिप में अपना अभियान जीत से शुरू किया। स्टार भारतीय पैडलर (टेबल टेनिस खिलाड़ी) शरत कमल (95 रैंकिंग) ने दुनिया के 53वें नंबर के निकोलस बुरगोस पर जीत हासिल की। फिर भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी और मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन हरमीत देसाई ने इसी लय को जारी रखते हुए गुस्तावो गोमेज को हरा दिया। जी साथियान को ओलिवारेस फेलिप के खिलाफ पहले गेम में थोड़ी चुनौती मिली लेकिन उन्होंने जीत हासिल की। इस जीत से भारत दो अंक लेकर ग्रुप तीन में दक्षिण कोरिया (चार अंक) और चिली (तीन अंक) से पीछे तीसरे स्थान पर पहुंच गया। अब भारतीय टीम रविवार को पोलैंड से भिड़ेगी, जिसके बाद उसका सामना सोमवार को दक्षिण कोरिया और मंगलवार को न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय महिला टीम रविवार को हंगरी के सामने होगी।

### अलकराज अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** स्पेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज ने इतालवी क्वालीफायर एंड्रिया वावसोरी पर जीत के साथ अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब की आउटडोर क्ले पर एक घंटे 40 मिनट के खेल में जीत हासिल करने के लिए 27 रिटर्न पॉइंट जीते। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अलकराज ने अपने 153वीं रैंक के प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि पहले सेट में वह इतने ऊंचे स्तर पर खेले। उनकी सर्विस वापस करना और हवा के साथ चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में वापसी करना वास्तव में कठिन था। मुझे लगता है कि मैंने दूसरे सेट में बेहतर खेला। उसका स्तर थोड़ा नीचे चला गया, साथ ही उसकी सर्विस खराब हो गई। फाइनल में जगह बनाने के लिए अलकराज का शनिवार को चिली के निकोलस जैरी या अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी से मुकाबला होगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने द.अफ्रीका को 284 रन से दी मात

**पर्थ, एजेंसी।** द.अफ्रीका की दूसरी पारी में डेल्मी टकर और क्लो ट्राइटन की जुझारू पारियों के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं ने एक पारी और 284 रनों के अंतर से बड़ी जीत हासिल की। यह ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी जीत थी, जिसने 2001 में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी और 140 रनों को पीछे छोड़ दिया था। यह पारी के अंतर से और रनों के अंतर से दूसरी सबसे बड़ी जीत भी थी। वाका में एलिसा हीली ने टॉस जीता और क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। डार्सी ब्राउन ने प्रोटियाज के पांच बल्लेबाजों को आउट कर उन्हे मात्र 76 रन पर रोक दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में द.अफ्रीका की महिलाओं का अब तक का सबसे कम स्कोर था। ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी (78) और एलिसा हीली (99) के अर्द्धशतकों के साथ अपनी बल्लेबाजी पारी पर नियंत्रण कर लिया जबकि एनाबेल सदरलैंड के शानदार दोहरे शतक ने मेजबान टीम को आगे बढ़ने में मदद की।

### एफआईएच प्रो लीग: भारत ने आयरलैंड को 1-0 से हराया



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** गुरजंत सिंह के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की बदौलत भारत ने शुक्रवार रात कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयरलैंड पर 1-0 की जीत के साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण का समापन किया। गुरजंत सिंह 60वें मिनट में भारत की ओर से एकमात्र गोल करने वाले खिलाड़ी थे। भारत ने मैच में आक्रमण शुरुआत की। उन्हें मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर तीसरे मिनट में मिला, लेकिन हरमनप्रीत की ड्रैग-फ्लिक को आयरिश डिफेंडर ने पोस्ट के पास बचा लिया। आयरलैंड ने हमला किया, हालांकि 11वें मिनट में मैथ्यू नेल्सन का शॉट गोलपोस्ट से बाहर चला गया। दोनों टीमों ने एक-दूसरे की रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश की मगर असफल रहे। उन्होंने संभावित गोल करने के मौके बनाए और क्रमश: 20वें और 24वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन आयरिश रक्षा ने गोल से रोक दिया। भारत ने गुरजंत के फील्ड गोल के जरिए गतिरोध तोड़ दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब लीग के अपने रिटर्न मैच खेलने के लिए राउरकेला जाएगी। भारत राउरकेला चरण के अपने पहले मैच में 19 फरवरी को स्पेन से भिड़ेगा।

# जायसवाल का शतक, भारत ने इंग्लैंड पर कसा शिकंजा

## तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन यशस्वी के 104 और शुभमन के नाबाद 65 रन से भारत को 322 रन की बढ़त

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला**

**राजकोट, एजेंसी**





भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (104 रन रिटायर्ड हर्ट) के तीसरे टेस्ट शतक और शुभमन गिल के नाबाद 65 रन से इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 196 रन बनाकर मैच में शिकंजा कस दिया। जायसवाल (133 गेंद, 9 चौके, 5 छक्के) ने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और श्रृंखला में दूसरा शतक जड़कर 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं। इससे भारत की कुल बढ़त 322 रन की हो गई है।

दिन का खेल समाप्त होने तक गिल (120 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) के साथ दूसरे छोर पर रात्रि प्रहरी कुलदीप यादव 3 रन बनाकर खेल रहे हैं। जायसवाल के रिटायर्ड हर्ट होने के बाद रजत पाटीदार क्रीज पर उतरे लेकिन वह खाता भी नहीं खोल सके और रेहान अहमद का शिकार हो गए। जायसवाल ने आक्रामक बल्लेबाजी की शुरूआत जेम्स एंडरसन के ओवर में 2 चौके और 1 छक्का लगाकर 19 रन बनाकर की। अगले ओवर में टॉम हार्टले पर 2 छक्के जड़ दिए। इंग्लैंड ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में बदलाव किया लेकिन जायसवाल की आक्रामकता बनी रही। इस बल्लेबाज ने फिर अहमद पर दो रिवर्स स्वीप शॉट लगाए। मार्क वुड की गेंदबाजी पर जायसवाल थोड़े शांत हुए लेकिन तब वह 90 रन के करीब पहुंचे तो एक एक रन लिए। वुड पर चौका लगाकर उन्होंने तीसरा शतक पूरा किया। लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज को पीठ में खिंचाव से रिटायर होना पड़ा। इंग्लैंड को पहली पारी में 319 रन पर समेटने के बाद खेलने उतरी भारतीय टीम ने दूसरे सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (19) का विकेट जल्दी गंवा दिया। रोहित जो रूट की गेंद पर स्लॉग स्वीप शॉट लगाने की कोशिश में पगबाधा आउट हुए। वहीं गिल ने पांचवां अर्धशतक जड़ा। भारत की कोशिश विकेट बचाते हुए बढ़त में इजाफा की थी क्योंकि अभी काफी समय बचा है। रविवार को टीम इस बढ़त को 400 से आगे बढ़ाना चाहेगी। रोहित के जल्दी आउट होने के बाद भारत की चिंता बढ़ सकती थी क्योंकि बढ़त इतनी ज्यादा नहीं थी लेकिन जायसवाल और गिल ने दूसरे विकेट के लिए नाबाद 155 रन की भागीदारी निभाई। दोपहर के सत्र में मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने रविचंद्रन अश्विन की अनुपस्थिति में अच्छी गेंदबाजी करते हुए भारत को पहली पारी में 126 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 290 रन बना लिए थे लेकिन इसके बाद पूरी टीम 71.1 ओवर में 319 रन पर सिमट गई। इसमें सिराज ने 84 रन देकर 4 विकेट झटके जबकि कुलदीप ने 2 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः 1 और 2 विकेट लिए। अश्विन ने शुक्रवार देर रात परिवार में चिकित्सीय आपात स्थिति के कारण टेस्ट से हटना पड़ा। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (41) ने जडेजा (51 रन देकर 2 विकेट) पर हावी होने का प्रयास किया लेकिन उनकी टाइमिंग सही नहीं थी और बुमराह ने डीप मिडविकेट पर कैच लेकर लंच के बाद बड़ा विकेट दिया। अगली गेंद पर बेन फोक्स (13) सिराज की गेंद पर आउट हो गए और उनका कैच रोहित ने मिड ऑन पर लपका। सिराज ने फिर रेहान अहमद और जेम्स एंडरसन के विकेट झटके। वहीं जडेजा ने टॉम हार्टले का विकेट लिया। सुबह बुमराह (54 रन देकर 1 विकेट) और कुलदीप (77 रन देकर 2 विकेट) ने भारत को दबदबा बनाने में मदद की। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने रात की 133 रन की पारी को 153 रन में तब्दील किया। उनकी 151 गेंद की पारी में 23 चौके और 2 छक्के जड़े थे। वह कुलदीप का शिकार हुए। इंग्लैंड ने सुबह 2 विकेट पर 207 रन से खेलना शुरू किया। इंग्लैंड ने जो रूट (18) का विकेट गंवा दिया जो रात के स्कोर में 9 रन ही जोड़ सके। वह जसप्रीत बुमराह की गेंद पर रिवर्स शॉट खेलकर दूसरी स्लिप में खड़े यशस्वी जायसवाल को कैच दे बैठे। यह 21 पारियों में नौवीं दफा है जब बुमराह ने इंग्लैंड के इस बल्लेबाज का विकेट लिया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी-445) दूसरी पारी 196/2 (51 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल रिटायर्ड हर्ट | 104 | 133 | 9/5 |
| रोहित शर्मा पगबाधा बो रूट | 19 | 28 | 3/0 |
| शुभमन गिल खेल रहे हैं | 65 | 120 | 6/2 |
| रजत पाटीदार का अहमद बो हार्टले | 00 | 10 | 0/0 |
| कुलदीप यादव खेल रहे हैं | 03 | 16 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 05, **विकेट पतन:** 1-30, 2-191, **गेंदबाजी:** एंडरसन 6-1-32-0, रूट 14-2-48-1, हार्टले 15-2-42-1, वुड 8-0-38-0, अहमद 8-0-31-0

**इंग्लैंड (पहली पारी) 319/10 (71.1 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन | 15 | 28 | 2/0 |
| बेन डकेट का गिल बो कुलदीप | 153 | 151 | 23/2 |
| ओली पोप पगबधा बो सिराज | 39 | 55 | 5/1 |
| जो रूट का जायसवाल बो बुमराह | 18 | 31 | 2/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 04 | 0/0 |
| बेन स्टोक्स का बुमराह बो जडेजा | 41 | 89 | 6/0 |
| बेन फोक्स का रोहित बो सिराज | 13 | 37 | 2/0 |
| रेहान अहमद बो सिराज | 06 | 13 | 1/0 |
| टॉम हार्टले स्ट जुरेल बो जडेजा | 09 | 17 | 2/0 |
| मार्क वुड नाबाद | 04 | 03 | 1/0 |
| जेम्स एंडरसन बो सिराज | 01 | 03 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 20, **विकेट पतन:** 1-89, 2-182, 3-224, 4-225, 5-260, 6-299, 7-299, 8-314, 9-314, 10-319, **गेंदबाजी:** बुमराह 15-1-54-1, सिराज 21.1-2-84-4, कुलदीप 18-2-77-2, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 10-0-51-2

### भारतीय टीम ने पूर्व कप्तान की याद में बांह पर बांधी पट्टी

भारतीय खिलाड़ियों ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे टेस्ट के तीसरे दिन पूर्व कप्तान दत्ताजीराव गायकवाड़ की याद में बांह में काली पट्टी बांधी। भारत के लिए 1951 से 1962 के बीच 11 टेस्ट खेलने वाले दत्ताजीराव का 13 फरवरी को निधन हो गया था। दत्ताजीराव पूर्व बल्लेबाज और कोच अंशुमन गायकवाड़ के पिता थे। बीसीसीआई ने कहा कि टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर की याद में बांह पर काली पट्टी पहनेगी।

### अश्विन ने राजकोट टेस्ट से नाम लिया वापस



**राजकोट, एजेंसी।** रविचंद्रन अश्विन ने पारिवारिक कारणों के चलते इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच से नाम वापस ले लिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार देर रात इसकी पुष्टि करते हुए बयान जारी किया कि अश्विन पारिवारिक चिकित्सा आपातकाल के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट से हट गए हैं। इस चुनौतीपूर्ण समय में बीसीसीआई और टीम अश्विन का पूरा समर्थन करती है। बीसीसीआई चैंपियन क्रिकेटर और उनके परिवार को अपना हार्दिक समर्थन देता है। खिलाड़ियों और उनके प्रियजनों का स्वास्थ्य और भलाई अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोर्ड अश्विन और उनके परिवार की गोपनीयता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। बयान में कहा गया कि बोर्ड और टीम अश्विन को हर आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगी और आवश्यकतानुसार समर्थन देने के लिए संचार के रास्ते खुले रखेगी। टीम इंडिया इस संवेदनशील अवधि के दौरान प्रशंसकों और मीडिया की समझ और सहानुभूति की सराहना करती है। अश्विन ने दूसरे दिन जैक क्रॉली का विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट में अपना 500वां विकेट मनाया। वह टेस्ट इतिहास में 500 विकेट का आंकड़ा पार करने वाले नौवें गेंदबाज बन गए और अनिल कुंबले के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं।

# रणजी में दोहरा शतक जड़ संजीत ने रचा इतिहास



दोहरा शतक जड़ने के बाद बल्ले को चूमते संजीत देसाई।

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** छत्तीसगढ़ के बल्लेबाज संजीत देसाई ने इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को इतिहास रचा। उन्होंने अपने 15वें प्रथम श्रेणी मैच में पहला शतक जड़ा और उन्होंने दोहरे शतक का सफर तय किया। उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेल के दूसरे दिन शनिवार को संजीत देसाई ने 202 और कप्तान अमनदीप खरे ने 114 रन की पारी खेली। इससे छत्तीसगढ़ ने 414 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।

उत्तर प्रदेश की टीम अपनी पहली पारी खेलने के लिए मैदान में पहुंची। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक मेजबान उत्तर प्रदेश ने तीन विकेट पर 110 रन बना लिए हैं। छत्तीसगढ़ से उत्तर प्रदेश 304 रन पीछे है। सौरभ कुमार 55 और कप्तान नितीश राणा 38 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं।

संजीत ने 113 और अमनदीप 70 रन की अपनी पारी को आज आगे बढ़ाया। पांचवें विकेट के लिए दोनों बल्लेबाजों के बीच 332 गेंदों पर 212 रनों की साझेदारी हुई। अमनदीप ने 151 गेंदों पर 114 रन 15 चौके और एक छक्के की मदद से बनाए। टीम का स्कोर जब 212 रन था तब अमनदीप को आकिब खान ने नितीश राणा के हाथों कैच करा दिया। दूसरे छोर पर टिके संजीत आठवें विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें अटल बिहारी ने शोएब सिद्दीकी के हाथों कैच कराया। संजीत ने 356 गेंदों पर 23 चौके और 4 छक्के की मदद से 202 रन बनाए। संजीत का इससे पहले उच्च स्कोर 67 रन था। संजीत की आक्रामक बल्लेबाजी पर उत्तर प्रदेश के गेंदबाज अंकुश लगाने में असफल रहे। उन्हें रोकने को उत्तर प्रदेश ने कई बार रणनीति बदली।

**उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार के 300 विकेट**

उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 55 रन देकर 5 विकेट चटकाए। सौरभ कुमार प्रथम श्रेणी मैचों में 300 विकेटों का आंकड़ा पार कर गए। उन्होंने अपने 70वें प्रथम श्रेणी मैच में 5 विकेट लेकर अपने विकेटों की संख्या 302 पहुंचा दी है। सौरभ के अलावा आकिब खान ने तीन, अटल बिहारी और यश दयाल ने एक-एक विकेट लिए।

**तीन खिलाड़ियों के लौटने पर कप्तान से संभाली पारी**

पहली पारी खेलने उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत आज अच्छी नहीं रही। 40 रनों के योग पर अभिषेक गोस्वामी (4), प्रियम गर्ग (6), कर्ण शर्मा (6) पवेलियन लौट गए। इसके बाद बल्लेबाज सौरभ कुमार और कप्तान नितीश राणा ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने बड़ी सूझबूझ से बल्लेबाजी की। दोनों उत्तर प्रदेश को 110 रनों तक ले गए। आज का खेल खत्म होने तक सौरभ कुमार 55 और नितीश राणा 38 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं। छत्तीसगढ़ के रवि किरन ने दो और आशीष चौहान ने एक विकेट लिया।

# महिला टीम पहली बार फाइनल में

## सेमीफाइनल में पूर्व चैंपियन जापान को 3-2 से हराया

**शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी**

**बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप**



भारतीय महिला टीम ने शनिवार को सेमीफाइनल में दो बार की पूर्व चैम्पियन जापान को 3-2 से हराकर पहली बार बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने पहला युगल, अस्मिता चालिहा ने दूसरा एकल और 17 वर्षीय अनमोल खरब ने निर्णायक एकल जीतकर भारत को खिताबी भिड़ंत तक पहुंचाया। भारतीय महिला टीम रविवार को फाइनल में थाईलैंड के सामने होगी।

भारत ने 2016 और 2020 के चरण में पुरुष टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीते थे। जापान की टीम हालांकि अकाने यामागुची, युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा तथा मायु मातसुमोटो और वाकाना नागाहारा के बिना खेल रही थी। उसने भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश की। पीवी सिंधू पहले एकल में अया ओहोरी के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी। तृषा और गायत्री ने पहले युगल ने नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की जोड़ी को हराकर भारत को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अस्मिता ने फिर नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया और क्रास शॉट और स्मैश से उलटफेर भरी जीत से भारत को 2-1 से आगे कर दिया। तनीषा क्रास्टो को चोट लगी है, जिससे सिंधू ने अश्विनी पोनप्पा के साथ जोड़ी बनाई लेकिन वे रेना मियायूरा और अयाको साकुरामोटो की जोड़ी की बाधा पार नहीं कर सकी और हार गई। अब दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर थीं। अनमोल ने नातसुकी निडायरा को हराकर भारत को पहली बार फाइनल में पहुंचाया।

# बॉलीवुड हलचल

## कबीर के साथ फिर काम करेंगे सलमान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान एक बार फिर से कबीर खान की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। सलमान खान ने निर्देशक कबीर खान के साथ सुपरहिट फिल्म एक था टाइगर में काम किया। इसके बाद सलमान खान और कबीर खान की जोड़ी बजरंगी भाईजान में साथ नजर आयी। लंबे समय के बाद यह जोड़ी एक बार फिर से नजर आ सकती है। कबीर खान इन दिनों साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'चंदू चैंपियन' की शूटिंग में व्यस्त है। सलमान खान दोबारा कबीर खान के साथ काम करने पर विचार कर रहे हैं। सलमान खान ए आर मुरुगदास की फिल्म के बाद कबीर सिंह की फिल्म कर सकते हैं।

### वेबसीरीज शोटाइम में सुपरस्टार के किरदार में हैं राजीव



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजीव खंडेलवाल वेबसीरीज शो टाइम में सुपरस्टार के किरदार में नजर आएंगे। राजीव इन दिनों वेबसीरीज शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। राजीव ने शो टाइम में सुपरस्टार अरमान सिंह का किरदार निभाया है। राजीव ने बताया, शो टाइम में मेरा किरदार कई सुपरस्टार्स से प्रेरित है। इस सीरीज में कई कलाकार की कहानी को दिखाया जाएगा। मैं उनका नाम नहीं लूंगा, लेकिन मुझे यकीन है कि सीरीज देखकर आपको उनमें से कुछ की याद जरूर आएगी। राजीव ने कहा, शो टाइम में वह कहानियां हैं जो हमने सुपरस्टार्स के बारे में सुनी हैं। मुझे नहीं पता कि यह सच है या नहीं। शुरू में शो टाइम करने से मैंने ना कह दिया था। मुझे लगा कि यह कुछ बहुत अलग है। मैं कभी भी अरमान के किरदार से खुद को जोड़ नहीं पाया हूं।

## घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री शुभी शर्मा एवं अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म घरवाली बाहरवाली-3 की शूटिंग शुरू हो गई है। इसके निर्माता और निर्देशक अजय श्रीवास्तव हैं। अजय श्रीवास्तव एवं यश कुमार ने कहा कि घरवाली बाहरवाली फिल्म को लोगों ने खूब सराहा था। उसी वक्त हमने इसके सीक्वल का फैसला किया था और हम इसकी शूटिंग शुरू कर चुके हैं। हमारी इस फिल्म की कहानी फैमिली प्रो है और इसमें लोगों को संस्कार, व्यवहार और इमोशन के साथ एक हेल्दी मनोरंजन मिलने वाला है। फिल्म की कहानी पर ज्यादा अभी बात नहीं की जा सकती लेकिन इसके हाइलाइट्स ऐसे होने वाले हैं जो आपको फिल्म के प्रति आकर्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह फिल्म भी पहली फिल्म की अपेक्षा लोगों में ज्यादा पसंद की जाएगी। शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म मेरे लिए कई मायनों में खास है। सबसे पहले की इस फिल्म में मेरा किरदार बेहद दमदार है और मैं अपने किरदार को लेकर बेहद उत्साहित हूं। दूसरी बात यह भी है कि इन दोनों भोजपुरी में कई अच्छी फिल्में बन रही हैं उनमें से जो स्क्रिप्ट मुझे पसंद आती है मैं उसे हां करने में देर नहीं लगती। घरवाली बाहरवाली-3 लोगों को अपनेपन का फील देगी और मैं समझती हूं कि यह फिल्म हर कोई अपने घर परिवार में या फिर दोस्तों के साथ मिलकर देख सकेंगे। गीत संगीत और संवाद बेहद सुग्राही है। मैं अपील करुंगी कि जब यह फिल्म रिलीज हो तो आप सभी जरूर इसे देखें और अपना प्यार एवं आशीर्वाद दें। उल्लेखनीय है कि अजय श्रीवास्तव निर्मित और निर्देशित फिल्म घरवाली बाहरवाली-3 के लेखक संजय राय हैं, जबकि फिल्म में यश कुमार और शुभी शर्मा के साथ गरिमा दीक्षित, नीलम पांडेय, जयप्रकाश सिंह, धनंजय सिंह और रविकांत यादव भी प्रमुख भूमिका में दिखेंगे।

## शुभी शर्मा और देव सिंह की फिल्म 'सास हैं कि डायन' बनकर तैयार



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री शुभी शर्मा और अभिनेता देव सिंह की आने वाली फिल्म सास हैं कि डायन की शूटिंग पूरी हो गई है। निर्माता अंशुमान सिंह और निर्देशक राजकुमार प्रसाद राजू फिल्म सास हैं कि डायन लेकर आ रहे हैं। फिल्म को लेकर देव सिंह ने बताया कि इसमें मेरा किरदार कुछ अलग है, जिसे करके खूब मजा आया उम्मीद करता हूं कि यह दर्शकों को भी पसंद आएगा। मुझे अभिनेता के तौर पर हर तरह के किरदार को निभाने की ललक रही है और जब भी मुझे यह मौका मिलता है तो मैं उसे करता हूं। इस फिल्म में एक से एक दिग्गज कलाकार हैं। उनके साथ काम करके एक अलग ही अनुभूति हुई। वहीं, शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म सीधा-सीधा परिवार के सेंटीमेंट पर आधारित है। जब मुझे इसका ऑफर आया था। तब मैं भी टाइटल सुनकर चौंक गई थी, लेकिन कहानी ने मुझे इस फिल्म से जोड़ लिया और आज यह फिल्म तैयार है। जास मोशन पिक्चर के बैनर से बनी फिल्म के कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म के लेखक सुरेंद्र मिश्रा और विवेक मिश्रा हैं। डीओपी हरीश सावंत और संगीत अमन श्लोक का है। फिल्म में देव सिंह और शुभी शर्मा, ऋचा दिक्षित, रितेश उपाध्याय, रामसूजन सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, विद्या सिंह, रोहित सिंह मटरू, जाफरी, सहिस्ता रॉय और रागिनी दुबे हैं।

### कुछ रीत जगत में हेमराज का किरदार चुनौतीपूर्ण : धर्मेश



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता धर्मेश व्यास का कहना है सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के आने वाले शो कुछ रीत जगत की ऐसी है में 'हेमराज' का किरदार निभाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका में हैं। धर्मेश व्यास और ख़ुशी राजपूत ने नंदिनी के सास-ससुर हेमराज रतनशी और चंचल रतनशी की भूमिका निभाई हैं। धर्मेश व्यास ने बताया, कुछ किरदार यह बताने के लिए बनाए जाते हैं कि समाज में क्या नहीं किया जाना चाहिए। ऐसा ही हेमराज का किरदार है। हालांकि मैं इसके खिलाफ हूं जो परंपरा के नाम पर छिपा हुआ है, इसलिए हेमराज का किरदार निभाना एक चुनौती है और साथ ही मेरे लिए ऐसी प्रथाओं के खिलाफ जागरूकता पैदा करने और बातचीत शुरू करने का एक मौका भी है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### मुंबई में 31.6 लाख के मादक पदार्थों के साथ तीन गिरफ्तार

**ठाणे।** नवी मुंबई में 31.6 लाख रुपये मूल्य की मेथिलीन डाइऑक्सी-मेथामफेटामाइन (एमडीएमए) और ब्राउन शुगर रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम कोपरखैरने इलाके से संदिग्ध रूप से घूम रहे आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 63 ग्राम एमडीएमए और 253 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की, जिसकी कीमत 31.6 लाख रुपये है। आरोपी मोहम्मद शमीम इस्माइल अंसारी उर्फ सैम, खालिदा खातून मोहम्मद अजीम अंसारी और आफिया खातून हयात मोहम्मद अंसारी को गिरफ्तार किया गया जबकि उनकी साथी रुकसाना अंसारी फरार है।

### ईरान: सिरफिरे ने अपने ही 12 रिश्तेदारों को मारी गोली, मौत

**तेहरान।** ईरान के दूरदराज ग्रामीण इलाके में 30 वर्षीय एक सिरफिरे शख्स ने शनिवार को अपने 12 रिश्तेदारों की गोली मारकर हत्या कर दी। यह गोलीबारी दशकों में हुई सबसे घातक घटना है। करमान प्रांत के न्याय विभाग के प्रमुख इब्राहिम हामिदी ने बताया कि बंदूकधारी ने पारिवारिक विवादों के कारण एक गांव में सुबह-सुबह अपने पिता, भाई और अन्य रिश्तेदारों पर गोलियां चला दीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमलावर की अभी पहचान नहीं हुई है और उसने कलाश्निकोव असॉल्ट राइफल का इस्तेमाल किया। ईरान में किसी भी हिंसक घटना में मरने वालों की संख्या ये सबसे अधिक है।

### गुजरात में तटवर्ती गांव से पुलिस ने शेरनी का शव बरामद किया

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले के एक तटीय गांव में शेरनी का शव बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि, शेरनी की मौत अरब सागर में डूबने से हुई है। उन्होंने कहा-शेर का समुद्र में डूबना कोई बहुत सामान्य घटना नहीं है। बता दें, पुलिस ने मामले में किसी भी तरह की साजिश की आशंका से इनकार कर दिया है। जूनागढ़ के प्रभारी मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) के.रमेश ने शनिवार को बताया कि वन क्षेत्र में धारा बंदर गांव के तट पर पांच से नौ साल की उम्र की शेरनी मृत मिली थी। पीएम रिपोर्ट में पता चला कि शेरनी की मौत पानी में डूबने से हुई।

### ब्रिटेन: हत्या के आरोप में भारतीय मूल के युवक को उम्रकैद की सजा

**लंदन।** लंदन की एक अदालत ने महिला की हत्या के 30 साल पुराने मामले में भारतीय मूल के एक युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। संदीप पटेल को 1994 में लंदन के वेस्टमिंस्टर इलाके में मरीना कोप्पेल नामक महिला के फ्लैट पर चाकू मारकर उनकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोषी मानते हुए कोर्ट ने शुक्रवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलिस ने कहा-मजबूत साक्ष्य के आधार पर सजा सुनाई गई है।

## तेलंगाना में बदमाशों ने 20 कुत्तों को मारी गोली, 5 जख्मी जांच में जुटी पुलिस टीम

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के महबूबनगर जिले में गुरुवार रात कुछ अज्ञात बदमाशों ने 20 आवारा कुत्तों की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी। गोलीबारी में पांच कुत्ते बुरी तरह जख्मी भी हैं। पुलिस को घटना के बारे में शुक्रवार को पता चला। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस गांव में गोलीबारी के बाद लोग काफी डरे हुए हैं।

स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ता अदुलापुरम गौतम ने कहा, 'स्थानीय लोगों ने बताया कि आधी रात के बाद कार में कुछ नकाबपोश आए और कुत्तों पर बंदूक से गोलियां चला दीं। इस घटना में लगभग 20-25 कुत्ते मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। हमने इस घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अज्ञात बदमाशों की पहचान की जा रही है। शुरुआती जांच में एक प्रत्यक्षदर्शी ने दावा किया है कि कार में आए एक व्यक्ति ने ही अपराध को अंजाम दिया है। पंचायत अधिकारी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शस्त्र अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत इस मामले में एफआईआर दर्ज की है।

## हैदराबाद में आकार ले रही गूगल की भव्य इमारत

*तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक भव्य इमारत आकार ले रही है। ये है, सर्च इंजन गूगल का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस। जो शहर के वित्तीय इलाके गच्छीबावली क्षेत्र में बन रहा है। करीब 1500 लोग दिन-रात इसे बनाने में जुटे हैं, फिर भी इसके 2026 तक पूरा होने की संभावना कम है। यहां काम कर रहे प्रोजेक्ट इंजीनियरों ने बताया कि ऑफिस 30 लाख वर्ग फीट में बन रहा है, जिसका अभी करीब 20% ही काम हुआ है। इसे पूरा बनने में अभी 7 साल और लगेंगे।*

**1000** करोड़ रु. की लागत से तैयार हो रहे ऑफिस में 18 हजार कर्मचारी कर सकेंगे काम

**30** लाख वर्ग फीट में हैदराबाद में बन रहा है गूगल का दूसरा सबसे बड़ा कार्यालय

### सबसे बड़ा ऑफिस माउंटेन व्यू



गूगल का ऑफिस 35 लाख वर्ग फीट में बना अभी हैदराबाद के कोंडापुर में गूगल का जो दफ्तर है, उसमें 7 हजार कर्मचारी है। जबकि गूगल का सबसे बड़ा ऑफिस अमेरिका के कैलिफोर्निया के माउंटेन व्यू में है, जो करीब 35 लाख वर्ग फीट में फैला हुआ है।






### अंडाकार में बनेगी इमारत

अभी नींव का बेस बन चुका है। उसके ऊपर चार बड़े त्रिकोणीय स्तंभ बन रहे हैं। इनके ऊपर 23 मंजिला ऑफिस की अंडाकार इमारत खड़ी होगी, जिसमें एक साथ 18 हजार कर्मचारी काम कर सकेंगे। प्रोजेक्ट की लागत 1000 करोड़ रुपये है।

### हर तीसरी मंजिल पर जिम और इंडोर गेम्स हॉल

ब्रिटिश फर्म ऑलफोर्ड हॉल मोनाघन मॉरिस ने इसे डिजाइन किया है। ये भारत में कंपनी का पहला निर्माण है। इस ऑफिस को हरेक मंजिल पर सूरज की रोशनी और ताजी हवा रहेगी। छत ऐसे डिजाइन की गई है कि उसे कभी भी खोला या बंद किया जा सके। इसमें 7 कैफेटेरिया होंगे। हर तीसरी मंजिल पर जिम और इंडोर गेम हॉल भी डिजाइन किए जाएंगे।

### अभी भारत का सबसे बड़ा ऑफिस सूरत डायमंड बुर्स

भारत में सबसे बड़ा ऑफिस कॉम्प्लेक्स सूरत डायमंड बुर्स है, जो 71 लाख वर्ग फोट में बना है। यदि कैंपस की बात करें तो इंफोसिस का मैसूर कैंपस है, जो 350 एकड़ यानी डेढ़ करोड़ वर्ग फीट में है। सूरत डायमंड बोर्स को 3,500 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन फरवरी 2015 में शुरू हुआ था। अप्रैल 2022 में इसका काम पूरा हुआ। एसडीबी को सूरत की डायमंड इंडस्ट्री ने मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेडिंग दोनों के लिए वन-स्टॉप हब के रूप में स्थापित किया है। सूरत दुनिया के 92 फीसदी नेचुरल डायमंड की मैन्युफैक्चरिंग करता है।



### पाकिस्तान: चुनाव में धांधली की जिम्मेदारी लेते हुए नौकरशाह ने दिया इस्तीफा, सीईसी पर लगाया आरोप

## मुख्य जज- ईसी चुनाव धांधली में शामिल

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में आम चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद एक हफ्ते का समय गुजर चुका है। लेकिन नई सरकार का गठन नहीं हो पाया है। इस बीच, एक वरिष्ठ नौकरशाह ने चुनाव में सभी धांधलियों की जिम्मेदारी लेते हुए शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और मुख्य न्यायाधीश (सीजे) हालिया चुनाव में हुईं गड़बड़ियों में शामिल थे।



रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ फरवरी को हुए चुनावों को लेकर देशव्यापी प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। पीटीआई आम चुनाव में धांधली और जनादेश की चोरी का आरोप लगा रही है।

चट्ठा ने रावपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार चुनाव हा रहे थे, उन्हें जीत दिलाई गई थी। डॉन अखबार ने उनके हवाले से कहा, मैं इन सभी गलत कामों की जिम्मेदारी ले रहा हूं।

मैं आपको बता दूं कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) भी पूरी तरह से धांधली में शामिल थे। चट्ठा ने चुनाव परिणामों में हेराफेरी की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि देश की पीठ में छुरा घोंपा गया है, जिस वजह से उन्हें नींद नहीं आती है। उन्होंने कहा, मैंने जो अन्याय किया है, उसके लिए मुझे सजा मिलनी चाहिए।




### चुनाव में धांधली के विरोध में सड़कों पर पाकिस्तानी अवाम

कराची पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए चुनावों में धांधली को लेकर विपक्ष खुलकर सड़कों पर आ गया है। सिंध प्रांत में भुट्टो-जरदारी परिवार की पार्टी पीपीपी के खिलाफ बने ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के हजारों प्रदर्शनकारियों ने जामशोरो में हाइवे को जाम कर दिया। जीडीए का आरोप है कि सिंध में पीपीपी को जीताने के लिए सेना और प्रशासन ने जमकर गड़बड़ियां की है। लोगों को संबोधित करते हुए जीडीए प्रमुख पीर पागरा ने कहा कि आम चुनाव में पीटीआई के निर्दलीय प्रत्याशियों को परेशान किया गया, लेकिन चुनाव आयोग सोता रहा।

### पीएमएलएन ने पीटीआई की मांग की आलोचना की



पाकिस्तान मुस्लिम-लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की आम चुनाव में कथित धांधली में अमेरिकी दखल की जांच की मांग की आलोचना की और कहा कि यह पाकिस्तान पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ होगा। पीएमएल-एन नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी है। इमरान खान ने गुरुवार को अमेरिका को संदेश दिया था कि उसे पाकिस्तान के आम चुनाव में धांधली पर चिंता जतानी चाहिए। इसके बाद पीएमएल-एन की नेता मरियम औरंगजेब ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, हम गुलाम नहीं हैं। यह पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ होगा। पीएमएल-एन ने चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ अमेरिका से मदद मांगने को लेकर पीटीआई की आलोचना और उसे याद दिलाया कि आपके अनुसार अमेरिका ने आपकी सरकार गिराने के लिए साजिश रची थी।

## थोड़ा मतभेद न्यायपालिका कार्यपालिका में जरूरी: कौल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच थोड़ा बहुत टकराव लोकतंत्र में नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए अच्छा है। यह बात सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने शनिवार को कही। वह सांसदों को 'संसद रत्न' पुरस्कार प्रदान करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा, संविधान में लोकतंत्र के नियंत्रण और संतुलन का जिक्र है, जो एक प्रशासन, एक विधायिका और अदालत का प्रावधान करता है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, हमारे यहां पहले 'पहले आओ-पहले पाओ' की आवधारणा पर आधारित लोकतंत्र है। इसलिए, सरकार के पास पचास फीसदी से कम मत होंगे, वहां कोर्ट व्यवस्था पर नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। कौल ने आगे एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश का हवाला दिया और कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच थोड़ा बहुत तनाव अच्छा है। लेकिन अगर दोनों के बीच बहुत सी चीजें स्पष्ट नहीं हैं, तो समस्या है।



- संसद रत्न कार्यक्रम में उन्होंने कहा टकराव लोकतंत्र में संतुलन के लिए जरूरी

### इन सांसदों को मिला संसद रत्न पुरस्कार

यह सम्मान भाजपा के सांसद सुधीर गुप्ता, शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे, भाजपा के सुकांत मजूमदार, कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अमोल कोल्हे को दिया गया। सत्रहवीं लोकसभा में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, भाजपा के बिद्युत बरन महतो औ भाजपा की हीना गावित को संसद महारत्न' से सम्मानित किया गया। वहीं, राकांपा की सुप्रिया सुले, शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बारने, बीजद के भर्तृहरि महताब को 'सांसद उत्कृष्ट महारत्न' से सम्मानित किया गया।

## चुनाव आयोग-विस अध्यक्ष का फैसला अन्यायपूर्ण: शरद

**मुबंई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक रहे शरद पवार ने शनिवार को कहा कि चुनाव आयोग और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का एनसीपी मामले पर दिया गया फैसला पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। शरद पवार ने कहा कि मामला को लेकर सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। दरअसल चुनाव आयोग ने बीते दिनों अपने फैसले में अजित पवार गुट को असली राकांपा (एनसीपी) माना था और पार्टी का चुनाव चिह्न भी अजित पवार गुट को देने का फैसला दिया था। शरद पवार ने कहा कि हमें ऐसे ही फैसले की उम्मीद थी। स्पीकर अपने पद की शुचिता को बरकरार रखने में असफल रहे। चुनाव आयोग और स्पीकर का फैसला अन्यायपूर्ण है।



## भाजपा में जाने की अटकलों के बीच दिल्ली पहुंचे कमलनाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कमलनाथ ने कहा- ऐसी कोई बात होगी, तो खुद इसकी जानकारी देंगे तेजिंदर ने खबरों को बताया फर्जी

मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। ऐसा बताया जा रहा है कि कमलनाथ कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले हैं। पूर्व सीएम भाजपा का दामन थामने की अटकलों के बीच शनिवार दोपहर ल्ली पहुंचे।

इससे पहले पूर्व सीएम ने छिंदवाड़ा में अपने समर्थक नेताओं से बातचीत की। उनसे रायशुमारी की और सीधे-सीधे पूछा कि 'क्या करना है?' इसके बाद छिंदवाड़ा के अन्य कार्यक्रम निरस्त किए और भोपाल से दिल्ली रवाना हो गए। अब कहा जा रहा है कि कमलनाथ छिंदवाड़ा से अपने सांसद बेटे नकुल नाथ के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा, मैंने कल रात कमलनाथ से बात की, वह छिंदवाड़ा में हैं। उन्होंने कहा कमलनाथ ने अपनी राजनीतिक यात्रा कांग्रेस से शुरू की है, वह गांधी परिवार का साथ कभी नहीं छोड़ेंगे।

### कमलनाथ ने तोड़ी चुप्पी

पूर्व सीएम ने भी अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी कोई बात होती है तो वह खुद इसकी जानकारी देंगे। कमलनाथ ने शनिवार को कहा कि वह आज दोपहर में दिल्ली पहुंचे। ऐसे में भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा ने इन अटकलों को फेक न्यूज बता दिया है। भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा ने एक्स पर लिखा, 'कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की खबर फर्जी है।' बग्गा भाजयुमो के राष्ट्रीय सचिव हैं।

### हिमस्खलन की चेतावनी...





**श्रीनगर :** शनिवार को जम्मू-कश्मीर के आठ जिलों में भारी बर्फबारी के चलते हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। जेकेडीएमए ने बताया कि कश्मीर के बांदीपोरा, बारामूला, कुपवाड़ा, गांदरबल और जम्मू क्षेत्र के डोडा, किश्तवाड़, पुंछ तथा रामबन जिलों में 2,200 मीटर से ऊपर कम खतरे के स्तर के साथ हिमस्खलन होने के आसार हैं। स्थानीय लोगों को हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है। आपदा के समय हेल्पलाइन नंबर 112 जारी किया है। ● एजेंसी

## भाजपा विधायक नीलेश राणे के काफिले पर पथराव, तनाव बढ़ा

**मुबंई, एजेंसी**

- भाजपा-शिवसेना यूबीटी कार्यकर्ता भिड़े, पुलिस ने भीड़ पर काबू पाने के लिए किया बल प्रयोग

महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में शुक्रवार को भाजपा विधायक नीलेश राणे के काफिले पर कुछ अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया। भाजपा विधायक के काफिले पर पथराव से रत्नागिरी के चिपलून में तनाव बढ़ गया है। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। सरकार ने घटना के जांच आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

शुक्रवार को रत्नागिनी के चिपलून में भाजपा कार्यकर्ताओं और शिवसेना उद्धव ठाकरे के कार्यकर्ताओं में झड़प हो गई। यह झड़प शिवसेना (यूबीटी) के विधायक भास्कर जाधव के कार्यालय के बाहर हुई। इस झड़प के दौरान स्थिति को बिगड़ती देख पुलिस ने बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को तितर-बितर किया। इसी दौरान भाजपा विधायक और पूर्व सांसद नीलेश राणे का काफिला भी वहीं से गुजर रहा था। भाजपा कार्यकर्ताओं और शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं की झड़प के बाद कुछ अज्ञात लोगों ने नीलेश राणे के काफिले पर भी पथराव कर दिया। इस दौरान वहां जमकर हंगामा हुआ। फिलहाल पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी है और घटना की जांच कर रही है।



## भारत आ रहे तेल टैंकर पर हूती आतंकियों ने दागी मिसाइल

**काहिरा।** लाल सागर में हाउती आतंकियों के हमले नहीं रुक रहे हैं। हाउती आतंकियों ने भारत आ रहे ब्रिटिश तेल टैंकर को निशाना बनाकर मिसाइल दागी। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि मिसाइल ने तेल टैंकर एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह यमन से दागी गई थी। हमले में तेल टैंकर को मामूली क्षति पहुंची है। इस पर मौजूद क्रू सदस्य सुरक्षित हैं।

पोलक्स रूस के काला सागर स्थित बंदरगाह शहर नोवोरोसिस्क से 24 जनवरी को रवाना हुआ था। यह भारत के पारादीप के पास 28 फरवरी को पहुंचने वाला है। पारादीप में इंडियन ऑयल कंपनी की तीन लाख बैरल प्रतिदिन क्षमता की रिफाइनरी है। ओसियनफ्रंट मेरीटाइम को एसए के स्वामित्व वाले जहाज का संचालन सी ट्रेड मेरीन एसएस की ओर से किया जाता है।

## धोखाधड़ी मामला: ट्रंप पर लगा 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- न्यूयॉर्क कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर की कार्रवाई, कंपनी के निदेशक के रूप में काम पर भी लगाई रोक

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर नागरिक धोखाधड़ी मामले में न्यूयॉर्क के एक कोर्ट ने शुक्रवार को डोनाल्ड ट्रंप और ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया। कोर्ट ने ट्रंप को न्यूयॉर्क में कंपनी के निदेशक के रूप में काम करने से तीन साल के लिए रोक लगा दिया।

वहीं, अदालत ने उनके दोनों बेटों डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और एरिक ट्रंप को भी 4-4 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। कोर्ट ने दोनों को दो साल के लिए निदेशक के रूप में काम करने से रोक दिया है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और उनके बेटों पर बैंकों, बीमा कंपनियों व अन्य लोगों से धोखाधड़ी कर रियल एस्टेट का साम्राज्य खड़ा करने का आरोप है। सभी पर आरोप है कि उन्होंने लाभ लेने के लिए अपनी संपत्ति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। हालांकि, ट्रम्प और उनके बेटों ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। वहीं, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मामले को अपने साथ धोखाधड़ी करार दिया है।




**विज्ञान** लंबे समय से वैज्ञानिक पृथ्वी के नजदीकी ग्रह में तलाश रहे थे जीवन की संभावना

## शनि के उपग्रह टाइटन में खत्म हुई जीवन की संभावना

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार:** किसी दूसरे ग्रह पर जीवन बसाने को लेकर शनि के उपग्रह टाइटन में लगी उम्मीद में पानी फिर गया है। अकूत जल खुद में समेटे टाइटन पर लंबे समय से जीवन की तलाश की जा रही थी। अत्यधिक ठंडा व जल के विशाल महासगरों से भरा होने के कारण टाइटन को बियाबान निर्जीव बना दिया है।

टाइटन शनि का महासागरीय चंद्रमा है। जिसके भीतर पृथ्वी से भी अधिक जल भरा हुआ है। जिसे लेकर इस उपग्रह पर जीवन की संभावना थी। इस पर अध्ययन इसलिए भी तेज हुए, क्योंकि यह पृथ्वी का नजदीकी ग्रह है। जिस पर पहुचना आसान था। वर्तमान में वैज्ञानिक हमारे सौर परिवार से बाहर दूर दराज के तारों के चक्कर काट रहे ग्रहों में जीवन की तलाश कर रहे हैं। मगर टाइटन में नजदीक होने के कारण यह हमारी आकांक्षा की पूर्ति कर सकता था। इसलिए नासा कई दशकों से इसकी जांच पड़ताल में जुटा हुआ था। जिसे लेकर अंतरीक्ष यान कैसिनी को विशेषतौर पर इस उपग्रह पर भेजा गया था। टाइटन ने इस उपग्रह पर हैरान करने वाली अनेक जानकारियां जुटाई थी। वैज्ञानिकों के अनुसार टाइटन के महासागर का आयतन पृथ्वी के सभी महासागरों से 12 गुना अधिक है। मगर इतना अधिक जल जीवन के लिए बंजर हो सकता है। नए अनुसंधान के अनुसार टाइटन के भूमिगत महासागर और बाहरी सौर मंडल में अन्य बर्फीले चंद्रमाओं के अंदर के समान महासागरों में जीवन के लिए आवश्यक कार्बनिक रसायन की कमी हो सकती है। टाइटन शनि का सबसे बड़ा चंद्रमा है , जो सौर मंडल में दूसरा सबसे बड़ा चंद्रमा है। यह पेट्रोकेमिकल के धुएं में घिरा होने और इसकी सतह पर कार्बनिक अणुओं के साथ कार्बन है । मगर यह अत्यधिक ठंडा है। इसकी सतह का तापमान -179 डिग्री सेल्सियस है। इतनी ठंडी स्थितियों में, जीवन के लिए रासायनिक प्रतिक्रियाएँ बहुत धीमी गति से आगे बढ़ती हैं।



शनि ग्रह के साथ उपग्रह टाइटन।

### कैथरीन नीश के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय टीम ने किया शोध


कनाडा के ओंटारियो स्थित वेस्टर्न यूनिवर्सिटी की कैथरीन नीश कहती हैं कि जहां तरल पानी है, वहां जीवन हो सकता है। जिस कारण इस उपग्रह पर लंबे समय से अध्ययन किये जा रहे हैं और भविष्य में भी जारी रहेंगे। नीश के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय टीम द्वारा शोध किया गया था।

## विपक्षी नेता नवलनी की मौत के जिम्मेदार पुतिन: बाइडन

**वाशिंगटन, एजेंसी**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मुखर आलोचक कहे जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई। नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे, इसी दौरान उनकी मौत हो गई। लेकिन नवलनी की मौत को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने राष्ट्रपति पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने कहा कि नवलनी के साथ जो हुआ वह पुतिन की क्रूरता का सबूत है और अब किसी को मूर्ख ना बनाया जाए। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि अगर उनकी मौत की खबरें सच हैं और मेरे पास यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि वे सच नहीं हैं, क्योंकि हम पुतिन की क्रूरता को जानते हैं और यूक्रेन इसका उदाहरण है।



### कौन थे एलेक्सी नवलनी

नवलनी को पुतिन का घोर विरोधी माना जाता है और उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास किए थे। 1976 में जन्मे नवलनी ने कानून की पढ़ाई की और एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान स्थापित की, लेकिन साल 2008 में उन्होंने एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था। इसी एक ब्लॉग की बदौलत उनकी लोकप्रियता में दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से इजाफा हुआ। साथ ही सरकार में शामिल कई नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों को इस्तीफा भी देना पड़ा था।